

अमेरिका ने दी चीन को छूट और... 12

# राष्ट्रीय शिखर

खबरों की स्वतंत्रता



शूटिंग के लिए हैदराबाद पहुंची... 11

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, नई दिल्ली, देहरादून और लखनऊ से एक साथ प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

वर्ष - 01, अंक - 126 | गाजियाबाद / शुक्रवार 08 अगस्त 2025 | PRGI No. - UPHIN/25/A0086 | पृष्ठ-12, मूल्य - 04 रूपए




## सीआरपीएफ की गाड़ी फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिरी, 3 मरे

### 5 गंभीर, 21 जवान सवार थे, जम्मू के ऊधमपुर में हादसा

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह 10.30 बजे सीआरपीएफ जवानों की बंकर गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। प्रशासन के मुताबिक, 5 जवानों की हालत गंभीर है। सीआरपीएफ के अफसरों के अनुसार,गाड़ी जवानों के एक दल को ले जा रहा था, जो सड़क से फिसलकर खड़ी ढलान से नीचे खाई में जा गिरा। 3 शव घटनास्थल से बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कई घायल जवानों को गंभीर हालत में रेस्क्यू कर पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधमपुर से सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर बताया,उधमपुर-कंदवा-बसंतगढ़ क्षेत्र में सीआरपीएफ के एक वाहन के दुर्घटना का शिकार होने से दुखी हूं। वाहन में सीआरपीएफ के कई बहादुर जवान सवार थे। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया है कि उन्होंने अभी-अभी डीसी सलोनी राय से बात की है, वह हालात पर नजर रख रही हैं। उन्होंने बताया है कि बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के दफ्तर ने ट्वीट किया,सीआरपीएफ जवानों की मौत से दुखी हूं।

## अगस्त माह में ही भारत आएंगे राष्ट्रपति पुतिन

● रूसी रक्षा मंत्री से मुलाकात के बाद एनएसए डोभाल ने की पुष्टि ● यूक्रेन वॉर के बाद पहला भारत दौरा, अहम मानी जा रही है यात्रा

मॉस्को/नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगस्त के आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आ सकते हैं। रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक, यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने दी है। डोभाल ने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात में कहा-अब हमारे बहुत अच्छे रिश्ते बन गए हैं, जिनकी हम कदर करते हैं। हमारे देशों के बीच एक मजबूत साझेदारी है और हम हाई लेवल पर बातचीत करते हैं। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल बुधवार को रूस पहुंचे हैं। उनकी राष्ट्रपति पुतिन के साथ मुलाकात हो सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद डोभाल की यह पहली मॉस्को यात्रा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों की वजह से ये यात्रा काफी अहम मानी जा रही है। आखिरी बार 2021 में भारत आए थे पुतिन राष्ट्रपति पुतिन ने 06 दिसंबर 2021 में भारत की यात्रा की थी। तब वे सिर्फ 4 घंटे के लिए भारत आए थे। इस दौरान भारत और रूस के बीच 28 समझौते पर दस्तखत हुए थे। इसमें मिलिट्री और तकनीकी समझौते शामिल थे। दोनों देशों ने 2025 तक 30 अरब डॉलर का टारगेट रखा था।



## जस्टिस वर्मा के खिलाफ नहीं रुकेगा महाभियोग

### सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका को खारिज कर दिया। इस याचिका में जस्टिस वर्मा ने कैश कांड को लेकर उनके खिलाफ की गई कार्रवाई को चुनौती दी थी। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस वर्मा ने उनके घर जले नकदी नोट



मामले में इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की थी। रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया है। अगर जस्टिस वर्मा अपने पद से इस्तीफा दे देते हैं तो वह महाभियोग का सामना करने से बच जाएंगे। साथ ही उन्हें रिटायर्ड जज के तौर पर पेंशन भी मिलेगी। जस्टिस वर्मा को पद से हटाया जा सकता है।

## किसानों और पशुपालकों के हितों से नहीं होगा समझौता

### एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

**कहा-इसकी कीमत चुकानी होगी, अमेरिका इन सेक्टर में एंट्री चाहता है**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा कि हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। पीएम मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा- मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। पीएम मोदी का यह बयान अमेरिका के भारत पर 50 फीसदी टैरिफ के ऐलान के एक दिन बाद आया। दरअसल अमेरिका भारत के एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर में अपनी शर्तों के साथ एंट्री चाहता है। कई दौरों की मीटिंग के बाद भारत इस पर तैयार नहीं है।



### पीएम ने कहा-हमने किसानों को आत्मबल दिया

स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को जीवन का ध्येय बनाया :कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनका योगदान किसी एक युग या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं होता। प्रो एमएस स्वामीनाथन ऐसे ही एक महान वैज्ञानिक थे। उन्होंने विज्ञान को जनसेवा का माध्यम बनाया। स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को अपने जीवन का ध्येय बनाया। उन्होंने एक ऐसी चेतना जागृत की जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक भारत की नीतियों और प्राथमिकताओं का मार्गदर्शन करती रहेगी। स्वामीनाथन ने मार्गदर्शन किया: स्वामीनाथन के साथ मेरा जुड़ाव कई सालों पुराना है। बहुत से लोग गुजरात की पुरानी परिस्थितियों से परिचित हैं। पहले सूखे और चक्रवातों के कारण कृषि को काफी संकट का सामना करना पड़ता था और कच्छ में रेगिस्तान का विस्तार हो रहा था। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब हमने मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर काम शुरू किया था।

## पटना में टीचर कैंडीडेट्स पर दो बार लाठीचार्ज

### सिर-नाक फूटे, भड़के अभ्यर्थियों ने मचाया बवाल

**पटना (एजेंसी)।** पटना में एसटीईटी की मांग को लेकर कैंडीडेट्स ने पटना की सड़कों पर 5 घंटे तक प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने 2 बार लाठीचार्ज किया। अभ्यर्थी सीएम हाउस का घेराव करने निकले थे। कैंडीडेट्स डाकबंगला चौराहा होते हुए सीएम हाउस जाना चाह रहे थे। पुलिस ने सभी को जेपी गोलंबर पर



बैरिकेडिंग कर रोका। करीब 1 घंटे यहां प्रदर्शन के बाद कैंडीडेट्स बैरिकेडिंग तोड़कर आगे निकले लगे। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें कुछ को चोटें भी आई हैं। यहां लाठीचार्ज के बाद भी कैंडीडेट्स डाकबंगला चौराहे पर जुट गए। पुलिस ने यहां भी बैरिकेडिंग लगाकर सभी को रोका। वाटर कैनन की गाड़ी बुलाई गई।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 60 पीड़ित परिवार जाएंगे यूएस कोर्ट

● टॉप एविएशन वकील को किया हायर, कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर मांगा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले मृतकों के 60 परिवारों ने बोइंग कंपनी के खिलाफ कोर्ट में जाने का फैसला किया है। इन परिवारों ने दुर्घटनाग्रस्त विमान की निर्माता कंपनी बोइंग के खिलाफ एक अमेरिकी कोर्ट में मुकदमा दायर करने की तैयारी कर ली है। इसके लिए उन्होंने अमेरिकी विशेषज्ञ वकील माइक एंड्र्यूज को भी हायर कर लिया है। इन परिवारों ने दुर्घटना की जांच पर सवाल उठाए हैं। परिवार की मांग है कि उन्हें कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का कच्चा डेटा दिया जाए, ताकि वे स्वतंत्र जांच करवा सकें। अमेरिकी वकील माइक एंड्र्यूज, गंभीर चोट और अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों के विशेषज्ञ हैं। इससे पहले वे फोर्ड और वोक्सवैगन समेत कई विमान, ट्रक और कार बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ भी कई केस लड़ चुके हैं। हादसे में 270 लोगों की जान गई 12 जून को दोपहर 1.38 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट से लंदन के लिए उड़ान भरने वाला एयर इंडिया का विमान 171 (बोइंग 787 ड्रीमलाइनर) मेघाणीनगर में आईजीपी कंपाउंड में क्रैश हो गया था।



## महाराष्ट्र निकाय चुनाव में नहीं होगा वीवीपीएटी का इस्तेमाल

**चुनाव आयोग ने बताई वजह**

**मुंबई (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी के बाद महाराष्ट्र में दिवाली के बाद स्थानीय निकाय चुनाव होंगे। राज्य के चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने कहा है कि महाराष्ट्र में एक साथ वोटिंग नहीं होगी। चुनावी प्रक्रिया आगामी अक्टूबर महीने से शुरू की जाएगी। वाघमारे के अनुसार निकाय चुनाव ईवीएम पर कराए जाएंगे, लेकिन मतदान के दौरान वीवीपैट मशीनों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। राज्य चुनाव आयुक्त ने कहा है कि प्रत्येक वार्ड में अधिक उम्मीदवार होने की वजह से मतदाताओं को एक बार में चार वोट डालने होंगे, इसलिए प्रक्रिया में समय लगेगा।

ऐसे में मतदान केंद्र पर भीड़ होने की संभावना है। इसी वजह से निकाय चुनावों में वीवीपैट मशीनों का इस्तेमाल पहले से ही नहीं किया जाता है। आयोग के बयान के बाद निकाय चुनाव तीन चरणों में होने की उम्मीद है। राज्य चुनाव आयोग चरणबद्ध तरीके से चुनाव कराएगा।

## मुख्यमंत्री धामी आपदा राहत के लिए देंगे एक माह का वेतन

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को अपना एक महीने का वेतन आपदा राहत कार्यों के लिए देने की घोषणा की है। हाल ही में उत्तरकाशी जनपद के धराली में आई प्राकृतिक आपदा से हुए व्यापक नुकसान के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने वेतन देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित लोगों के साथ हर कदम पर खड़ी है और इस कठिन परिस्थिति में सभी को एकजुट होकर पीड़ितों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं आम नागरिकों से भी अपील की कि वे अपनी क्षमता के अनुसार राहत कार्यों में सहयोग करें।

## पंजाब में पांच साल बाद भाजपा गांवों में करेगी एंट्री

### लैंड पूलिंग पॉलिसी के विरोध में निकालेगी यात्रा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में तीन कृषि कानूनों की वजह से 2020 में बीजेपी से राज्य के किसानों में नाराजगी पैदा हुई थी। इस वजह से उसका शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन भी टूट गया था। भले ही इसके बाद हुए चुनावों में बीजेपी का वोट प्रतिशत बढ़ा, लेकिन सीटों में फायदा नहीं हुआ लेकिन पांच साल बाद अब



बीजेपी, पंजाब सरकार की लैंड पूलिंग पॉलिसी के विरोध में उठ रही आवाज के सहारे गांवों में अपनी एंट्री करने जा रही है। बीजेपी ने किसानों को साधने के लिए जमीन बचाओ, किसान बचाओ यात्रा शुरू करने का फैसला लिया है। यह यात्रा 17 अगस्त को शुरू होगी।

## महाराष्ट्र में 'खेला', 40 लाख वोटर हैं रहस्यमय !

● राहुल ने कहा-महाराष्ट्र-हरियाणा में हुई है फर्जी वोटिंग

● राहुल गांधी का बड़ा आरोप, ईसी और बीजेपी को घेरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के एसआईआर प्रोजेक्ट पर सवाल उठाते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने वोटर लिस्ट को लेकर इलेक्शन कमीशन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वोटिंग पर लोगों को शंका हो रही। अब चुनाव प्रक्रिया लंबे समय तक चल रही है। यूपी में अलग दिन और बिहार अलग दिन मतदान होता है। महीनों चलने वाली चुनाव प्रक्रिया के बाद एग्जिट पोल में कुछ और नतीजे नजर आते हैं और रिजल्ट दूसरा आता है। महाराष्ट्र चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि वहां 40 लाख वोटर रहस्यमय हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सत्ता-विरोधी भावना एक ऐसी चीज है जो हर लोकतंत्र में हर पार्टी को प्रभावित करती है। लेकिन किसी कारण से, बीजेपी लोकतांत्रिक ढांचे में एकमात्र ऐसी पार्टी है जो मूल रूप से सत्ता-विरोधी भावना से ग्रस्त नहीं है। एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल एक बात




कहते हैं, आपने हरियाणा चुनाव में देखा, आपने मध्य प्रदेश चुनाव में देखा और फिर अचानक परिणाम बड़े पैमाने पर बदलाव के साथ पूरी तरह से अलग दिशा में चले जाते हैं। इसमें हमारा अपना आंतरिक सर्वेक्षण भी शामिल है, जो काफी परिष्कृत है। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र, हरियाणा विधानसभा चुनाव नतीजों का जिक्र करते हुए सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र-हरियाणा में क्या हुआ सबने देखा। महाराष्ट्र के नतीजों ने इस संदेह की पुष्टि कर दी कि विधानसभा चुनाव 'चुराया गया' था। महाराष्ट्र में 40 लाख वोटर रहस्यमय हैं। महाराष्ट्र-हरियाणा में फर्जी वोटिंग हुई। क्या लिस्ट में फर्जी वोटर जोड़े गए। 5 बजे के बाद अचानक वोटिंग टर्नआउट बढ़ गया। राहुल गांधी ने कहा कि हमारे संविधान की नींव 'एक व्यक्ति, एक वोट' के अधिकार पर टिकी है।


## नमन



# स्व0 श्री प्रेमचन्द लोहिया जी

जन्म: 4 जनवरी, 1939 स्वर्गवास: 8 अगस्त, 1988

आपूर्यमाणचलप्रतिष्ठं समुद्रमाप: प्रविशन्ति यद्वत्।
तद्वत्कामा यं प्रविशन्ति सर्वे स शांतिमाप्नोति न कामकामी ॥

–श्रीमद्भगवतगीताः 2/70

जिस प्रकार सब ओर से अचल प्रतिष्ठा वाले समुद्र के प्रति नाना नदियों के जल उसको चलायमान न करते हुए भी उसमें समा जाते हैं, उसी प्रकार स्थिर बुद्धि पुरुष के प्रति संपूर्ण कामनाएं बिना किसी प्रकार का विकार उत्पन्न किये उसमें समा जाती हैं और वह पुरुष परम शांति को प्राप्त होता है।

सादगी, संयम, कर्मठता और सामाजिक हित के प्रति प्रतिश्रुति के आपके आदर्श हमारी राह को आलोकित करते एवं हम सबको प्रेरित करते रहेंगे।

08-अगस्त "पुण्य तिथि" के अवसर पर आपके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लेते हुए आपको शत्-शत् नमन करते हैं।

- मेरिनो इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, (यूनिट-1 व 2) हापुड़
- मेरिनो इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, दहेज व हलोल, (गुजरात)
- मेरिनो इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, होसुर (तमिलनाडु)
- मेरिनो इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, रोहड़ (हरियाणा)
- केबीजीबी एग्रीटेक प्रा0 लि0 (यूनिट-1 व 2) हापुड़

आत्मीयजन, समस्त लोहिया परिवार एवं कर्मचारी वृंद

## स्कूल प्रवेश पर टीकाकरण क्यों है ज़रूरी : डॉ. विवेक चौधरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि टीकाकरण कार्यक्रम में एक अहम चरण अक्सर अनदेखा रह जाता है—4 से 6 वर्ष की उम्र में स्कूल प्रवेश के समय दिया जाने वाला डिप्थीरिया, टेटनस, पर्टुसिस और पोलियो का बूस्टर डोज़। शुरुआती टीकाकरण श्रृंखला से मिलने वाली रोग प्रतिरोधक क्षमता शुरुआती वर्षों में तो प्रभावी होती है, लेकिन समय के साथ यह घटने लगती है। अध्ययन बताते हैं कि जब बच्चा स्कूल जाना शुरू करता है, तब तक उसके शरीर में इन बीमारियों के खिलाफ एंटीबॉडी का स्तर काफी कम हो चुका होता है। ऐसे में समूहों जैसे कि कक्षा में संक्रमण की आशंका अधिक बढ़ जाती है। डॉ. विवेक चौधरी, कंसल्टेंट नियोनेटोलॉजिस्ट और पीडियाट्रिशन, अपोलो क्रैडल, मोती नगर, नई दिल्ली बताते हैं, जब बच्चे स्कूल जाना शुरू करते हैं तो वे अचानक कई लोगों और संभावित संक्रमणों के संपर्क में आते हैं। इस उम्र में शिशु काल के टीकों से मिली सुरक्षा घटने लगती है। 4-6 वर्ष का बूस्टर यह सुनिश्चित करता है कि उनके प्रतिरक्षा तंत्र में अगली अवस्था के लिए पर्याप्त ताक़त हो। यह एक सरल लेकिन दीर्घकालिक सुरक्षा देने वाला कदम है।

## डॉ. विजय जौली बने ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सलाहकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. विजय जौली को ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का सम्मानित सलाहकार नियुक्त किया गया है। ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) देशों के इस प्रतिष्ठित व्यापारिक संगठन की ओर से उन्हें यह नियुक्ति पत्र चेयरमैन हरवंश चावला, महानिदेशक डॉ. बीबीएल मधुकर, उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह और समीप शास्त्री के संयुक्त हस्ताक्षरों के साथ सौंपा गया। इस नियुक्ति को लेकर संगठन ने डॉ. जौली की राजनीतिक, सामाजिक और वैश्विक मामलों में सक्रिय भूमिका को सराहा है। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का उद्देश्य ब्रिक्स देशों के साथ-साथ हाल ही में जुड़े नए सदस्य देशों—ईरान, मिस्र, इथोपिया, यूएई, सऊदी अरब और इंडोनेशिया—के बीच व्यापार, उद्योग और नेटवर्किंग को बढ़ावा देना है। संस्था का फोकस अंतरराष्ट्रीय सहयोग, आर्थिक साझेदारी और औद्योगिक विकास को गति देना है। डॉ. विजय जौली की इस नियुक्ति से भारत की वैश्विक व्यापारिक कूटनीति में प्रभावी भूमिका की उम्मीद जताई जा रही है। उनके मार्गदर्शन में ब्रिक्स देशों के साथ भारत के औद्योगिक संबंधों को नई दिशा मिल सकती है।

## दिल्ली की कलियुगी बेटी ने तवे से मारकर पिता की ली जान, मानसिक स्थिति पर उठे सवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली के शाहदरा स्थित मानसरोवर पार्क इलाके से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां अनु नाम की एक युवती ने मामूली कहासुनी के बाद अपने पिता 55 वर्षीय टेक चंद गोयल पर तवे से ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल टेक चंद को बेटे शिवम ने जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह वारदात बुधवार दोपहर लगभग 4 बजे हुई। पुलिस के अनुसार घटना के समय घर में अनु के अलावा उसकी मां बाला देवी और भाई शिवम की पत्नी प्रिया भी मौजूद थीं। पत्नी प्रिया ने पुलिस को बताया कि दवा खाने को लेकर कहासुनी के दौरान अनु ने तवे से हमला किया। अनु अविवाहित है और मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई जा रही है। वह पहले भी परिजनों से कई बार झगड़ा कर चुकी है। डीसीपी शाहदरा प्रशांत प्रिय गौतम ने बताया कि आरोपी युवती की मानसिक स्थिति की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए हत्या के इस मामले की जांच जारी है। हमला इतना अचानक और तीव्र था कि अनु ने हमले के दौरान एक मासूम बच्चे को भी निशाना बनाया, जिसके बाद मां बाला देवी उसे लेकर नीचे चली गई। पुलिस फिलहाल अनु को हिरासत में लेकर मेडिकल जांच और मानसिक मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी कर रही है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और पड़ोसी परिवार की हालत पर चिंता जता रहे हैं।

## हवा हुई प्रदूषित, एक्यूआई 114 दर्ज

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली, 07 अगस्त (वेब वार्ता)। राजधानी में फिर से हवा प्रदूषित हो गई है। बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 114 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी है। इसमें बुधवार की तुलना में 23 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि रविवार तक हवा इसी श्रेणी में ही बरकरार रहेगी। सीपीसीबी के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में ग्रेटर नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 165 दर्ज किया गया। गुरुग्राम में सबसे कम 96 एक्यूआई रहा जो संतोषजनक श्रेणी है। इसके अलावा गाजियाबाद में 130 और नोएडा में 128 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## छह दिनों तक हल्की बारिश के आसार

नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसमी उतार-चढ़ाव के बीच दिल्ली में अगले छह दिनों तेज बारिश के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग का कहना है कि हल्की फुहारों से तापमान सामान्य के आसपास या उससे नीचे ही बना रहेगा। हालांकि, उमस लोगों को परेशान करेगी। बृहस्पतिवार को सूरज और बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल जारी रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक 35.8 डिग्री व न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस कम 26.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि 24 घंटे में हवा में नमी का स्तर 85 से 56 फीसदी रहा। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को बादल छाए रहेंगे और शाम के समय गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

# दिल्ली: स्कूली बच्चों के बीच सीएम रेखा गुप्ता ने मनाया राखी का त्योहार



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को सरकारी स्कूलों के बच्चों ने गुरुवार को राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों से प्यार से राखी बंधवाई और इस मौके की तस्वीरें भी उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर साझा कीं। तस्वीरों में मुख्यमंत्री बच्चों को दुलारती और राखी बंधवाती हुई नजर आ रही हैं।

मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा, ÷आज सुबह मुख्यमंत्री जनसेवा सदन कुछ अलग ही रंग में था। सरकारी स्कूलों से नन्हें बच्चे जब रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखियां लेकर आए तो यह रस्म हमारे रिश्ते की नई परिभाषा थी। उनके छोटे-छोटे हाथों से बांधे गए धागे एक ऐसे कल का वादा थे, जहां हर बच्चा बिना डर, बिना भेद, अपने सपनों की उड़ान भर सके।÷

उन्होंने कहा कि बच्चों की खिलखिलाती हंसी, मासूम आंखों की चमकज्यही तो है हमारे हर निर्णय का मूल, हमारी हर नीति का आधार। आप सभी बच्चों को ढेर सारा प्यार और उस भरोसे को मेरा प्रणाम जिसे आपने आज मेरी कलाई पर बांध दिया।

इससे पहले, दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभिन्न स्कूल और कॉलेजों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को राखी बांधी। सचदेवा ने राखी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक पवित्र त्योहार है, जो भाई-बहन के रिश्ते की गरिमा को बरकरार रखता है। राखी का त्योहार पूरे समाज को एकता के सूत्र में बांधने का काम करता है।

वहीं, भाजपा ने ऐलान किया था कि उसकी पार्टी की महिला मोर्चा दिल्ली की झुग्गी बस्तियों में जाकर वहां रहने वाले लोगों से राखी का त्योहार मनाएगी। इस अभियान में पार्टी के कई शीर्ष नेता शामिल होंगे।

इस बारे में जानकारी देते हुए भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष ऋचा पांडे मिश्रा ने बताया था कि उनकी पार्टी का लक्ष्य है कि रक्षाबंधन के मौके पर हम दिल्ली की सभी झुग्गी बस्तियों में जाकर उनके बीच में राखी का त्योहार मनाएं। इसके लिए हमने पूरी कार्ययोजना तैयार कर ली है। इसी अनुरूप हमारी पार्टी आगामी दिनों में काम करेगी। पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि हर क्षेत्र में रक्षाबंधन के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाए।

# रामनगर आरडब्ल्यूए व दिल्ली नगर निगम के सानिध्य में चला स्वच्छता अभियान



**-श्री राम पार्क में चला सफाई का विशेष अभियान, नगर निगम और आरडब्ल्यूए की संयुक्त पहल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहताश नगर विधानसभा स्थित राम नगर वार्ड के श्री राम पार्क में स्वच्छता को लेकर एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसका आयोजन दिल्ली नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा राम नगर वेल्फेयर एवं सांस्कृतिक समिति (आरडब्ल्यूए) के सानिध्य में किया गया।

इस सफाई अभियान में आरडब्ल्यूए के संस्थापक अध्यक्ष दीपक शर्मा, महासचिव देवेंद्र पाल शर्मा, उपाध्यक्ष अमित पचौरी, प्रवक्ता अजेश भार्गव, सचिव संजीव मल्होत्रा, परमानंद माहेश्वरी और आरडब्ल्यूए आरपीएस के अध्यक्ष रविंद्र नारंग सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

नगर निगम के उद्यान विभाग की टीम ने अभियान में अहम भूमिका निभाई। जयवीर सिंह के नेतृत्व में अमित, अरुण, महेश, राहुल, धागमल, अनुज, दीपक और मुकेश ने पूरी मेहनत और लगन से श्री राम पार्क को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में योगदान दिया।

इस अवसर पर आरडब्ल्यूए संस्थापक अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि उद्यान विभाग के कर्मचारी नियमित रूप से पार्क की देखभाल करते हैं और आज के अभियान में भी उनकी भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे अभियानों से न केवल स्वच्छता बढ़ती है, बल्कि लोगों में जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है। अभियान के अंत में पार्क की साफ-सफाई के साथ पौधों की छंटाई, कचरे का निस्तारण और सौंदर्यीकरण के कार्य भी संपन्न हुए, जिससे स्थानीय नागरिकों ने संतोष व्यक्त किया और ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

## आज़ादी पर्व पर तिरंगा साइकिल यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया अजित गामड़ी ने

### -भजनपुरा ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में दिखा जोश, कार्यकर्ताओं से एकजुटता की अपील



नई दिल्ली (एजेंसी)। आज़ादी के पर्व को उत्सवपूर्ण और जनभागीदारी के साथ मनाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, प्रदेश कांग्रेस के डेलीगेट व भजनपुरा वार्ड से निगम चुनाव लड़ चुके अजित सिंह गामड़ी ने 15 अगस्त को निकाली जाने वाली तिरंगा साइकिल यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया है। अजित गामड़ी ने यह बात भजनपुरा ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में कही, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहजाद ने की। उन्होंने बताया कि यह साइकिल यात्रा दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देशानुसार और बाबरपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार जैन के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है। बैठक में घोंडा विधानसभा प्रभारी व प्रदेश कांग्रेस डेलीगेट अश्विनी भारद्वाज भी मौजूद रहे। उन्होंने भी सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करें। बैठक में मंडलम अध्यक्ष अनिल शर्मा, शुभम बेदी, श्यामबाबू शर्मा, नवीन जोशी, महेंद्र सिंह ठाकुर, सतीश कुमार बेदी, नीरज त्रिपाठी, ब्रिजमोहन, इस्लाम भाई, मनोज चौधरी, राज कुमार, रहमत, सोनम शर्मा, नवीन चंद्रा सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष शहजाद ने कहा कि जबसे राजकुमार जैन ने बाबरपुर जिले की जिम्मेदारी संभाली है, तबसे कांग्रेस क्षेत्र में मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में कांग्रेस की ज़मीनी पकड़ बढ़ रही है और भजनपुरा ब्लॉक पूरी भागीदारी के साथ तिरंगा साइकिल यात्रा में भाग लेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि उनका ब्लॉक जिले में पहले स्थान पर रहेगा और प्रदेश कांग्रेस की ओर से दी जाने वाली शील्ड भी भजनपुरा ब्लॉक ही प्राप्त करेगा।

# दिल्ली नगर निगम की समितियों का चुनाव स्थगित: आप कार्यकर्ताओं ने बैलेट बॉक्स तोड़ने की कोशिश की, सुरक्षाकर्मियों से झड़प

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली नगर निगम की नौ समितियों के चुनाव गुरुवार को उस समय स्थगित करने पड़े जब आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने एससी-एसटी समिति के चुनाव के दौरान बैलेट बॉक्स तोड़ने का प्रयास किया। हंगामे के बीच सुरक्षाकर्मियों ने जब स्थिति संभालने की कोशिश की तो आप कार्यकर्ताओं ने उनके साथ हाथापाई की। स्थिति बिगड़ती देख चुनाव को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया।

दिसंबर 2022 में दिल्ली नगर निगम के चुनावों के बाद अब तक सभी समितियों का गठन नहीं हो सका है। पहले चरण में कुल 12 में से 11 समितियों का गठन हो पाया था, जबकि %खेल और खुद% समिति का चुनाव तकनीकी कारणों से टाल दिया गया था। दूसरे चरण में गुरुवार को 9 प्रमुख समितियों के लिए मतदान की योजना थी, जिनमें लाभकारी समिति, मलेरिया समिति, महिला कल्याण समिति, लाइसेंसिंग समिति, समुदाय सेवा समिति, शिकायत निवारण समिति, अनुसूचित जाति समिति, शिक्षा समिति और ग्रामीण समिति शामिल थीं।

दिल्ली नगर निगम की समितियां प्रशासनिक कार्यों, विकास योजनाओं और शहर के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। लेकिन डेढ़ वर्ष से अधिक समय बीतने के बावजूद समितियों का गठन अधूरा रहना चिंता का विषय बना हुआ है।

गौरतलब है कि पहले चरण में भाजपा ने अधिकतर समितियों पर अपनी पकड़ बनाई थी, जबकि आम आदमी पार्टी को सीमित सफलता मिली। वहीं नई राजनीतिक ताकत के रूप में उभरी इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी ने एक सीट जीतकर राजनीतिक विश्लेषकों को चौंका दिया।

नगर निगम के चुनावों में पारदर्शिता और सुचारू कार्यवाही की उम्मीद जनता को रहती है, लेकिन सदन में हंगामे और हिंसात्मक गतिविधियों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं। अब देखना होगा कि स्थगित चुनाव कब और किस रूप में कराए जाएंगे और क्या दोषी व्यक्तियों पर कोई कार्रवाई होगी।

# जनता से जुड़े मुद्दों पर विधानसभा में चर्चा होनी चाहिए : कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली, 07 अगस्त (वेब वार्ता)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली विधानसभा के 5 दिवसीय सत्र को पूरी तरह विफल बताते हुए कहा कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी ने जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करने के बजाय सदन का कीमती समय बेबुनियाद विषयों और अनर्गल बहस में बर्बाद कर दिया। उन्होंने दोनों दलों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता के टैक्स का पैसा इन निष्क्रिय चर्चाओं में जाया किया जा रहा है।

श्री यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता आज जेजे क्लस्टर की समस्या, जलभराव, बढ़ते नशे के कारोबार, अपराधों में इजाफा और महिलाओं से किए गए ?2500 मासिक वादे जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार से जवाब चाहती है, लेकिन आप सरकार और भाजपा दोनों ही चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब ये वादे सत्ता में आने के लिए किए गए थे, तो अब विधानसभा में इन पर चर्चा क्यों नहीं हो रही?

कांग्रेस अध्यक्ष ने बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर सरकार की चुप्पी को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार न तो बेरोजगारों के लिए कोई ठोस योजना ला पाई है और न ही रसोई के बढ़ते खर्च को लेकर महिलाओं को राहत दे पाई है। उन्होंने कहा कि टमाटर ?100 प्रति किलो बिक रहा है, लेकिन सरकार को इसकी चिंता तक नहीं। वहीं, झुग्गी बस्तियों में रक्षा बंधन मनाने की भाजपा नेताओं की योजना को उन्होंने गरीबों की भावनाओं के साथ ÷कोरा खिलवाड़÷ बताया।

श्री यादव ने विधानसभा में प्रस्तुत की गई सीएजी रिपोर्टों को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि शराब घोटाला, निर्माण श्रमिक घोटाला और सरकारी खर्चों में गड़बड़ियों को लेकर जिन रिपोर्टों में स्पष्ट दोषी चिन्हित किए गए हैं, उन पर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और आप पार्टी की आपसी साठगांठ के चलते इन मामलों पर जानबूझकर पर्दा डाला जा रहा है।

भाजपा के पुराने वादों पर हमला करते हुए उन्होंने याद दिलाया कि पार्टी ने सत्ता में आने से पहले आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, अनुबंधित शिक्षकों और सफाई कर्मचारियों को स्थायी करने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद उसे पूरा करने से पीछे हट गई। उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा में सिर्फ विपक्ष की आलोचना करना सरकार का काम नहीं, बल्कि पिछली सरकार के अच्छे-बुरे फैसलों पर कार्यवाही करना और जनता को राहत देना उनकी जिम्मेदारी है।

अंत में देवेन्द्र यादव ने भाजपा सरकार को सलाह देते हुए कहा कि वह सदन का कीमती समय अनावश्यक बहसों में बर्बाद करने के बजाय जनता के मुद्दों पर सार्थक बहस करे, भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कराए और सकारात्मक निर्णयों के साथ दिल्ली की जनता को जवाब दे।

## अवैध शराब कारोबार से जुड़ी महिला की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली (एजेंसी)। तीस हजारी अदालत ने अवैध शराब कारोबार से जुड़े मामले में आरोपी महिला लवली की दूसरी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने सभी तथ्यों व दलीलों को सुनने के बाद कहा कि आरोपी महिला जांच में सहयोग नहीं कर रही है। चूंकि उसने जानबूझकर जांच से दूरी बनाई है, इसलिए हिरासत में लेकर उससे पूछताछ आवश्यक है। बता दें कि महिला पर आरोप है कि वह गैरकानूनी रूप से शराब की बिक्री में शामिल रही है। ब्रिकी से कमाई गई धनराशि से उसने अवैध संपत्तियां अर्जित की। पुलिस ने दावा किया है कि महिला केवल शराब बेचने तक सीमित नहीं थी, बल्कि उसने इस अवैध व्यापार से काफी रुपये कमाकर संपत्ति खरीदी।

## दिल्ली में टेरर फंडिंग नेटवर्क का खुलासा, दो गिरफ्तार

श्रीनगर/नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू- कश्मीर पुलिस ने दिल्ली में टेरर फंडिंग नेटवर्क का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जम्मू- कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस शाखा ने बुधवार को ये जानकारी दी। नेटवर्क प्रतिबंधित आतंकी संगठन को लश्कर-ए- तैयबा को वित्तीय सहायता देने में जुटा था। काउंटर इंटेलिजेंस शाखा के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली के लाजपतनगर स्थित शालीमार टेक्सटाइल्स में छापेमारी के दौरान टेरर फंडिंग से जुड़े साक्ष्य मिले हैं। छापेमारी का उद्देश्य सीमा पार के लिए हो रही टेरर फंडिंग को पूरी तरह धवस्त करना था। उन्होंने बताया कि खाड़ी देशों में कार्यरत पाकिस्तानी नागरिक कश्मीर में आतंक को बढ़ावा देने के लिए कूरियर, तीर्थ यात्रा, व्यवसाय और प्रवास के माध्यम से पैसा पहुंचाने का काम कर रहे हैं। प्रवक्ता ने बताया कि बडगाम का रहने वाला आयुब भट्ट लाजपतनगर में शालीमार टेक्सटाइल के नाम से व्यवसाय कर रहा था। इसी के सहारे वो घाटी में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पैसा पहुंचाने के काम में जुटा था। भट्ट के साथ श्रीनगर का मो. रफीक शाह भी शामिल था। दोनों से इस मामले में पूछताछ चल रही है। डिजिटल साक्ष्य जुटाए गए पुलिस ने बताया कि छापेमारी के दौरान इनके ठिकानों से डिजिटल साक्ष्य, पाकिस्तानी हैंडलरों से बातचीत के संदिग्ध सुराग के साथ हवाला के जरिए पैसे के लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं। अधिकारियों ने कहा कि जो साक्ष्य और दस्तावेज मिले हैं उससे आने वाले समय में आतंकी फंडिंग को लेकर बड़ा खुलासा हो सकता है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के इस अभियान में दिल्ली पुलिस की टीम भी मौजूद थी। कश्मीर में खून खराबा चाहते थे जांच अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक स्तर की पूछताछ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही फंडिंग का खुलासा हुआ है। इसमें खाड़ी देशों में रहने वाले विदेशी नागरिकों के साथ आतंकियों के मददगारों का पता चला है।

# दिल्ली में बनेगा खेल और युवा मामलों का अलग विभाग: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में राजधानी के युवाओं के लिए कई ऐतिहासिक घोषणाएं कीं। दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन, विभिन्न सरकारी विद्यालयों और खेल प्रशिक्षण केंद्रों से आए छात्र-छात्राओं से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अब दिल्ली में खेल और युवा मामलों के लिए अलग विभाग बनाया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को उनकी ज़रूरतों के अनुसार समर्पित सुविधाएं मिल सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी के कई युवा खिलाड़ी कठिन मेहनत करते हैं, लेकिन संसाधनों और सहयोग की कमी के कारण उन्हें वह पहचान और प्रोत्साहन नहीं मिल पाता जिसके वे हकदार हैं। इसी सोच के तहत दिल्ली सरकार ने नई खेल नीति लागू की है, जिसके अंतर्गत ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता को सात करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता को पांच करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेता को तीन करोड़ रुपये की इनामी राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह इनामी राशि देश के किसी भी अन्य राज्य की तुलना में सबसे अधिक है और यह सरकार की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की गंभीरता को दर्शाती है।

इसके अलावा सरकार ने खिलाड़ियों को ग्रेड ए, बी और सी की सरकारी नौकरियों में नियुक्ति देने की योजना भी बनाई है। राजधानी में वर्षों से उपेक्षित पड़े स्टेडियमों का पुनर्निर्माण किया जाएगा और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से लैस किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोचिंग की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए दिल्ली के हर क्षेत्र में खेल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे, ताकि कोई भी बच्चा संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रह जाए।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि ये नीतियां केवल आर्थिक सहायता नहीं हैं, बल्कि दिल्ली के युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने की बुनियाद हैं। उन्होंने उपस्थित बच्चों से कहा कि उनका असली आभार तभी माना जाएगा जब वे मेहनत करके अपने देश और राज्य का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने छात्रों से यह संकल्प लेने का आह्वान किया कि अब जब सरकार ने मंच तैयार कर दिया है, तो उन्हें यह साबित करना है कि वे इस मंच पर सफलता का परचम लहरा सकते हैं।

# दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को लेकर सम्पन्न की साझा बैठक, पूरे पंथ की एकजुटता से मनाया जाएगा आयोजन

**अमृतसर/नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने नौवें पातशाह धन धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को भव्यता से मनाने के लिए शिरोमणि पंथ अकाली बुढ़ा दल के मुखी सिंह साहिब जत्थेदार बाबा बलबीर सिंह की अगुवाई में सम्पूर्ण निहंग जत्थेबंदियों, पंथक संप्रदायों और गुरुद्वारा कमेटियों के साथ एक विशाल बैठक सम्पन्न की। इस बैठक में सभी सम्माननीय महापुरुषों ने गुरुद्वारा कमेटी को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत दिल्ली में हुई थी, जहाँ प्रतिदिन संगत नतमस्तक होती है और गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त करती है। उन्होंने बताया कि शहीदी शताब्दी के तहत कई कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं, जिनमें बीबियों के 350-साला जत्थे द्वारा गुरु की इलाही बाणी का कीर्तन, कॉलेजों और विभिन्न इलाकों में आयोजन शामिल हैं।

उन्होंने आगामी कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए बताया कि 23 अगस्त को दिल्ली में कवि दरबार आयोजित होगा, जबकि 20 सितंबर को दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के तत्वावधान में सर्व धर्म सम्मेलन होगा जिसमें विभिन्न धर्मगुरु शहादत की महत्ता पर प्रकाश डालेंगे। अक्टूबर माह में भी कई धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होंगे।

12 नवंबर को आनंदपुर साहिब से नगर कीर्तन की शुरुआत होगी, जो 13 नवंबर को दिल्ली पहुंचेगा और 14 से 18 नवंबर तक दिल्ली के विभिन्न इलाकों में निकाला जाएगा। 23 से 25 नवंबर तक लाल किले पर कीर्तन दरबार आयोजित होंगे, जिनमें देश-विदेश से लगभग 50,000 श्रद्धालु शामिल होंगे। कार्यक्रमों के दौरान श्रद्धालुओं के रहने-सहने का प्रबंध दिल्ली सरकार द्वारा किया जाएगा और सरकार ने विशेष सहयोग का आश्वासन दिया है। एक टेंट सिटी बनाए जाने के साथ लाइट एंड साउंड शो भी एक सप्ताह तक लगातार चलेगा, जिसे सरकार से इसे एक महीने तक चलाने की अपील की गई है। सभी कार्यक्रम 26 नवंबर को भाई लखी शाह वंजारा हॉल, गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में समाप्त होंगे। सरकार के सहयोग और पूरे पंथ की एकता के साथ यह शहीदी दिवस ऐतिहासिक रूप से मनाए जाने वाला है। हरमीत सिंह कालका और जगदीप सिंह काहलों ने यह भी बताया कि शिरोमणि अकाली दल सहित विभिन्न जत्थेदारों ने भी समर्थन का भरोसा दिया है, और शिरोमणि कमेटी के प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने भी इस आयोजन के सफल और टकराव-मुक्त होने के लिए सहयोग की गारंटी दी है।

इस बैठक में बाबा बलबीर सिंह, बाबा अवतार सिंह, बाबा कश्मीर सिंह, बाबा जोगा सिंह, बाबा छिंदा सिंह सहित अनेक प्रमुख महात्मा और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने हेतु अपने सुझाव दिए। इस प्रकार, गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को पूरे पंथ की एकजुटता से भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया गया है, जो इस ऐतिहासिक और पावन अवसर को स्मरणीय बनाएगा।



# आईटीएस गाजियाबाद में कैंपस कॉलिंग अभियान का राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहतकर ने किया शुभारंभ, महिला जागरूकता को मिला नया आयाम

**गाज़ियाबाद (शिखर समाचार)।** देश में महिलाओं की भागीदारी को मजबूती देने और युवा पीढ़ी में जागरूकता का संचार करने की दिशा में राष्ट्रीय महिला आयोग ने एक नई पहल की शुरूआत की है। इसी कड़ी में आयोग की अध्यक्षा विजया राहतकर ने गुरुवार को आईटीएस मोहन नगर गाजियाबाद में कैंपस कॉलिंग नामक राष्ट्रीय अभियान का उद्घाटन किया।




मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन राहतकर ने आयोग की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रमों और अभियानों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों, दायित्वों और कानूनी प्रावधानों की समुचित जानकारी होना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीक और कौशल के माध्यम से महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन सकती हैं, बल्कि सामाजिक व पारिवारिक निर्णयों में भी समान रूप से भागीदारी निभा सकती हैं।

आईटीएस वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने संबोधन में कहा कि देश तभी सशक्त होगा, जब उसकी आधी आबादी को बराबरी का स्थान मिलेगा। उन्होंने आईटीएस ग्रुप द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही पहलों की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की सोच बिना महिला सहभागिता के अधूरी है।



उन्होंने कहा कि केवल सरकारी प्रयास काफी नहीं होंगे, समाज के हर वर्ग को इस दिशा में आगे आना होगा। इस अवसर पर संस्थान के आईटी और स्नातक परिसर के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) सुनील कुमार पांडेय ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति तब तक अधूरी है जब तक महिलाओं को बराबरी का अवसर और मंच नहीं मिलता। उन्होंने आह्वान किया कि यह बदलाव केवल नीतियों से नहीं, बल्कि हमारे घर-परिवार से शुरू होना चाहिए। कार्यक्रम से पहले महिला आयोग की ओर से लैंगिक समानता एवं साइबर जागरूकता विषय पर एक विशेष कार्यशाला भी आयोजित की गई। इसमें डॉ. पलक मित्तल, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ सुश्री कामाक्षी शर्मा और महिला आयोग के मीडिया सलाहकार शिवम् गर्ग ने विचार साझा किए। कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए आईटीएस स्नातक परिसर की उपप्राचार्य डॉ. नैंसी शर्मा ने कहा कि आज के समय में लैंगिक भेद मिटाने और साइबर अपराधों से सुरक्षा के लिए युवाओं को सजग बनाना निहायत जरूरी है।

इस जागरूकता अभियान का साक्षी बनने के लिए लगभग एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएं, शिक्षाविद और कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भागीदारी की और महिला सशक्तिकरण के इस अभियान को अपनी भागीदारी से बल प्रदान किया।

## शालीमार गार्डन में बिल्डर की मनमानी पर चला जीडीए का हथौड़ा, अवैध अतिरिक्त तल का निर्माण जमींदोज

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने शालीमार गार्डन इलाके में निर्माण नियमों की खुलेआम अवहेलना करने वाले बिल्डरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। उपाध्यक्ष के निदेशों के तहत अवैध निमार्णों पर शिकंजा कसते हुए आज जोन-08 की प्रवर्तन टीम ने दो प्रमुख स्थलों पर बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया। पहली कार्रवाई शालीमार गार्डन मेन स्थित भूखण्ड संख्या 187 पर की गई, जहां स्वीकृत मानचित्र से हटकर खंभों (कालमों) और दीवारों का निर्माण किया जा रहा था।



नियमों को दरकिनार कर की गई इस संरचना को मौके पर ही ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा दूसरी बड़ी कार्रवाई शालीमार गार्डन एक्स-1, साहिबाबाद के भूखण्ड संख्या 436 पर की गई। यहां स्वीकृत नक्शे के विरुद्ध एक अतिरिक्त तल का निर्माण किया गया था, जिसे प्राधिकरण की टीम ने पूरी तरह जमींदोज कर दिया। दोनों ही मामलों में उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की प्रासंगिक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। मौके पर जोन-08 के प्रभारी अधिकारी, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर स्टाफ, प्राधिकरण के सुरक्षा कर्मी और स्थानीय थाना शालीमार गार्डन की पुलिस टीम मौजूद रही। प्राधिकरण के अधिकारियों ने साफ संकेत दिया है कि विकास नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जीडीए की यह कार्रवाई यह स्पष्ट करती है कि बिना स्वीकृति नक्शे के किसी भी प्रकार का निर्माण अब सुरक्षित नहीं रहेगा, चाहे वह आवासीय हो या व्यावसायिक।

## नियम तोड़ने वालों पर चला प्रशासन का डंडा, सड़क पर बेलगाम दौड़ रहे 11 वाहन किए गए सीज

**हापुड़ (शिखर समाचार)।** जिले में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर रहे वाहनों पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए संयुक्त अभियान चलाया और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। एआरटीओ प्रवर्तन व रोडवेज विभाग की टीम ने सड़कों पर मनमानी कर रहे कुल 11 वाहनों को जब्त करते हुए सीज कर दिया। इनमें पांच भारी ट्रक और छह ऑटो-टेंपो शामिल हैं। शासन के निर्देश पर चलाए गए इस



विशेष अभियान की अगुवाई एआरटीओ प्रवर्तन रमेश चौबे और पीटीओ आशुतोष उपाध्याय ने की। उन्होंने बताया कि बिना वैध कागजात, परमिट या तय मार्गों के उल्लंघन में दौड़ रहे वाहनों की गहन जांच की गई और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से उन्हें बंद कर सीज कर दिया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वाहन चालकों को मौके पर ही चेताया गया है कि वे भविष्य में सभी दस्तावेज पूरे रखें और तय नियमों का सख्ती से पालन करें। यदि इसके बावजूद भी लापरवाही जारी रही तो आने वाले समय में और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे अभियानों को आगे और सख्ती के साथ बढ़ाया जाएगा ताकि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाया जा सके और सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।

## दो भाई अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार



**हापुड/ गढ़मुक्तेश्वर (शिखर समाचार)** बहादुरगढ पुलिस ने दो भाईयो को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी पायी है। दोनो आरोपीयो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की गई है। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि बहादुरगढ पुलिस को गांव गंदूनंगला में हवाई फॉयरिंग की सूचना मिली थी जिस पर बहादुरगढ थाना प्रभारी मनोज कुमार जब पुलिस टीम को साथ लेकर गांव गंदूनंगला में पहुंचे तो उन्हें दो युवक एक मकान के सामने खडे मिले जिनकी तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध तमंचा व एक पोनिया बंदूक एवं कारतूस बरामद हुऐ। पुलिस ने दोनो आरोपीयो को गिरफ्तार कर लिया। पुछताछ में दोनो ने अपने नाम सत्यम व शिवम पुत्रगण गुरूमीत बताये हैं। पुलिस ने दोनो आरोपीयों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की है।

## सिंभावली पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार




**गढ़मुक्तेश्वर (शिखर समाचार)** सिंभावली पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया है। सीओ वरूण मिश्रा ने बताया के सिंभावली पुलिस ने वारंटी / वांछित आरोपीयों की धरपकड के लिय चलाये जा रहे अभियान में एक वारंटी दुष्यंत पुत्र पप्पू निवासी ग्राम फरीदपुर गौसाई थाना सिंभावली को गिफ्तार करके विधिक कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया है।

## गढ नगर में श्रीराम लीला कमेटी के अध्यक्ष बने रूपेश पंडित

**गढ़मुक्तेश्वर (शिखर समाचार)** गढ नगर में श्रीराम लीला कमैटी बनाने के लिए पंचायती मंदिर में बुलाई गई आम बैठक में रूपेश पंडित को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

गढ नगर में प्रत्येक वर्ष होने वाली श्रीराम लीला मंचन के संचालन के लिए सर्वसम्मति से श्रीराम लीला कमैटी का गठन के लिए पंचायती मंदिर में बृहस्पतिवार को सम्मानित लोगो को अमंत्रित करके सर्वसम्मति से कमैटी के गठन के लिए अध्यक्ष सहित कुछ पदाधिकारीयों के नामो की घोषणा की गई है। अध्यक्ष के नाम पर पूर्व में रहे अध्यक्ष रूपेश पंडित के नाम की घोषणा की गई। नितिन जैन को महामंत्री का पद सौंपा गया है। इस मौके पर विष्णु दत्त नागर, प्रद्युम्मन शर्मा, अमित गौतम, प्रशांत कुमार, कुलदीप शर्मा, मदनपाल सिंह, सरनजीत गुर्जर, पिंकी त्यागी, अमल गोयल, संजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

## औद्योगिक क्षेत्र की बदहाल बिजली व्यवस्था से त्रस्त उद्यमियों ने विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा

**हापुड़ (शिखर समाचार)।** धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में लंबे समय से जारी बिजली संबंधी अव्यवस्थाओं से परेशान उद्यमियों का सब्र टूट गया। गुरुवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) चैप्टर हापुड़ के प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर समस्याओं का लेखा-जोखा उनके समक्ष रखा और शीघ्र समाधान की मांग की। अधीक्षण अभियंता के कार्यालय आवास विकास कॉलोनी में हुई इस बैठक में मुख्य अभियंता भी मौजूद रहे। आईआईए सचिव लवलीन गुप्ता ने कहा कि पूर्व में भी अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन जिन समस्याओं पर कार्रवाई के आश्वासन दिए गए थे, वे आज भी जस की तस बनी हुई हैं। इसके उलट, अब नए तकनीकी बदलावों ने नई परेशानियां खड़ी कर दी हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा बिजली बिलिंग सिस्टम में किए गए अपडेट के चलते उद्योगों के बिल लगातार गलत बनकर आ रहे हैं।



कनेक्शन कटने की आशंका में उद्यमियों को ये गलत बिल भी भरने पड़ रहे हैं, जिससे आर्थिक हानि के साथ-साथ मानसिक तनाव भी झेलना पड़ रहा है। कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने विभाग के उदासीन रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि उद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता देने के बजाय उन्हें टाल-मटोल कर नजरअंदाज किया जा रहा है। छोटी-छोटी तकनीकी खामियां भी महीनों तक लंबित पड़ी रहती हैं।

युवा उद्यमी वैभव गुप्ता ने कहा कि विभाग से संवाद स्थापित करना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। शिकायत दर्ज कराने से लेकर जानकारी प्राप्त करने तक हर स्तर पर उद्यमियों को निराशा ही हाथ लगती है। प्रतिनिधिमंडल ने विभाग को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए। इस पर मुख्य अभियंता ने अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि सभी उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में लवलीन गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, वैभव गुप्ता, सुनील जैन और संजीव मेहरा समेत कई उद्यमी उपस्थित रहे, जिन्होंने एक सुर में कहा कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन तय है।

## ग्रेटर गाजियाबाद : योजना बनाने के लिए नगर आयुक्त ने निगम और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक



**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने गाजियाबाद को ग्रेटर गाजियाबाद बनाने के लिए प्रशासनिक तथा निगम अधिकारियों से बैठक की। बैठक में विशेष रूप से संपत्ति विभाग की टीम मौजूद रही। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह तथा अन्य संबंधित टीम उपस्थित रही। गाजियाबाद के विस्तार को लेकर नक्शे पर चर्चा करते हुए क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए चिन्हीकरण भी किया गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम का ग्रेटर गाजियाबाद नगर निगम के रूप में विस्तार होने जा रहा है, जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारी कार्यवाही कर रहे है। संपत्ति विभाग की टीम को बुलाकर अपर जिला अधिकारी प्रशासन के साथ मिलकर क्षेत्रफल बढ़ाने की कार्य योजना बनाई जा रही है, जिसके तहत लोनी, खोडा के क्षेत्र के साथ-साथ कई नगर पालिका व अन्य ग्रामीण क्षेत्र भी ग्रेटर गाजियाबाद नगर निगम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि अन्य विभागों से कार्य करने के लिए पत्राचार भी शुरू कर दिया गया है।

## गाजियाबाद में प्राधिकरण की सख्ती, सरना और बसंतपुर सैंतली की अवैध कालोनियों पर चला बुलडोजर





**गाजियाबाद (शिखर समाचार)** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने अवैध निमार्णों के खिलाफ अपनी कार्रवाई को और तेज करते हुए गुरुवार को मुरादनगर क्षेत्र की दो अवैध कालोनियों पर बड़ी कार्रवाई की। ग्राम सरना और बसंतपुर सैंतली में बिना स्वीकृति बनाई जा रही कालोनियों को जमींदोज कर दिया गया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के स्पष्ट आदेश और प्रवर्तन जोन-2 के प्रभारी की निगरानी में चली इस कार्रवाई में सैकड़ों वर्ग मीटर में फैली गैरकानूनी संरचनाएं ध्वस्त की गईं। ग्राम सरना में आजाद पुत्र कल्लू द्वारा लगभग 20 बीघा भूमि पर खसरा संख्या 1533, 1530, 1308, 1256झ1258, 1273झ1275 में बनाई जा रही अवैध कालोनी को ढहाया गया, जहां सड़क निर्माण और एक भवन पहले से खड़ा पाया गया था। वहीं रविंद्र सिरोही द्वारा ग्राम नवीपुर के खसरा संख्या 35 में बनाई जा रही 8500 वर्ग मीटर की अवैध कॉलोनी में चल रहे निर्माण पर भी कार्रवाई की गई। इसके अलावा, बसंतपुर सैंतली, नवीपुर बम्बा, दुहाई में खसरा संख्या 20 पर करीब 20,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनी सड़कों, बाउंड्री वॉल और साइट ऑफिस को ध्वस्त कर दिया गया।

कार्रवाई के दौरान निर्माणकताओं ने विरोध भी किया, लेकिन प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम और पुलिस बल की मजबूत उपस्थिति के आगे उन्हें पीछे हटना पड़ा। पूरे अभियान में सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-2 का स्टाफ और सुरक्षा बल पूरी तरह मुस्तैद रहे। प्रवर्तन जोन-2 के प्रभारी अधिकारी ने क्षेत्रवासियों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिना वैध अनुमति किसी भी प्रकार के निर्माण को सहन नहीं किया जाएगा। साथ ही बताया गया कि आगामी महीनों में भी इसी प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। प्राधिकरण ने साफ कर दिया है कि शहरी विकास की प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अवैध कालोनियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

## एआई तकनीक से भारतीय संस्कृति को बढ़ावा दे रहे युवा उद्यमी

**नोएडा (शिखर समाचार)**आज के आधुनिक दौर में हर कोई एआई ( आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का इस्तेमाल कर अपने जीवन को सरल और सुगम बना रहा है ।ऐसे ही एक युवा उद्यमी असीम गुप्ता है जो इस अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके भारतीय संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ा रहें हैं ।वर्ष 2004 में आईआईटी कानपुर से बीटेक कर चुके असीम गुप्ता कई अलग अलग मल्टीनेशनल कम्पनियों में काम कर चुके हैं और कई स्टार्टअप का हिस्सा भी रह चुके हैं। इसी वर्ष असीम गुप्ता द्वारा यूडीयो ए आई (Youdio AI) नाम से एक अनोखा स्टार्टअप शुरू किया हैं। जिसके जरिए वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेमाल करके भारतीय संस्कृति, इतिहास, कल्चर और कला को आसानी से लोगों के बीच सिनेमैटिक अंदाज में पहुंचा रहे हैं ।अपने यूट्यूब चैनल "सनातन अनटोल्ड" (Sanatan Untold) पर असीम गुप्ता द्वारा एआई तकनीक के जरिए म्यूजिक वीडियो,स्टोरी वीडियो डालते हैं, असीम गुप्ता का कहना हैं कि समय के साथ साथ हर कोई नयी नयी तकनीक के साथ आगे बढ़ रहा है ऐसे में वह भी इस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के जरिए युवाओं को देश की पुरानी विरासत, कल्चर,गीत,संगीत,आध्यतम आदि को जानकारी दें रहें हैं। आगामी रक्षाबंधन के पावन पर्व पर "सनातन अनटोल्ड" के जरिए बेहद ही खूबसूरत वीडियो बनाए गए हैं जिसमें भाई बहन के बीच के पावन रिश्ते को शानदार तरीके से दशार्या गया है ।गुरुवार को सेक्टर 29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में असीम गुप्ता और उनकी टीम द्वारा अपने स्टार्टअप के माध्यम से किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी गयी,साथ ही रक्षाबंधन के मौके पर बनाए गए वीडियो भी लाँच किए गए, इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता भी मौजूद रहे जिन्होंने सनातन को बढ़ावा दें रहे इस अनोखे स्टार्टअप की तारीफ की और कहा की इस तरह के युवा नयी नयी तकनीक के जरिए सनातन को बढ़ावा दें रहें हैं जो बहुत अच्छी मुहीम है और देश के सभ्यता और संस्कृति को ऐसे युवाओं की बहुत जरुरत है जो नयी तकनीक का गलत इस्तेमाल ना करके सबकी भलाई और संस्कृति और सभ्यता को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट में पार्किंग का विस्तार और हापुड़ चुंगी क्रासिंग पर चार लेन फ्लाईओवर बनाने की योजना बनाई

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ ने जाम की समस्या को गंभीरता लेते हुए आम जनता को जाम से निजात दिलाने के लिए गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की। डीएम ने कलेक्ट्रेट सहित उसके आस-पास का निरीक्षण करने के बाद जाम की समस्या से जनपदवासियों को निजात दिलाने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने कलेक्ट्रेट में पार्किंग का विस्तार और हापुड़ चुंगी क्रासिंग पर चार लेन फ्लाईओवर बनाने की योजना तैयार कर दी है। इसी कड़ी में डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कलेक्ट्रेट परिसर में जाम की समस्या से छुटकारे के लिए दो दिन पहले कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया और पार्किंग स्थल का विस्तार करने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने हापुड़ चुंगी पर नया पुल बनाने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए थे। कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए डीएम ने



बैठक करो उसमें यूपी ब्रिज कारपोरेशन से विस्तृत जानकारी ली, जिसमें उन्होंने बताया कि उक्त पुल पर लगभग 98 करोड़ रुपए की लागत आएगी, जो कि आठ सौ मीटर लम्बा व चार लेन का होगा। पुल के बन जाने से लाखों वाहन चालकों को जाम से निजात मिलेगी। पुल के निर्माण होने से हापुड़ चुंगी पर एनएच-9 का ट्रैफिक रेल उपरिगामी सेतु डायमंड से शास्त्रीनगर चौराहे से निकलते हुए हापुड़ चुंगी से गुजर कर वाया अल्ट सेंटर से एनएच-58 मेरठ एवं दिल्ली को जाता है तथा दिल्ली-साहिबाबाद का ट्रैफिक वाया मोहननगर व ठाकुरद्वारा मोड़ से हापुड़ चुंगी होते हुए हापुड़ जनपद को जाने वाले वाहनों को जाम से मुक्ति मिल सकेगी। डीएम ने इस संबंध में यूपी ब्रिज कारपोरेशन से डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिये।

## मानव तस्करी गैंग का ट्रोनिका सिटी पुलिस ने किया भंडाफोड़, 2 अभियुक्त और 2 अभियुक्ता गिरफ्तार

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** थाना ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने गुरुवार को मानव तस्करी गैंग का भंडाफोड़ करते हुए 2 अभियुक्त नावेद व अफसर और 2 अभियुक्ता स्वाति व संध्या को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पकड़ा गया गैंग बच्चों का अपहरण करने के बाद उनको लगभग ढाई लाख रुपए में बेचा करता था। गैंग के तार अस्पताल और चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े हुए है, जो बच्चों को बेचने में गैंग की मदद करते थे। खास बात यह है कि गैंग देश के विभिन्न राज्यों में संपर्क कर अपहरण किए गए बच्चों को बेचा करता था। सहायक पुलिस आयुक्त लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि बीती 4 अगस्त 2025 को थाना ट्रॉनिका सिटी पर राशिद ने अपने 1 वर्ष के बच्चे का अपहरण कर बेचने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर बच्चों को सःकुशल बरामद करने के लिए तीन टीमों का गठन किया गया। सर्विलांस



और सीसीटीवी के माध्यम से पुलिस लोनी इंटर कॉलेज पहुंची, जहां पुलिस को देखते ही अपहरणकर्ता बच्चों को छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बच्चों को सःकुशल उसके माता-पिता को सपुर्द कर अभियुक्तों की तलाश शुरू की। सीसीटीवी व अन्य माध्यम से इन चारों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त अफसर ने बताया कि उसकी मुलाकात नावेद अंसारी से हुई थी। नावेद अंसारी मुर्गे की दुकान संचालित करता था और सावन होने के कारण उसकी दुकान बंद हो गई थी। नावेद में बच्चे का अपहरण कर बेचने की योजना बनाई, जिसके लिए स्वाति और संध्या से संपर्क किया गया। संध्या का नेक्सस देश के विभिन्न राज्यों में था और उसने बच्चे को बेचने के लिए पहले ढाई लाख रुपए में डील दान करी थी। संध्या ने बाद में अर्जेंट डिलीवरी बताकर डील को डेढ़ लाख रुपए में दूसरी पार्टी से तय किया था।

# हिंसा के बाद पहली बार संभल पहुंचे योगी

## बोले: कांग्रेस ने सामूहिक हत्याएं कराई, सपा ने उनके पापों पर पर्दा डाला

**संवाददाता**

**संभल।** हिंसा के बाद सीएम योगी गुरुवार को पहली बार संभल पहुंचे। उन्होंने कहा- संभल एक सच्चाई है, जिन लोगों ने संभल के साथ पाप किया था, उन्हें सजा मिलेगी। जो लोग संभल को दंगा ग्रस्त बनाते थे, उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। हमारे ग्रंथ कहते हैं- कल्कि के रूप में यहां भगवान विष्णु का 10वां अवतार होगा। उन्होंने कहा- कांग्रेस सामूहिक हत्या करवाती थी और समाजवादी पार्टी और उनके पाप पर पर्दा डालने का काम करती थी। हत्यारों को बचाने का काम करती थी। यही तो हुआ था संभल में। आजादी के बाद में जो कत्लेआम हुआ, उसकी सच्चाई सामने आ जाती तो उनको वोट बैंक खिसकने का डर था। ये बांटने वाले लोग गरीबों पर डकैती डालने का काम करते थे। हम लोग वोट बैंक के लिए नहीं आये हैं। हम तो विरासत का संरक्षण करने के लिए आये हैं। सीएम ने यहां 546 करोड़ के प्रोजेक्ट्स लॉन्च किए। इनमें 108 प्रोजेक्ट का शिलान्यास और 113 का लोकार्पण किया। संभल पहुंचने पर योगी के हेलिकॉप्टर ने शाही जामा मस्जिद के ऊपर तीन राउंड लगाए। 24 नवंबर, 2024 को इसी मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इसमें गोली लगने से 4 लोगों की मौत हो गई थी। सीएम का हेलिकॉप्टर पुलिस लाइन में लैंड हुआ। योगी ने आंनदपुर में शिलान्यास पूजन किया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी शामिल हुए। हवन के दौरान पंडित ने योगी को संकल्प के लिए पूजन सामग्री दी। उस पर दक्षिणा रहने को कहा। सीएम ने दक्षिणा के लिए अपनी जेब देखी, लेकिन तब तक भूपेंद्र चौधरी ने एक नोट निकालकर उनको दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने संभल का नाम बदलने का मांग की। उन्होंने कहा- योगी जी संभल का नाम बदल दीजिए। कल्कि नगरी किया जाए यो जो आपको सही लगे वो रख दीजिए। संभल के तीर्थों को विदेशी अत्याचारियों ने अपवित्र किया। यहां 19 कूपों पर कब्जा हो



गया। कांग्रेस और सपा को डर था कि संभल की सच्चाई सामने आई तो उनका वोट बैंक खिसक सकता है। ंभल के तीर्थों का उद्धार हमारी सरकार करेगी। सीएम ने कहा - मैं बहन गुलाब देवी को जिला मुख्यालय का उपहार दे रहा हूं। जिसकी घोषणा 2011 में घोषणा हुई थी। अब 14 साल बाद जिले को अपना जिला मुख्यालय, अपनी पुलिस लाइन मिलेगी। यहां 80 एकड़ में जिला मुख्यालय होगा, जहां एक छत के नीचे ही जनता को को सभी प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी। योगी ने कहा- 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी है। भगवान हर साल आते हैं, फिर आएंगे। संभल को अब दंगाइयों से लड़ने की शक्ति मिली है, जिन लोगों ने संभल के साथ पाप किया था, उन्हें सजा मिलेगी। जो लोग संभल को दंगा ग्रस्त बनाते थे, उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। योगी ने सपा सरकार पर हमला किया। कहा- पिछली सरकार एक जिले में एक गुंडा और एक माफिया पालती थी। हम एक जिले में एक मेडिकल कॉलेज दे रहे हैं। युवाओं के लिए पिछले 8 साल में साढ़े 8 लाख नौकरी दी। कभी चेहरा नहीं देखा गया, जाति नहीं देखी गई। पिछली सरकारों में दंगे होते थे। शोषण होता था। न बेटी, न ही व्यापारी सुरक्षित थे। आज सब सेफ हैं। केवल दंगाई सुरक्षित नहीं हैं। योगी ने कहा- चंदौसी को मिनी काशी कहते हैं। चंदौसी में मुझे आना है, यहां बजरंग बली की बड़ी मूर्ति बनी है। वहां जाना है। आजादी के बाद कांग्रेस और सपा ने संभल के साथ पाप किया है। उनको डर था कि संभल की सच्चाई सामने आई तो उनका वोट बैंक खिसक सकता है। योगी ने कहा- आप देखते होंगे कि काशी में लाखों सनातनी आकर पूजा कर रहे। अयोध्या में नई अयोध्या के दर्शन हो रहे। अगर काशी, अयोध्या में हो सकता है तो संभल में क्यों नहीं हो सकता। हरिहर और कल्कि की नगरी में अब विकास होंगे।

संभल जैसी सच्चाई को जिन्होंने छिपाने की चेष्ठा की, उनको ऐसा सबक सिखाएंगे कि पीढ़ियां याद करेंगी। सच्चाई बताने के लिए हमारे पास पुरातात्विक प्रमाण हैं। सीएम ने स्कंद पुराण का श्लोक पढ़ा। कहा- संभल एक सच्चाई है। सच्चाई का उल्लेख हमारा ग्रंथ करता है। यहां के तीर्थों को विदेशी अत्याचारियों ने अपवित्र किया। यहां 19 कूपों पर कब्जा हो गया। परिक्रमा मार्गों को बाधित किया गया। भगवान सोमनाथ का मंदिर चाहे महाराष्ट्र का हो या वाराणसी का, दोनों का उद्धार लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने किया। संभल के तीर्थों का उद्धार हमारी सरकार करेगी। योगी ने कहा- ये संभल की धरती है। हरि और हर यानी विष्णु और श्रीकृष्ण के एक साथ यहां दर्शन का सौभाग्य मिलता है। कुछ लोगों को ये विवादित स्थल लगता है। संभल को विरासत में विवाद लेकर चलने वाले लोगों को ही ऐसा लगता है। हमारे ग्रंथ कहते हैं- कल्कि के रूप में ही भगवान विष्णु का 10वां अवतार होगा। योगी ने कहा- भगवान कल्कि की इस धरा को नमन करता हूं। रक्षाबंधन और जन्माष्टमी से पहले मिलने वाली इन परियोजनाओं के लिए बधाई देता हूं। रक्षाबंधन पर हमारी बहनें एक सह यात्री के साथ पूरे प्रदेश में फ्री यात्रा कर सकती हैं। उनसे कोई किराया नहीं लिया जाएगा। 14 साल के बाद संभल को अपना जिला मुख्यालय मिलने वाला है। पुलिस लाइन भी बनने जा रही।

## संक्षिप्त डायरी

### रेणुकूट के रवि सिंह थाईलैंड के लिए हुए रवाना, इंटरनेशनल ताईक्वानडो टूनार्मेंट में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



**संवाददाता**

**रेणुकूट (सोनभद्र, उत्तर प्रदेश)।** जिला सोनभद्र के रेणुकूट निवासी रवि सिंह पुत्र महामाया प्रसाद सिंह रवि सिंह हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेणुकूट के विभाग ब्वायलर को - जेनरेशन में कार्यरत है रवि सिंह पुरुष वर्ग के अंडर 58 किलो भार में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए बुधवार को थाईलैंड के पटाया शहर के लिए रवाना हो गए हैं। वे 9 और 10 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाली 8वीं हीरोज ताईक्वानडो इंटरनेशनल चैम्पियनशिप 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अंतर्राष्ट्रीय टूनामेंट में दुनियाभर के 32 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। रवि सिंह की यह उपलब्धि रेणुकूट ही नहीं, बल्कि पूरे जनपद सोनभद्र और उत्तर प्रदेश के लिए गर्व की बात है। रवि ने इस मुकाम का श्रेय अपने गुरु और माता-पिता को देते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। रवि सिंह के थाईलैंड रवाना होने की खबर से उनके परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों और हिण्डालको परिवार में खुशी का माहौल है। सभी ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और उनके शानदार प्रदर्शन की कामना की रवि ने रवाना होते समय कहा: "मैं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए आज रवाना हो रहा हूँ। देश के लिए खेलने का मौका मिलना मेरे लिए गर्व की बात है और मैं अपने प्रदर्शन से देश और जिले का नाम रोशन करने की पूरी कोशिश करूंगा।

### ब्लाक कसया: अधिकारियों ने गांवों की नियमित सफाई के दिए निर्देश



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** कसया ब्लाक सभागार में पंचायती राज सफाई कर्मचारियों की बैठक में गांवों में नियमित साफ - सफाई के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित सफाई कर्मियों को नोटिस के निर्देश अधिकारी ने दिए। जिला पंचायतीराज विभाग के सफाई कर्मियों की बैठक में गांवों में स्वच्छकारों के कार्यों की समीक्षा करते हुए खंड विकास अधिकारी हरीशंकर मिश्रा ने गांवों में नियमित सफाई के निर्देश दिए। गांवों में गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होगी। एडीओ पंचायत नीरज कुमार चतुवेर्दी ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी स्थिति में जल जमाव न हो। प्रतिनि दिन पंचायत भवन, आंगनवाड़ी, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय की नियमित सफाई के साथ ही सामुदायिक शौचालय के आस पास किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं मिलनी चाहिए। इस दौरान धर्मेन्द्र कुमार, अजित सिंह, गोविंद सिंह, संजय कुमार, राहुल, अनिल गौतम, कमलेश गुप्ता, संतोष प्रसाद, मुलायम प्रसाद, कमलेश कुमार, पवन गोंड, विनोद, शैलेश कुमार, बाल सुधा, सुरेन्द्र प्रसाद, राम अवध , बीरबल, राजेश सिंह, लाल बच्चन, इंद्रजीत प्रसाद, चंदन, अनिल, जयप्रकाश, चंद्रावती यादव, अनीता देवी, किशोरी देवी, अर्चना देवी आदि सफाई कर्मी मौजूद रहे।

### 101 श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूद्राभिषेक अनुष्ठान में लिया भाग



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** ओम सेवा समिति कुड़वा धन्नीपट्टी के तत्वावधान में श्रावण मास शुक्ल पक्ष त्रयोदशी दिन वृहस्पतिवार को ओंकारेश्वर महादेव मंदिर पर सामूहिक रूद्राभिषेक अनुष्ठान का आयोजन श्रद्धा,भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिसमें 101श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा श्रावण मास हिन्दू धर्म में धार्मिक अनुष्ठान के लिए बहुत पवित्र माना जाता है। इस दौरान भगवान शिव की पूजा अर्चना, व्रत और अभिषेक करने का विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि यदि भक्त समर्पण के साथ भगवान शिव की आराधना पूजा करें तो भक्त की हर मनोकामना पूर्ण होती है।भगवान शिव देवाधिदेव महादेव एवं शीघ्र प्रसन्न होने वाले आशुतोष हैं। यजमान मण्डल में विनोदकान्त मिश्र, सुरेश प्रसाद गुप्त, सुधीर शाही, डा.कालिंदी त्रिपाठी, कमोद सिंह, दयाशंकर सिंह, संजय कौशिक, डॉ सीमा गुप्ता, कुसुम मिश्रा, आरती गुप्ता, संजय राव, मंकेश राय, अजीत सिंह, विनोद गुप्ता, सिद्धेश्वर शाही, मनन पाण्डेय, अक्षय गुप्ता, धर्मदेव पाण्डेय, हरिशंकर शर्मा, बैरिस्टर सिंह, नन्द मणि, विवेक श्रीवास्तव, कुंज बिहारी सिंह, शिवशंकर सिंह, विश्वजीत बिरजू, सत्यम पाण्डेय, नथुनी लाल श्रीवास्तव, वीरेन्द्र सिंह, सूचान सिंह, मुन्ना गुप्ता, डॉ चन्द्र शेखर सिंह इत्यादि रहे। उपेंद्र कुमार सिंह, जिला प्रचारक सूर्यप्रभात, जय प्रकाश सिंह, परमा यादव, पुजारी अखिलेश पाण्डेय, पुरोहित करुणेश पाण्डेय, उमेश सिंह, निर्भय सिंह, मुन्ना शर्मा, सूर्यनारायण यादव सहित अनेक क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## उद्योग जगत की समस्याओं के समाधान को लेकर की औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी से मुलाकात





**संवाददाता**

**लखनऊ।** गाजियाबाद के उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी' से बृहस्पतिवार को लखनऊ स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र में आ रही जमीनी समस्याओं से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में ऑल इंडिया इंडस्ट्रियलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष उपेन्द्र गोयल, उद्योगपति मनोज शर्मा, संजीव सचदेवा, तथा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल झ उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता शामिल रहे। ज्ञापन में यूपीसीडा (उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण) द्वारा इंडस्ट्रियल क्षेत्रों में रखरखाव के नाम पर 72 रुपये प्रति वर्गमीटर शुल्क वसूलने जैसे मुद्दों पर आपत्ति दर्ज कराई गई। उद्योगपतियों का कहना था कि यह शुल्क बिना पारदर्शी कार्यप्रणाली और बिना पर्याप्त सेवाएं उपलब्ध कराए वसूला जा रहा है, जिससे उद्यमियों में असंतोष है। उपेंद्र गोयल ने जानकारी दी कि मंत्री नंदगोपाल नंदी ने पूरी बात गंभीरता से सुनी और उनके सुझावों को उचित मानते हुए, तत्काल यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी को निर्देशित किया कि समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाए। बैठक के दौरान अन्य विषयों में औद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी, सड़क और सीवर मरम्मत, विद्युत आपूर्ति की समस्या, और अनावश्यक नियमों से उत्पन्न जटिलताओं पर भी चर्चा हुई। गाजियाबाद के उद्योगपतियों ने मंत्री के सहयोगात्मक रवैये और त्वरित कार्रवाई के निदेशों पर संतोष व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया। सुनील सचदेवा सहित उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि सरकार इसी तरह उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता दे तो प्रदेश में औद्योगिक निवेश और रोजगार दोनों में वृद्धि संभव है। यह मुलाकात उद्योग जगत और शासन के बीच संवाद की एक सकारात्मक पहल मानी जा रही है, जिससे भविष्य में बेहतर नीति और जमीनी सुधार की उम्मीद बंधी है।

## यूएनपीजी कॉलेज शिक्षक संघ के डॉ चंदन यादव बने अध्यक्ष, डॉ अनूप महामंत्री



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** उदित नारायण पोस्ट ग्रेजुएट कालेज पडरौना कुशीनगर में शिक्षक संघ का चुनाव जिले के शिक्षक संघ महामंत्री डॉ मनोज कुमार यादव (चुनाव अधिकारी ) के द्वारा सर्वसम्मति से संपन्न कराया गया। जिसमें से शिक्षक संघ के अध्यक्ष के रूप में राजनीतिक विभाग के प्रभारी डॉ चंदन यादव, उपाध्यक्ष के रूप में रसायन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शरण शंकर सिंह , महामंत्री के रूप में अर्थशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ अनूप कुमार, कोषाध्यक्ष के रूप मे समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर ओम नारायण और गुआक्टा प्रतिनिधि के रूप में शिक्षाशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संतोष कुमार भारती को सर्वसम्मति के साथ चुना गया । जिसमें महाविद्यालय के सभी शिक्षक साथियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर ममता मणि त्रिपाठी और शिक्षक गण ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता जताई।

## बोस्टन सम्मेलन: भारत के लोकतांत्रिक नेतृत्व की वैश्विक मंच पर मजबूत उपस्थिति: पीएन पाठक

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश विधायक/विधान परिषद सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल बोस्टन अमेरिका में होने वाले वैश्विक विधायी सम्मेलन में कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने अपना विचार रखा और उत्तर प्रदेश के विधायी की जानकारी दी। वैश्विक स्तर पर विधायकों के सहयोग को बढ़ाने के लिए एक खास पहल के तहत, विधायक पीएन पाठक बोस्टन, अमेरिका द्वारा आयोजित इस बड़े सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय




विधायकों का यह अध्ययन दौरा भारत के सहयोग से संभव हो पा रहा है। यह एक गैर-राजनीतिक मंच है, जो भारतीय विधायकों की क्षमता बढ़ाने और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक बातचीत को बढ़ावा देने के लिए काम करता है।

सम्मेलन में 84 देश के 10 हजार सांसद, विधायक एवं 132 विधायक भारत से 5 विधायक उत्तर प्रदेश से भाग ले रहे हैं जो किसी भी अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक मंच पर भारत की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी को दशार्ता है। विधायक श्री पाठक ने कहा कि मेरे राज्य और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व वैश्विक मंच पर करना गर्व की बात है। यह अवसर न केवल अंतरराष्ट्रीय अनुभव का है, बल्कि वैश्विक सुशासन की अच्छी परंपराओं से सीखने और उन्हें जनता की सेवा में लाने का मौका है। मैं एनएलसी भारत और इसके संस्थापक डॉ राहुल वी कराड का इस अनुभव के लिए दिल से धन्यवाद देता हूँ। साथ ही, अमेरिकी विधायी प्रणाली के बारे में जानकारी और अमेरिका में भारतीय मूल के नेताओं के साथ बातचीत भी इस यात्रा का हिस्सा बन रहा है। यह भागीदारी भारत के लोकतांत्रिक नेतृत्व की वैश्विक मंच पर मजबूत उपस्थिति और निरंतर विकास की इच्छा को दिखा रहा है।

## एयरपोर्ट पर सुरक्षा गार्ड ने खुद को गोली से उड़ाया

**गोरखपुर।** एयरपोर्ट में तैनात सुरक्षा गार्ड ने अपनी एके 103 रायफल से खुद को गोली मार ली। इस घटना के बाद एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि घरेलू कलह में सुरक्षा गार्ड ने आत्महत्या की है। इसकी जांच की जा रही है। बिहार निवासी जितेंद्र सिंह (49) गोरखपुर झरना टोला में किराए के घर में रहते थे। वह एयरपोर्ट पर सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते थे। गुरुवार को भोर में सुबह करीब 4 बजे एयरपोर्ट के रनवे पर उनकी डयूटी थी। इस दौरान अचानक उन्होंने रायफल से खुद को गोली मार ली। जिसके बाद मौके पर ही उनकी मौत हो गई। एयरपोर्ट प्रशासन ने तत्काल एम्स थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुरक्षा गार्ड के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने घरवालों को सूचना दे दी है।

## हरदोई की गम्भीरी नदी में डूबा किशोर, मौत, ग्रामीणों और पुलिस ने शव निकाला



**हरदोई।** अरवल थाना क्षेत्र के चौंसार गांव में गम्भीरी नदी में डूबने से 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गई है। मृतक की पहचान भूरा पुत्र सतीश के रूप में हुई है, जो अरवल क्षेत्र के परशुपुरवा गांव का निवासी था। घटना गुरुवार को हुई जब भूरा रोजाना की तरह भैंस चराने गया था। वह गांव से लगे गम्भीरी नदी किनारे पहुंचा, जहां चौंसार गांव में एक भट्ठे के पास उसकी भैंसें चली गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भूरा नदी में उतरकर भैंसों को निकालने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने शोर मचाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

ग्रामीणों की मदद से खोजबीन शुरू की गई। काफी प्रयासों के बाद किशोर का शव बेहथर गांव के सामने नदी से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। भूरा आठ भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। वह गांव के ही एक इंटर कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र था। उसकी मां पूजा का रो-रोकर बुरा हाल है। भूरा पढ़ाई में होनहार था और परिवार का सहारा माना जाता था। पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# मासिक बैठक में 11 अगस्त को आदिवासी विश्व दिवस की तैयारी के लिए सपाइयों ने कसी कमर





**संवाददाता**

**सोनभद्र।** आज दिनांक 7 अगस्त 2025 को समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर की गई जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री व्यास जी गौड एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर रवि कुमार गौड़ उर्फ बड़कू उपस्थित थे । बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि यह बैठक एक महत्वपूर्ण बैठक है क्योंकि दिनांक 11 अगस्त 2025 को ओबरा के क्लब नंबर चार में आदिवासी विश्व दिवस का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल जी रहेंगे । समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारी से अपील करते हुए कहा कि आप लोगों की जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावे और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करें जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिल सके। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री व्यास जी गौड एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर रवि कुमार गौड़ उर्फ बड़कू ने कहा कि आप सभी कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आदिवासी विश्व दिवस को सफल बनाएं। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रमेश चंद्र दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार में कोई वर्ग सुरक्षित नहीं है । उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है । बिजली व्यवस्था चरमरा मरा चुकी है । किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है जिससे किसान बहुत परेशान है लेकिन इस भाजपा सरकार को किसी से कोई लेना देना नहीं है । बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव चौधरी यशवंत सिंह मुनीर अहमद पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र बहादुर सिंह पटेल विजय यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनीता राकेश अनिल प्रधान वेदमाणी शुक्ला रामप्यारे सिंह पटेल डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल रमेश सिंह यादव त्रिपुरारी गौड़ सुरेश यादव अशोक पटेल सरदार पारब्रह्म सिंह उदित अग्रहरि अवध नारायण यादव कुमारी मंदाकिनी पांडे कुमारी निधि पांडे बाबूलाल यादव राधा सिंह महिला सभा जिला अध्यक्ष गीता गौर मन्नू पांडे शिवनारायण चौहान भोलानाथ निषाद मंगल जायसवाल नामवर कुशवाहा सनी पटेल राजेश विश्वकर्मा रामनारायण गौड़ विमलेश पटेल राजेंद्र राम सजीवन प्रमोद यादव जितेंद्र बियार बाबू हाशमी लाल बहादुर पाल धर्मेंद्र मौर्य शिवनाथ भारती जगत पटेल दीपक केसरी उल्ला खान जगदीश यादव दीनानाथ अग्रवाल ज्यूतेष गौतम पवन पटेल सत्यम पांडे परशुराम यादव विपिन श्रीवास्तव रमेश कुमार बागी प्रदीप कनौजिया अभिषेक प्रजापति पारसनाथ यादव लालबरत यादव रामजतन प्रजापति योगेंद्र चंद्रवंशी श्याम बिहारी जायसवाल सूरज चौरसिया अमित जायसवाल दशरथ यादव रमजान अली सुरेंद्र यादव राजमणि कमलेश चौबे सुजीत मोदनवाल शिव शंकर पासवान विष्णु कुशवाहा दयाराम मौर्य धर्मेंद्र मौर्य बचोले पटेल अवधेश मिश्रा कृपा शंकर चौहान विवेक सिंह पटेल लालू भारती मनीष त्रिपाठी जाकिर हुसैन सुशील राय शिवराज सिंह अवधेश कुमार चौहान मुस्तफा राजा कुबेर पांडे अखिलेश जिज्ञासु के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित ।

# हर घर तक रोशनी पहुंचाने की दिशा में गौतमबुद्धनगर के जेवर से शुरू हुई नई पहल

**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** उत्तर प्रदेश सरकार गांव-गांव तक निर्बाध बिजली पहुंचाने के अपने वादे को जमीन पर उतारने के लिए लगातार सक्रिय है। बीते दिनों ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों को देखते हुए जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने यमुना प्राधिकरण और बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर एक ठोस योजना बनाई थी, जिसके तहत गांवों के बिजली लोड को यमुना प्राधिकरण द्वारा तैयार किए गए बिजलीघरों से जोड़ा जाना तय हुआ। इसी कड़ी में जेवर विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर-28 स्थित विद्युत केंद्र से



अब ग्राम मुरादगढ़ी, वीरमपुर, चकवीरमपुर और नगला शाहपुर को भी जोड़ दिया गया है। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों की मौजूदगी में विधिवत स्विच ऑन कर इन गांवों में नई विद्युत आपूर्ति का शुभारंभ किया। इससे पहले 7 जुलाई को इसी केंद्र से तिरथली,



नगला हुकम सिंह, नगला भटोना, नगला हांडा, नगला जहानू, तिरथली खेड़ा और कुरैव गांव को भी जोड़ा जा चुका है। अब इन सभी गांवों को नियमित और निर्बाध बिजली मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

विधायक धीरेन्द्र सिंह ने मौके पर कहा कि बिजली केवल एक सुविधा नहीं बल्कि हर नागरिक का अधिकार है और उत्तर प्रदेश सरकार इस अधिकार को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि जेवर विधानसभा का कोई भी गांव अंधेरे में न रहे और सभी को 24 घंटे बिजली की सुविधा मिले।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ-साथ यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण और विद्युत विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल को लेकर विधायक और सरकार के प्रति आभार जताया।

## भनौता गांव में अवैध कब्जों पर चला बुल्डोजर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 130 करोड़ की जमीन कराई मुक्त

**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भनौता गांव में अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 65 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। लंबे समय से अधिसूचित क्षेत्र की इस जमीन पर अवैध निर्माण कर कॉलोनी बसाने की साजिश रची जा रही थी, लेकिन प्राधिकरण की सतर्कता के चलते यह मंसूबा नाकाम हो गया। जमीन की अनुमानित कीमत 130 करोड़ रुपये आंकी गई है।



प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर यह अभियान परियोजना विभाग और भूलेख विभाग की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से चलाया। कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे परियोजना विभाग के महाप्रबंधक ए के सिंह और ओएसडी राम नयन सिंह ने बताया कि कालोनाइजरों ने भनौता के खसरा संख्या 131, 207, 228, 294, 295 और 296 में प्राधिकरण की स्वामित्व वाली भूमि पर चोरी-छिपे अवैध निर्माण शुरू कर दिए थे। नोटिस के बावजूद काम नहीं रोका गया, उल्टे दर्जनों मकान खड़े कर दिए गए और नक्शा स्वीकृत कराए बिना पूरी कालोनी काटने का प्रयास किया गया। बृहस्पतिवार को प्राधिकरण की टीम ने एसीपी वीर कुमार, वर्क सर्किल दो के प्रभारी नरोत्तम सिंह और पुलिस बल के साथ मिलकर मौके पर पहुंचते ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। करीब तीन घंटे चले इस ऑपरेशन में 6 जेसीबी मशीनों और 5 डंपरों की मदद से अवैध निमाणों को जमींदोज कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान अवैध कब्जेदारों को हटाया गया और पूरी जमीन प्राधिकरण के कब्जे में वापस ले ली गई।

एसीईओ सुमित यादव ने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में बगैर स्वीकृति के कोई भी निर्माण गैरकानूनी है और ऐसे मामलों में कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से जांच-पड़ताल जरूर करें, ताकि अवैध कॉलोनियों में निवेश कर अपनी मेहनत की कमाई न गंवाएं।

## राजपाल यादव ने किया वॉलीबॉल लीग का उद्घाटन, नोएडा थंडर्स ने पहले ही मैच में लखनऊ को हराया

**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स गुरुवार को वॉलीबॉल के जबरदस्त जोश और रोमांच का गवाह बना, जब उत्तर प्रदेश प्रो वॉलीबॉल लीग का धमाकेदार आगाज हुआ। फिल्म अभिनेता राजपाल यादव ने लीग का उद्घाटन करते हुए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि यह मंच भारतीय वॉलीबॉल को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा।

15 दिन चलने वाली इस लीग में 8 टीमें आमने-सामने होंगी, जिनमें लखनऊ टाइगर्स, नोएडा थंडर्स, मथुरा योद्धाज, गोरखपुर जॉइंट्स, अयोध्या सुपरकिंग्स, मुरादाबाद बुल्स, काशी वॉरियर्स और मुजफ्फरनगर लायंस शामिल हैं। पहले ही मैच में नोएडा थंडर्स ने शानदार खेल दिखाते हुए लखनऊ टाइगर्स को 2-1 से हराकर जीत के साथ शुरूआत की। वहीं दूसरे मुकाबले में अयोध्या सुपरकिंग्स और




गोरखपुर जॉइंट्स के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली।

उद्घाटन समारोह में भीड़ उमड़ी पड़ी थी और दर्शकों का जोश खिलाड़ियों को ऊर्जा देता नजर आया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंत्री गुरमीत सिंह सोढ़ी, जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, लीग चेयरमैन प्रबल प्रताप सिंह तोमर, फाउंडर कुलवंत बालियान, और सीईओ विश्वास बंसल समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। लीग अब 21 अगस्त तक चलेगी, जिसमें हर दिन मुकाबलों की धूम मचेगी और दर्शकों को मिलेगा स्पोर्ट्स का भरपूर मनोरंजन।

## कूड़े से मिला सबूत, फेंकने वाले पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने लगाया 1.30 लाख का जुमार्ना

**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)** सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाना अब सस्ती लापरवाही नहीं रह गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सख्ती दिखाते हुए ज्यू-3 सेक्टर में सड़क किनारे फेंके गए कूड़े की परतें खोलीं और उसी कूड़े के ढेर से निकल आए जुमार्ने के साक्ष्य। परिणामस्वरूप, ईकोटेक-1 एक्सटेंशन स्थित डीएफएम फूड्स को 1.30 लाख का जुमार्ना भुगतना पड़ा। यह कार्रवाई तब सामने आई जब स्वास्थ्य निरीक्षक नीरज सिंह




अपनी टीम संग ज्यू-3 क्षेत्र की सफाई व्यवस्था की जांच में निकले थे। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से फेंका गया कचरा मिला। टीम ने जब कूड़े का गहन निरीक्षण किया तो उस ढेर से कंपनी की पहचान वाली पर्ची प्राप्त हुई। पुख्ता साक्ष्य जुटाने के लिए मौके की फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। महाप्रबंधक आर.के. भारती के अनुसार जांच से यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया कि कूड़ा डीएफएम फूड्स की ओर से ही सड़क पर फेंका गया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने कंपनी पर 1.30 लाख का तत्काल जुमार्ना ठोका। साथ ही चेतावनी दी कि दोबारा ऐसी हरकत सामने आई तो और भी कठोर कदम उठाए जाएंगे। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वी एस ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने की जिम्मेदारी सबकी है। सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। हम भारी भरकम पेनल्टी और कानूनी कार्रवाई दोनों के लिए तैयार हैं। साथ ही उन्होंने ग्रेटर नोएडा के नागरिकों से भी अपील की है कि वे शहर को स्वच्छ बनाए रखने के अभियान में प्रशासन का साथ दें।

## सैनी गांव में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओएसडी गुंजा सिंह का औचक निरीक्षण, गंदगी देख भड़कीं, ठेकेदार व स्टाफ को लगाई फटकार





**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अब गांवों में भी सफाई को लेकर पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गया है। सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर गांवों व सेक्टरों में सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिशें तेज हो चुकी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को ओएसडी गुंजा सिंह ने सैनी गांव का अचानक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी।

निरीक्षण के दौरान जैसे ही कुछ हिस्सों में गंदगी नजर आई, ओएसडी गुंजा सिंह भड़क उठीं। मौके पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम और संबंधित कांट्रैक्टर को जमकर फटकार लगाई गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि गांवों में गंदगी फैलने की स्थिति में जिम्मेदार कर्मचारियों और ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ओएसडी के साथ मौजूद सहायक प्रबंधक गौरव बघेल और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव के अलग-अलग हिस्सों का मुआयना किया। इस दौरान ग्रामीणों से सफाई व्यवस्था को लेकर सीधा फीडबैक भी लिया गया। गुंजा सिंह ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और सहयोग देने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि गांवों और सेक्टरों में साफ-सफाई को लेकर किसी भी स्तर पर कोताही नहीं चलेगी। औचक निरीक्षण का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा और जो भी लापरवाही का दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अब केवल निदेशों तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि जमीनी स्तर पर सफाई व्यवस्था में सुधार को लेकर कड़ा रुख अपना चुका है।

## दादरी में रहस्यमय हालातों में छात्रा लापता, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

**दादरी/ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** दादरी कोतवाली क्षेत्र के घोड़ी बछेड़ा गांव के इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली 17 वर्षीय छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। छात्रा 5 अगस्त को सुबह घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन न तो स्कूल पहुंची और न ही वापस लौटी। काफी खोजबीन के बाद जब कोई सुराग नहीं लगा, तो परिजनों ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक छात्रा अपने परिवार के साथ सेक्टर जू-2 स्थित काशीराम कॉलोनी में रहती थी और इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रही थी। छात्रा की अचानक गुमशुदगी से घरवालों में हड़कंप मच गया है। छात्रा के पिता ने पड़ोस में रहने वाले युवक प्रिंस पर बहला-फुसलाकर बेटी को ले जाने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर दबिश दी जा रही है और कॉल डिटेल्स के आधार पर जांच तेजी से की जा रही है। प्रशासन ने परिजनों को आश्वस्त किया है कि छात्रा को जल्द से जल्द ढूंढ निकाला जाएगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच को प्राथमिकता दी जा रही है।

## दिल्ली-हावड़ा रूट पर ट्रेनों पर पत्थर फेंकने वाला दबोचा गया, कई दिनों से पुलिस के रडार पर था

**दादरी/ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)** दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर दौड़ती एक्सप्रेस ट्रेनों पर पत्थरबाजी कर यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाला आरोपी आखिरकार आरपीएफ के हत्थे चढ़ ही गया। दो दिन तक लगातार हुई पत्थरबाजी की घटनाओं के बाद सक्रिय हुई आरपीएफ की टीम ने पुख्ता सुरागों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि 3 और 4 जुलाई को दिल्ली-हावड़ा रेलखंड पर चल रही एक्सप्रेस ट्रेनों पर अज्ञात लोगों द्वारा पत्थर फेंके गए थे, जिससे कोचों के शीशे चकनाचूर हो गए थे। वारदात के बाद आरोपियों ने मौके से भागकर खुद को छिपा लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई और एक विशेष टीम गठित कर पत्थरबाजों की तलाश शुरू की गई। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर फतेहपुर जिले के जगन्नाथ अलीपुर गांव निवासी टीटा को चिन्हित किया गया। कई दिन की निगरानी और ट्रेसिंग के बाद पुलिस ने उसे संतोष नगर कॉलोनी से दबोच लिया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि क्या इस वारदात में और लोग भी शामिल थे या यह आरोपी अकेले ही इस खतरनाक हरकत को अंजाम दे रहा था। आरपीएफ अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## दादरी तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने खोला मोर्चा, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**दादरी/ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)** तहसील दादरी में लंबे समय से किसानों और गरीब वर्ग के साथ किए जा रहे अन्याय, रिश्वतखोरी और अधिकारी-कर्मचारियों के दुर्व्यवहार के खिलाफ गुरुवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने जोरदार हल्ला बोल प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर में मार्च निकाला और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अनुज नेहरा को सौंपा।

संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेम प्रधान के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकताओं ने तहसील में फैले भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई। संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय और मास्टर दिनेश नागर ने कहा कि दादरी तहसील में भ्रष्टाचार जड़ें जमा चुका है, जहां किसानों को भूमि पैमाइश, कूरेबंदी, दाखिल-खारिज और राजस्व से जुड़ी सामान्य सेवाओं के लिए भी महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं। बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता और कर्मचारी खुलेआम पैसों की मांग करते हैं। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि अब भ्रष्टाचार के खिलाफ चुप्पी नहीं साधी जाएगी और हर तहसील, हर कार्यालय में ईमानदारी के लिए अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो बड़ा जन आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस दौरान प्रदर्शन में शामिल रहे प्रमुख लोगों में आलोक नागर, दिनेश नागर, प्रेमराज भाटी, राजकुमार रूपबास, कुलबीर भाटी, राकेश नागर, गौरव भाटी, हरीश भाटी, यतेंद्र नागर, जीतू, नरेश भाटी, रोहताश नागर, सुशील प्रधान, मोहित, बसंत भाटी, धीर सिंह भाटी, दुलीचंद नागर, विजय प्रधान, ऋषि बंसल, मलखान सिंह यादव, रणधीर नागर, नवीन भाटी, राजकुमार, नीरज भाटी, बाबू गौतम और आदेश टाइगर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 11 हजार विद्युत लाईने के शिफ्ट के कारण चार घण्टे विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी

**गढ़मुक्तेश्वर (शिखर समाचार)** गढ विद्युत वितरण खण्ड के अंर्तगत सिंभावली क्षेत्र के उपकेंद्र हरौडा बिजलीघर से जुडे गांव रौडा में 11 हजार केवी की विद्युत लाईन के एक स्कूलके ऊपर से जाने के कारण उसके शिफ्ट करने के कार्य के कारण विद्युत सप्लाई करीब चार घण्टे सप्लाई बाधित रहेगी।

गढ के अधिशासी अभियंता ने जानकरी देते हुऐ बताया कि सिंभावली क्षेत्र में उपकेंद्र हरौडा बिजलीघर से जुडे गांव रौडा में 11 हजार केवी की विद्युत लाईन के एसजीवी स्कूल के ऊपर जाने के कारण उसके शिफ्ट करने के कार्य के कारण 08 तारीख शुक्रवार में सुबह साढे 10 बजे से ढाई बजे तक विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस दौरान कृषि कार्य के साथ सामान्य विद्युत लाईने भी बाधित रहेगी।

## पत्रकारों को तनावमुक्त जीवन के लिए राजयोग का संदेश

**नोएडा (शिखर समाचार)।** पत्रकारों और मीडिया से जुड़े पेशेवरों के लिए एक विशेष आध्यात्मिक एवं प्रेरणात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्माकुमारी सेंटर, सेक्टर 46, नोएडा द्वारा किया गया,जिसका उद्देश्य पत्रकारिता के चुनौतीपूर्ण माहौल में कार्यरत व्यक्तियों को मानसिक शांति, संतुलन और आत्मिक सशक्तता प्रदान करना था।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बी.के. लीना रहीं,जिन्होंने अपने संवाद में विशेष रुप से मीडिया क्षेत्र की कठिनाइयों और तनावों की गहराई से चर्चा की।उन्होंने बताया कि आज के समय में पत्रकारों को चौबीसों घंटे डेडलाइन, तत्काल रिपोर्टिंग, सामाजिक अपेक्षाएं और निजी जीवन की अनदेखी जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिससे मानसिक थकावट, चिंता और आंतरिक असंतुलन उत्पन्न होता है। बी.के. लीना ने सरल भाषा में समझाते हुए बताया कि तनाव का जन्म बाहरी परिस्थितियों से नहीं, बल्कि आंतरिक विचारों की अशुद्धता, असंतुलित दृष्टिकोण और आत्मिक विस्मृति से होता है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि ह्यमैं आत्मा हूँह्ण की अनुभूति व्यक्ति को बाहरी हलचलों से हटाकर आत्मिक शांति की ओर ले जाती है।जब व्यक्ति स्वयं को आत्मा–शुद्ध, शांत और आनंद स्वरूप शक्ति के रूप में अनुभव करता है, तो वह परिस्थितियों के दबाव से मुक्त होकर आत्मबल से परिपूर्ण हो जाता है।इसके साथ ही उन्होंने परमात्मा के साथ संबंध की व्याख्या करते हुए बताया कि परमात्मा सर्वशक्तिमान हैं, और राजयोग ध्यान के माध्यम से आत्मा जब उनसे जुड़ती है, तो विचारों में स्पष्टता, मन में स्थिरता और जीवन में विवेक स्वतः विकसित होता है। यह ध्यान किसी विशेष आसन या मंत्र पर आधारित नहीं है, बल्कि यह एक सहज और अनुभवजन्य प्रक्रिया है।कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजनों को बी.के. लीना द्वारा राजयोग ध्यान का सजीव अभ्यास कराया गया। उन्होंने शांत वातावरण में नेत्र बंद कर, स्वयं को आत्मा के रुप में अनुभव करने और परमात्मा की शक्तियों को आत्मसात करने का अभ्यास कराया।इस ध्यान सत्र के बाद उपस्थित पत्रकारों ने मानसिक विश्रांति, स्थिरता



और एक नई ऊर्जा का अनुभव साझा किया।इसके पश्चात ब्रह्माकुमारी बहनों ने सभी मीडिया कर्मियों को,आत्मिक सुरक्षा और शुभ भावनाओं का प्रतीक के रुप में राखी बाँधी।साथ ही सभी को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का समापन सात्विक और शुद्ध भोजन के साथ हुआ, जिसे सभी ने अत्यंत आत्मीयता और प्रसन्नता के साथ ग्रहण किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने की। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन आज की तेज भागती जीवनशैली में बेहद आवश्यक हैं।इसे न केवल एक आध्यात्मिक अनुभव, बल्कि आज की व्यस्त और तनावपूर्ण दिनचर्या में आवश्यक मानसिक विश्राम का अवसर बताया। उन्होंने कहा कि आयोजन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि आत्म-चिंतन, सकारात्मक दृष्टिकोण और राजयोग के माध्यम से कोई भी व्यक्ति दबावपूर्ण दुनिया में कार्यरत एक संतुलित, स्थिर और सुखद जीवन जी सकता है।कार्यक्रम के अंत में बी.के. लीना ने सभी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जब मन शांत होता है, तब विचारों में स्पष्टता आती है, और जब भीतर की शक्ति जागती है, तब बाहर की चुनौतियाँ अपने आप छोटी लगने लगती हैं।

## पैसे का गुलाम मत बनो, समझदारी से इस्तेमाल करो, शारदा विश्वविद्यालय में बोले अंकुर वारिकू, युवाओं को दिया खुद पर भरोसे का मंत्र





**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** अगर देश को उन्नति के शिखर पर पहुँचाना है, तो युवाओं को अपने कंधों पर ज़िम्मेदारी उठानी होगी। आत्मविश्वास, मेहनत और समय की कद्र यही है वह मंत्र, जो प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता, इंटरनेट उद्यमी और देश के प्रमुख विचार प्रेरक अंकुर वारिकू ने शारदा विश्वविद्यालय में छात्रों को दिया। सोशल मीडिया पर लगभग डेढ़ करोड़ अनुयायियों वाले वारिकू ने स्पष्ट कहा कि अगर आप अपनी अहमियत नहीं समझेंगे, तो देश भी आपके सामर्थ्य को नहीं पहचानेगा। नए कमाई के उपाय खोजिए, कभी परिश्रम बंद मत कीजिए और सही दिशा में धन लगाना सीखिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन की यात्रा बताई कि कैसे उन्होंने अमेरिका में उच्च शोध की पढ़ाई बीच में छोड़ी, फिर भारतीय प्रबंधन संस्थान से प्रबंध शास्त्र की पढ़ाई की और परामर्श सेवा क्षेत्र से अपने कार्यक्षेत्र की शुरूआत की। उन्होंने बल देकर कहा कि केवल नौकरी तक सीमित रहना उन्नति नहीं है। कुछ लोग मासिक वेतन से संतुष्ट रहते हैं, वहीं कुछ धन निवेश में सतत सक्रिय रहते हैं यही सोच सफलता और सामान्यता के बीच अंतर बनाती है। वारिकू ने गंभीर लहजे में कहा कि धन का उद्देश्य दिखावा या प्रतिष्ठा नहीं होता, बल्कि वह जीवन में स्थिरता प्रदान करता है। हमें पैसों का गुलाम नहीं, बल्कि समझदार उपयोगकर्ता बनना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि जो विकास लोग उनके सामाजिक मंचों पर देखते हैं, वह रातोंरात नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जब कोई आप पर भरोसा करे, तो स्वयं पर भी विश्वास रखना सीखिए। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि जहाँ लाखों लोग अपना जीवन वेतन में एक अंक जोड़ने में बिता देते हैं, वहीं सोच और रणनीति के बल पर असाधारण प्रगति संभव है।

छात्रों ने जब प्रश्न पूछे, तो वारिकू ने उन्हें धन निवेश के मूल सूत्र, जोखिम उठाने की समझ और दीर्घकालिक सोच का महत्व बताया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सिबाराम खारा, सह कुलपति डॉ. परमानंद, डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. आर.सी. सिंह, डॉ. अन्विति गुप्ता समेत सभी विभागों के

# संपादकीय

## ज्ञान पर कब्जा : कश्मीर की कथन-स्वतंत्रता पर हमला

कश्मीर की घाटियों में एक बार फिर ऐसा फैसला सुनाया गया है, जिसने न केवल किताबों के पन्नों को बंद कर दिया है, बल्कि सोचने और समझने की आजादी पर भी ताले लगाने का संकेत दिया है। 7 अगस्त 2025 को जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने 25 किताबों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। इन किताबों को युवाओं को गुमराह करने वाली, अलगाववादी सोच फैलाने वाली और राष्ट्रीय एकता के विरुद्ध बताकर बाजार से हटाने का आदेश दिया गया है। इस सूची में अरुंधति रॉय, ए.जी. नूरानी, सुमारत्र बोस और क्रिस्टोफर स्नेडन जैसे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लेखक शामिल हैं, जिनकी लेखनी को दुनिया में सम्मान की नजर से देखा जाता है। लेकिन अब वही लेखन हमारे देश में खतरा बताया जा रहा है। यह केवल किताबों पर प्रतिबंध नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की उस आत्मा पर चोट है, जो असहमति को भी वैध मानती है। कोई भी समाज तब तक लोकतांत्रिक नहीं माना जा सकता जब तक वह असुविधाजनक विचारों के लिए भी स्थान न रखे। पुस्तकें न केवल जानकारी का स्रोत होती हैं, बल्कि वे समाज का आईना भी होती हैं। वे हमें सोचने, सवाल करने और समझने की क्षमता देती हैं। क्या अब हम केवल वही पढ़ सकेंगे जो सत्ता को सुविधाजनक लगे? क्या अब विचारों की भूमि पर केवल आधिकारिक भाषा ही बोई जाएगी?

भारत के संविधान ने हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी है और इसमें साहित्य, लेखन और पठन-पाठन की आजादी भी शामिल है। लेकिन यह आजादी अब जम्मू-कश्मीर में एक चयनित विशेषाधिकार बन चुकी है, जिसे सरकार अपने अनुसार सीमित कर रही है। यह प्रश्न केवल कश्मीर तक सीमित नहीं है, यह पूरे भारत के लिए चेतावनी है। अगर आज कश्मीर में किताबों को राष्ट्र-विरोधी कहकर हटाया जा रहा है, तो कल यही अभ्यास देश के किसी और हिस्से में भी दोहराया जा सकता है। इन प्रतिबंधित पुस्तकों में वे रचनाएँ हैं जो भारत के इतिहास, कश्मीर की सच्चाई और राज्य के लोगों की सोच को एक अलग दृष्टिकोण से सामने लाती हैं। यह आवश्यक नहीं कि हर पाठक हर विचार से सहमत हो, लेकिन असहमति का अर्थ प्रतिबंध नहीं हो सकता। अगर हमें एक सशक्त और जागरूक समाज बनाना है, तो हमें बहस की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा, न कि विचारों का बहिष्कार करना होगा। प्रतिबंध से विचार नहीं रुकते, वे केवल और अधिक जिज्ञासा को जन्म देते हैं। शासन और साहित्य के संबंधों में संतुलन बेहद आवश्यक है। सरकार का दायित्व है कि वह देश की सुरक्षा सुनिश्चित करे, लेकिन वह विचारों को नियंत्रित करके सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती। विचारों का दमन समाज को खोखला करता है और युवा वर्ग को सोचने के बजाय केवल मानने वाला बना देता है। यह लोकतंत्र का अंत नहीं तो कमजोरी जरूर है। जम्मू-कश्मीर में किताबों पर प्रतिबंध लगाने की यह कार्रवाई सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और बौद्धिक स्वतंत्रता पर भी हमला है। यह वह समय है जब पूरे देश को यह समझने की जरूरत है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता केवल नारे नहीं होती, वह एक जीती-जागती भावना है, जो हमें सवाल करने का हक देती है। अगर उस पर पहरा बिठा दिया गया, तो लोकतंत्र महज एक दिखावा बनकर रह जाएगा।

## ~ मौलिक चिंतन ~

**धैर्य एक युद्ध, अपनी बेसब्री के विरुद्ध!**

~ ~ ~ ~ ~ ~ ~ ~



©
विनय संकोची

## भारत के खिलाफ ट्रंप का टैरिफ वॉर



संतोष कुमार पाठक



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी धमकी के मुताबिक, भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। इस नए ऐलान के बाद भारत पर अब कुल मिलाकर अमेरिका ने 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जिद का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने दुनिया पर सबसे ज्यादा टैरिफ भारत पर थोप दिया है। ट्रंप के ऐलान के बाद दुनिया के दो देशों- भारत और ब्राजील पर सबसे ज्यादा टैरिफ (50 प्रतिशत) लग गया है। ट्रंप का यह फैसला अपने आप में कितना अजीब है कि रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदने वाले देश चीन पर उसने सिर्फ 30 प्रतिशत का ही टैरिफ लगाया है, जबकि भारत पर 50 प्रतिशत थोप दिया है।

ऐसे में अब सवाल यह उठ रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के इस जिद भरे फैसले को कैसे देखा जाए क्योंकि अमेरिका इस बात को बखूबी समझता है कि भारत की कोई भी सरकार अमेरिका के दबाव में रूस के साथ अपने कारोबारी रिश्ते को खत्म नहीं कर सकती है। भारत रूस से तेल भी खरीदता रहेगा और व्यापारिक संबंध भी रखेगा। ऐसे में कई जानकारों का यह भी मानना है कि ट्रंप का यह फैसला बातचीत से पहले भारत पर दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा है। याद दिला दें कि, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते और टैरिफ को लेकर बातचीत लगातार जारी है और छठे दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल 25 अगस्त को भारत के दौरे पर आने वाला है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के ऐलान के बाद, भारत ने बुधवार को ही इसका जवाब भी दे दिया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को ही अमेरिका के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए बयान जारी कर कहा कि, 'हाल के दिनों में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने रूस से भारत के तेल आयात को निशाना बनाया है। हमने इन मुद्दों पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है, जिसमें यह तथ्य भी शामिल है कि हमारे आयात बाजार के कारकों पर आधारित हैं और भारत के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के समग्र उद्देश्य से किए जाते हैं। इसलिए, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत पर उन कार्यों के लिए अतिरिक्त शुल्क लगाने का विकल्प चुना है जो कई अन्य देश भी अपने राष्ट्रीय हित में कर रहे हैं।'

भारत ने अपने बयान में अमेरीकी फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए आगे स्पष्ट तौर पर कहा, 'हम दोहराते हैं कि ये कार्य अनुचित और अविवेकपूर्ण हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को स्वयं मोर्चा संभालते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सख्त संदेश देने का भी प्रयास किया।आईसीएआर पूसा में आयोजित एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। मेरे देश के मछुआरों के लिए, मेरे देश के पशु पालकों के लिए आज भारत तैयार है।'

इन तमाम बयानों से यह साफ-साफ नजर आ रहा है कि टैरिफ की यह लड़ाई लंबी खिंचने वाली है। ऐसे में समय की यह मांग कि है भारत अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा करने के साथ-साथ अमेरिका को एक बड़ा झटका भी देने की तरफ बढ़े और यह वैश्विक स्तर पर सामूहिक प्रयासों से ही संभव हो सकता है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने पहले ही डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका देते हुए यह कह दिया है कि, वह टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रंप को कॉल नहीं करेंगे। इसकी बजाय वह भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग जैसे नेताओं के साथ बातचीत करना चाहेंगे।

भारत को भी इसी तरह का सख्त स्टैंड लेते हुए बातचीत करने के लिए 25 अगस्त को आ रहे अमेरिकी अधिकारियों का दौरा रद्द कर देना चाहिए। इसी महीने के अंत में जापान और चीन की यात्रा पर जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चीन, रूस, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और जापान के साथ मिलकर डोनाल्ड ट्रंप को सबक सिखाने की रणनीति बनाने पर काम करना चाहिए। लेकिन ऐसा करते समय, चीनी राष्ट्रपति को यह स्पष्ट तौर पर बता भी देना चाहिए कि ऐसे मौके का फायदा उठाकर अगर चीन की सेना ने भारत-चीन सीमा पर कोई नापाक हरकत की तो इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भारत के लिए सही मायनों में यह आपदा में अवसर का प्रतीक है और अगर हमने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सही तरीके से अपना दांव चला तो भारत को विश्व गुरु बनने से कोई रोक नहीं पाएगा।

## मानसून : पोल खुलती शहर की



मनोज चतुर्वेदी

ध्यान दें जहां भी जल भराव हो रहा है, वहां अधिकांश स्थान वे हैं, जहां के नदी-तालाब पर समाज ने कब्जा कर रखा है।

असल में पानी को लेकर हमारी सोच प्रारंभ से ही त्रुटिपूर्ण रही है-हमें पढ़ा दिया गया कि नदी, नहर, तालाब झील आदि पानी के स्रोत हैं, हकीकत में हमारे देश में पानी का स्रेत केवल मानसून है, नदी-दरिया आदि तो उसको सहेजने के स्थान मात्र हैं। मानसून की नियामत सहेजने के स्थान पर हमने खुद उन्हें उजाड़ दिया। मानसून विदा होते ही उन सभी इलाकों में पानी की एक-एक बूंद के लिए मारा-मारी होगी।

हम जानते हैं कि हमारे लोक जीवन, अर्थव्यवस्था, पर्व-त्योहार का मूल आधार बरसात या मानसून का मिजाज ही है। कमजोर मानसून पूरे देश को सूना कर देता है। कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि मानसून भारत के अस्तित्व की धुरी है। जो महानगर-शहर पूरे साल वायु प्रदूषण के कारण हलकान रहते हैं, इसी मौसम में वहां के लोगों को सांस लेने को साफ हवा मिलती है। खेती-हरियाली और साल भर के जल की जुगाड़ इसी बरसात पर निर्भर हैं। इसके बावजूद जब प्रकृति अपना आशीष इन बूंदों के रूप में देती है, तो समाज और सरकार इसे बड़े खलनायक के रूप में पेश करने लगते हैं। इसका असल कारण यह है कि हमारे देश में मानसून का सम्मान करने की परंपरा समाप्त होती जा रही है-कारण हैं-तेज पलायन और गांवों का शहरीकरण।

भारतीय मानसून का संबंध मुख्यतया गरमी के दिनों में होने वाले वायुमंडलीय परिसंचरण में परिवर्तन से है। गरमी की शुरूआत होने से सूर्य उत्तरायण हो जाता है। सूर्य के उत्तरायण होने के साथ-साथ अंतःउष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र भी उत्तरायण होना प्रारंभ हो जाता है। इसके प्रभाव से पश्चिमी जेट स्ट्रीम हिमालय के उत्तर में प्रवाहित होने लगती है। इस तरह तापमान बढ़ने से निम्न वायु दाब निर्मिंत होता है। दक्षिण में हिन्द महासागर में मेडागास्कर द्वीप के समीप उच्च वायु दाब का विकास होता है, इसी उच्च वायु दाब के केंद्र से दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्पत्ति होती है।

जान लें कि तापमान बढ़ने के कारण एशिया पर न्यून वायु दाब बन जाता है। इसके विपरीत दक्षिणी गोलार्ध में शीतकाल के कारण दक्षिण हिन्द महासागर तथा उत्तर-पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पास उच्च दाब विकसित हो जाता है। परिणामस्वरूप उच्च दाब वाले क्षेत्रों से अर्थात महासागरीय भागों से निम्न दाब वाले स्थलीय भागों की ओर हवाएं चलने लगती हैं। सागरों के ऊपर से आने के कारण नमी से लदी ये हवाएं पर्याप्त वृष्टि प्रदान करती हैं।

जब निम्न दाब का क्षेत्र अधिक सक्रिय हो जाता है तो दक्षिण-पूर्वी व्यापारिक हवा भी भूमध्य रेखा को पार करके मानसूनी हवाओं से मिल जाती है। इसे दक्षिण-पश्चिमी मानसून अथवा भारतीय मानसून भी कहा जाता है। इस प्रकार एशिया में मानसून की दो शाखाएं हो जाती हैं-भारत में भी दक्षिण-पश्चिम मानसून की दो शाखाएं हो जाती हैं-बंगाल की खाड़ी और अरब सागर की शाखा। जलवायु परिवर्तन का गहरा असर भारत में दिखने लगा है, इसके साथ ही ठंड के दिनों में अल नीनो और दीगर मौसम में ला नीना का असर हमारे मानसून-तंत्र को प्रभावित कर रहा है।

विडंबना यह है कि हम अपनी जरूरतों के कुछ लीटर पानी को घटाने को तो राजी हैं, लेकिन मानसून से मिले जल को संरक्षित करने के मार्ग में खुद ही रोड़ा अटकाते हैं जबकि मानसून को सहेजने वाली नदियों में पानी सुरक्षित रखने की बनिस्बत रेत निकालने पर ज्यादा ध्यान देते हैं। हम भूल जाते हैं कि नदी की अपनी याददाश्त होती है, वह दो सौ साल तक अपने इलाके को भूलती नहीं। गौर से देखें तो आज जिन इलाकों में नदी से तबाही पर विलाप हो रहा है, वे सभी किसी नदी के बीते दो सदी के रास्ते में यह सोच कर बसा लिए गए कि अब तो नदी दूसरे रास्ते बह रही है, खाली जगह पर बस्ती बसा ली जाए।

दूर क्यों जाएं, दिल्ली में ही अक्षरधाम मंदिर से ले कर खेल गांव तक को लें, अदालती दस्तावेज में खुरपेंच कर यमुना के जल ग्रहण क्षेत्र में बसा लिए गए। दिल्ली के पुराने खादर में बीते पांच दशक में ओखला-



जामिया नगर से ले कर गीता कालोनी, बुराड़ी जैसी घनी कॉलोनियां बस गई और अब सरकार यमुना का पानी अपने घर में रोकने के लिए खादर को बसाने की बात कर रही है। बिहार राज्य में ही उन्नीसवीं सदी तक हिमालय से चल कर कोई छह हजार नदियां आती थीं जो संख्या आज घट कर बमुश्किल 600 रह गई है। असल में हम अपने मानसून के मिजाज, बदलते मौसम में बदलती बरसात, बरसात के जल को सहेज कर रखने के प्राकृतिक खजानों की रक्षा के प्रति न तो गंभीर हैं, और न ही कुछ नया सीखना चाहते हैं। पूरा जल तंत्र महज भूजल पर टिका है जबकि सर्वविविदत तथ्य यह है कि भूजल पेयजल का सुरक्षित साधन नहीं है। हर घर तक नल से जल पहुंचाने की योजना का सफल क्रियान्वयन मानसून को सम्मान देने से ही संभव होगा।

## उत्तराखंड तबाही : फितरती मानव ने प्रकृति पर अत्याचार बंद नहीं किया तो प्रकृति अपना बदला लेती रहेगी



नरेंद्र भारती

**कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते है। कुछ साल पहले भी उतराखंड में प्रकृति का रौद्र तांडव , एक त्रासदी है। प्रलय में असमय व अकाल ही निर्दोष लोग मारे गए थे । कुछ बच गए थे कुछ लापता हो गए थे । प्रकृति एक ऐसी देवी है जो भेदभाव नहीं करती प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता,प्रत्येक मानव को बराबर धूप व हवा व पानी दे रही है। मानव कृतध्न बनता जा रहा है। मानव ने स्वार्थो की पूर्ति के लिए प्रकृति को लहूलुहान किया है। आज प्रकृति ने अपना बदला ले लिया है।**

प्र फितरती मानव ने प्रकृति पर अत्याचार बंद नहीं किया तो प्रकृति अपना बदला लेती रहेगी ' विश्व विख्यात देवभूमि हिमाचल व उतराखंड में प्रकृति का तांडव ,एक त्रासदी है ' उत्तराखंड व हिमाचल को पता नहीं किसकी नजर लगी है की यहां तबाही ही तबाही हो रही है ' मात्र 34 सेकंड में प्रकृति ने धारली में पल भर में सब तहस नहस कर दिया दर्जनों लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग लापता हो गए हैं' धारली के पास हर्षिल में भी सेना का केम्प व हेलीपेड को भी नुकसान पहुंचा है सेना के 11 जवान लापता हैं ' होटल भी बह गए ' कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते है। कुछ साल पहले भी उतराखंड में प्रकृति का रौद्र तांडव , एक त्रासदी है। प्रलय में असमय व अकाल ही निर्दोष लोग मारे गए थे । कुछ बच गए थे कुछ लापता हो गए थे । प्रकृति एक ऐसी देवी है जो भेदभाव नहीं करती प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता,प्रत्येक मानव को बराबर धूप व हवा व पानी दे रही है। मानव कृतध्न बनता जा रहा है। मानव ने स्वार्थो की पूर्ति के लिए प्रकृति को लहूलुहान किया है। आज प्रकृति ने अपना बदला ले लिया है। तबाही की इबारत लिख दी है । मानव का अहम मिटाकर रख दिया है। गलतफहमियों में जी रहे मानव आज प्रकृति के आगे नतमस्तक हो चुकें है। अतीत में की गए कुकर्मो का पश्चाताप कर रहे है। प्रकृति ने मानव को समय-समय पर आगाह किया मगर इंटरनैट की दुनिया के जाल में फंसा मानव खुद को प्रकृति से बड़ा माने लगा था उसे यह आभास नहीं था कि प्रकृति सबसे बड़ी गुरु है। प्रकृति ने बहुत कुछ सहा है चारों तरफ गंदगी है वातावरण अशुद्ध हो गया है। वातवरण कि शुद्धि के लिए प्रकृति मजबूर हो गई और मगरुर हो चुके इंसान का गुरुर तोड़ कर रख दिया है। अनजाने में हुई भूल को माफ किया जा सकता है मगर जानबूझकर की गई गलतियों की सजा प्रकृति ने मानव को दे दी है। मानव को जीवन और मौत की परिभाषा सिखा दी है। यह प्रलय की आहट है। कुदरत ने भटक चुके मानव को पाप और पुण्य का अंतर समझा दिया है। प्रकृति का एक संदेश है भटक चुके व अहंकारी इंसान के लिए जो कुदरत से खिलवाड़ करता था। प्रकृति के प्रकोप से बचना है तो हमें अपनी जीवन शैली बदलनी होगी,छेड़छाड़ बंद करनी होगी। मानव को सबक सीखाती रहेगी। कुदरत का कहर बरपता रहेगा। यह प्रकृति का एक टरेलर ही है अगर अब भी मानव ने प्रकृति से छेड़छाड़ बंद नहीं की तो प्रकृति पूरी पिक्चर दिखएगी तब होश आएगा वक्त अभी संभलने का है। अभी भी वक़्त है प्रकृति से छेड़छाड़ मत कीजिये ' बेहरम बरसात ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक बहुत तांडव किया और हजारों लोगों को लील लिया बाढ़,भूसखलन के हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं केरल के वायनाड मे भूस्खलन होने से 43 लोगों की मौत हो गई थी इस भूसखलन मे लगभग 400 लोग लापता हो गए थे यह बहुत ही त्रासदी



थी ' चार गाँव बह गए थे और पुल, सड़क, मकान बह गए हैं ' एन डी आर एफ की टीमें जान जोखिम मे डाल कर लोगों का जीवन बचाती है 'भारी बरसात के कारण यह हादसे होते है ' सर्च ऑपरेशन व बचाव कार्य में भी काफी जोखिम होता हैं ' हिमाचल में भी बहुत तबाही हुई गाँव के गाँव दब गए लाशें नहीं मिली बादल फटने से 46 लोग मारे गए चलती गाड़ी पर पहाड़ी से पत्थर गिरने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई ' प्रतिवर्ष बरसात मे ऐसे हादसे होते हैं और लोगों को जान गंवानी पड़ती है 'प्रकृति की चेतावनी, सुधर जा मानव अभी सम्भलने वक़्त है'प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने वाले मानव को प्रकृति ने आगाह किया है की सुधर जाओ नहीं तो तबाह कर दूंगी यह तो एक ट्रेलर है अभी पूरी पिक्चर बाकि है हिमाचल के किन्नौर से लेकर भरमोर तक तबाही ही तबाही हो रही है बरसात का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है प्रतिदिन पहाड़ दरक रहे हैं ' बरसात ने सेकड़ों लोगों का जीवन लील लिया है कई बच्चे अनाथ हो गए माताएँ व बहनों का सिंदूर मिट गया यह बरसात इतने जख्म दे गई की जख्म तो भर जायेंगे पर निशान अमिट रहेंगे बरसात के कारण अब तक सेंकेड़ो लोग मारे जा चुके हैं जो बह गए अभी तक नहीं मिल सके हैं करोड़ो की सरकारी व निजी सम्पति बह गई लोगों की उम्र भर की कमाई खत्म हो गई लोगों को सड़को पर राते गुजारने पड़ रही है पल भर मे सब कुछ बह गया ' कारें व बसें भी बह गई,आलीशान घर पल भर मे बह गए ' सदियों पुराने पुल बह गए प्रकृति कभी भेदभाव नहीं करती लेकिन जब मानव ने प्रकृति का सीना छलनी कर दिया तो प्रकृति ने मानव को सबक सीखा दिया ' अवैध खनन के कारण नदियों व नालों का रास्ता बदल गया है लोगो ने नदियों के किनारे मकान बना दिए नतीजन अब भुगत रहे हैं ' बरसात अपना रोद्र रूप इंसान को दिखा चुकी है भटक चुके मानव को उसकी औकात दिखा दी है' मानव को भी छेड़छाड़ करना बंद कर देनी चाहिए ' पिछले साल20अगस्त को भी बहुत तबाही हुई थी मंडी के गोहर मे एक मकान के जमीदोज होने से आठ लोगो की मौत हो गई थी ' अगस्त मे लगातार मूसलाधार बारिस हो रही है सड़कें बह रही है पहाड़ मे बादल फट रहे हैं लोग असमय मारे जा रहे हैं ' अभी अगस्त माह बाकि है पता नहीं कुदरत क्या कहर ढाएगी ' प्रशांसन भी सक्रिय है लोगों को सुरक्षित जगह पर आश्रय दें रहा है लोगों को भी सतर्क रहना चाहिए नदियों का जलस्तर भी काफी हो चूका है लोग लापरवाही बरत रहे हैं और बह रहे हैं ऐसे लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए ' मानव को पहाड़ो से छेड़छाड़ बंद करनी होंगी ताकि आने वाले समय मे ऐसे हादसे रुक सके वक़्त अभी सभलने का है ' अगर अब भी सबक नहीं सीखा तो ऐसी तबाही लगातर होती रहेगी ' मानव को चाहिए की अब ऐसी भूल मत करें नहीं तो कुदरत नामोनिशान मिटा देगी ' गत बीते वर्ष रविवार को सुबह साढे दस बजे राज्य के चमोली जिला के तपोवन में ग्लेशियर टूटकर ऋषिगंगा नदी में गिरा और तबाही का मंजर पल भर में लोगों को लील गया। ऋषिगंगा नदी के किनारे रैणी गांव में ऋषिगंगा पावर प्रोजेक्ट तहस नहस हो गया और दर्जनों लोगों की लील गया था । 16 लोगों को एडीआरएफ ने बचा लिया था । 204 लोग लापता हो गए थे और 34 शव बरामद कर लिए थे यह बहुत ही त्रासदी है। पल भर में लोग बह गए थे और लापता हो गए थे । चमोली में लापता लोगां की तलाश के लिए अब जियोग्राफीकल स्कैनिंग की गई थी । प्रकृति समय-समय पर आगाह करती रहती है मगर फितरती हो चुका मानव खुद को समझकार समझता है मगर प्रकृति ने एक छोटे से झटके से उसको औकात दिख दी है। सरकारो ने मुआवजे की घोषणा कर दी है मगर मुआवजा इसका हल नहीं है। प्रकृति से खेलना बंद करना होगा। यह प्रलय निरंतर होते रहेगें। बीते साल 2024 में अम्फान चक्रवात ने पश्चिम बंगाल और उड़ीसा में तबाही मचा दी थी । 80 लोग अकाल बेमौत मारे गए थे। लाखों लोग बेघर हो गए थे । पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे। इलाके जल्मगन हो गए थे। देश में कभी भूकंप, कभी सुनामी, जैसी प्राकृतिक आपदाएं अपना जलवा दिखाती है तो कभी बाढ़ का रौद्र रुप जिदंगियां लीलता है। लाखों-हजारों लोग मारे जाते है। मानव भी प्रकृति से छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आते जब प्रकृति अपना बदला लेती है तब लोगों को होश आता समय-समय पर भीषण त्रासदियां होती रहती है मगर हम आपदाओं से कोई सबक नहीं सीखते। हर त्रासदी के बाद बचाव पर चर्चा होती है मगर कुछ दिनो बाद जब जीवन पटरी पर चलने लग जाता है तो इन बातों को भूला दिया जाता है। अगर बीती त्रासदियों से सबक सीखा जाए तो आने वाले भविष्य को सुरक्षित कर लिया जा सकता है। मगर हादसों व आपदाओं से न तो लोग सबक सीखते है और न ही सरकारें सबक सीखती हैं। कुछ दिन सरकारी अमला औपचारिकता निभाता है और उसके बाद अगली घटना तक कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते। सरकारो को इस आपदाओं पर मंथन करना चाहिए तथा शिविर लगाकर महानगरों, शहरों व गांवो के लोगों को जागरुक किया जाए। तभी तबाही से बचा सकता है। देश में प्राकृतिक आपदाओं का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रकृति का कहर अनमोल जिन्दगीयां लील रहा है। देश के हर राज्य में बरसात से त्रासदीयां हो रही है। इस विनाशकारी प्रकृति के कहर से जनमानस खौफजदा है। अक्तूबर 1999 में भी उड़ीसा में तूफान ने काफी तबाही मचाई थी। प्रकृति की इस विभिषिका में हजारों लोग अपंग हो गए थें। बच्चे अनाथ हो थे लाशे मलवे में दफन हो थी। सरकार को चाहिए की प्रत्येक गांव से लेकर शहरो तक आपदा प्रबंधन कमेटियां गठित करनी चाहिए जिसमें डाक्टर नर्स व अन्य प्रशिक्षित स्टाफ रखना चाहिए ताकि व त्वरित कारवाई करके लोगों को मौत के मुंह से बचा सके । अक्सर देखा गया है कि जब तक आपदा प्रबंधन की टीमें घटना स्थनों पर पहुचती है तब तक बची हुई सासें उखड़ जाती है लाशों के ढेर लग जाते है। अगर समय पर आपदा ग्रस्त लोगों को प्राथमिक सहायता मिल जाए तो हजारों जिदंगियां बचाई जा सकती हैं। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सरकार को कालेजों व स्कूलों में भी माकड्रिल जैसे आयोजन करने चाहिए ताकि अचानक होने वाली आपदाओं से अपना व अन्य का बचाव किया जा सके। स्कूलो व कालेजों मे चल रहे राष्ट्रज्जीय सेवा योजना व स्काउट एंड गाइड के स्वंयसेवियों को आपदा से निपटने के लिए पारगंत किया जाए। अगर यही स्वयसेवी अपने घर व गांवों में लोगों को आपदा से बचने के तरीके बताए तो काफी हद तक नुक्सान को कम किया जा सकता है। सरकार को चाहिए कि आपदा से बचाव के लिए प्रत्येक विभाग के कर्मचारियों को पूर्वाभ्यास करवाया जाए ताकि समय पर काम आ सके। पुलिस व अग्शिमन के कर्मचारियों को भी समय -समय पर ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए। अगर सभी लोग आपदा से बचाव के तरीके समझ जाएगें तो तबाही कम हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी से इन्कार की सजा: जिसे बनाना चाहता था दुल्हन, उसके संग किया गंदा काम, चीखती रही वो...रहम भी न आया

**फिरोजाबाद एजेंसी।** फिरोजाबाद के थाना नारखी इलाके में युवती के शादी करने से इन्कार करने पर बौखलाए युवक ने सभी हदों को लांघ दिया। वह रात के समय घर में घुस गया और छत पर सो रही युवती के साथ तमंचे के बल पर यौन शोषण किया। पुलिस द्वारा सुनवाई न करने पर न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना क्षेत्र की निवासी पीड़िता ने बताया कि उसके पिता की मौत के बाद मां ही अकेला सहारा हैं। मां ने फरिहा के अंधपुरा निवासी सिंटू उर्फ विमल के साथ उसका रिश्ता तय किया था। लेकिन आरोपी के पिता ने बाइक की मांग की। जिसे देने में पीड़िता की मां असमर्थ थी। मना करने पर आरोपी व उसके पिता ने मां-बेटी को पीटा।

इसके बाद शादी करने से उसने इन्कार कर दिया। 9 जून को उसकी मां घर के आंगन में और वह छत पर सो रही थी। तभी आरोपी सिंटू उर्फ विमल घर में घुस आया। उसने छत पर सोते समय उसे दबोच लिया। छेड़छाड़ करने के साथ सीने पर तमंचा रखकर यौन शोषण किया। तमंचे के डर से वो सहम गई। इस दौरान जब पीड़िता की मां जा गई, तो वो भाग निकला। पीड़िता ने थाने से लेकर अधिकारियों से मामले की शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तब उसने न्यायालय की शरण ली थी।

### हादसे में घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

**अलीगढ़ एजेंसी।** गांव ढांड में दुकान में स्कार्पियो घुसने से घायल शिवम निवासी गांव कैमथल की इलाज के दौरान सोमवार की रात दिल्ली में मौत हो गई। मंगलवार की शाम गांव में शव का अंतिम संस्कार किया गया। गांव कैमथल निवासी ओमेंद्र सिंह के अनुसार उनका भतीजा शिवम (20) पुत्र हरिराम सिंह दो भाइयों में बड़ा था और स्नातक का छात्र था। शुक्रवार को दोपहर बाद करीब सवा तीन बजे गोंडा-इगलास पर गांव ढांड में एक दुकान से कोल्ड ड्रिंक ले रहा था। उसके साथ सचिन निवासी सलेमपुर, रणदीप निवासी सादाबाद भी थे। इसी दौरान गोंडा की ओर से आई अनियंत्रित स्कॉर्पियो उनके भतीजे शिवम सहित तीनों को टक्कर मारते हुए दुकान में जा घुसी।

हादसे में इन तीनों के अलावा दुकानदार कैलाश चंद्र और कुलदीप घायल हुए थे। शिवम की हालत गंभीर होने पर दिल्ली रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान सोमवार रात उसकी मौत हो गई। गोंडा पुलिस के अनुसार घटना में दर्ज रिपोर्ट में युवक की मौत का मामला भी शामिल कर लिया गया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### ऑपरेशन महाकाल पहली रिपोर्ट जाजमऊ में दर्ज, पीड़ित बोला- सोशल मीडिया पर छवि खराब की, रुपये मांगते हैं

**कानपुर एजेंसी।** कानपुर में भूमाफिया और वसूलीबाजों पर शिकंजा कसने के लिए ऑपरेशन महाकाल की शुरुआत हो गई है। ऑपरेशन महाकाल के तहत पहली रिपोर्ट जाजमऊ थाने में दर्ज की गई है। जाजमऊ निवासी साहब अनवर ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें जिन नामों पर आरोप है उनमें एक बर्रा थाने का हिस्ट्रीशीटर और कथित पत्रकार दिवस पांडेय शामिल है। इसके अलावा शैलेंद्र सिंह यदुवंशी, नवीन गुप्ता, योगेश दीक्षित, अनिल गर्ग, मोहित शर्मा पर कम्मू शेख , फैजान हैदर, कमलेश फाइटर मुर्शीर, सिपाही सीमांत कुमार आदि शामिल हैं।

**छवि खराब करने और रुपये मांगने का आरोप:** इन सभी पर पीड़ित ने सोशल मीडिया पर छवि खराब करने और रुपये मांगने का आरोप लगाया है। इनमें से कमलेश और उसका कैमरा मैन जेल में है, जबकि दिवस पांडेय जिला बदर है। बता दें कि ऑपरेशन महाकाल के तहत भूमाफिया, वसूलीबाजों और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन पर रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही संपत्ति का जब्तीकरण किया जाएगा।

### एक गाय की वजह से दो दोस्तों की मौत, हादसा ऐसा...कांप जाएगा कलेजा; लाशें देख चीख पड़े घरवाले

**फिरोजाबाद एजेंसी।** फिरोजाबाद के थाना फरिहा क्षेत्र में सोमवार रात करीब दस बजे घर लौटते समय तीन दोस्तों की बाइक गाय से टकरा गई। हादसे में दो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर घायल को सरकारी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया है।

जसराना में गांव नगला कलू निवासी कुलदीप (25) दो भाई और एक बहन में बड़ा था। वह एक स्कूल में वैन चलाता था। वह गांव के ही दोस्त लोकेंद्र (24) के साथ शाम को सात बजे घर से बाइक से निकला था। रास्ते में उसके साथ स्कूल में वैन चलाने वाला 22 वर्षीय दोस्त रोहित निवासी पलिया भी मिल गया। इसके बाद तीनों फरिहा आए थे। रात में 10 बजे लौट रहे थे।

वे नगला कुम्हार गांव के पास पहुंचे थे कि रात में उनकी बाइक सड़क पार कर रही काले रंग की गाय से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों बाइक से छिटककर दूर गिरे। कुलदीप और लोकेंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग भागकर पहुंचे। सूचना पर पुलिस पहुंची।

# सीएम योगी बोले- 2017 से पहले नौकरियों की होती थी डकैती, चाचा-बबुआ करते थे वसूली

**बरेली , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली को कई विकास योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने 223 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही जिले में होने वाले 322 विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। इस मौके पर बरेली कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए पिछली सरकारों पर जमकर निशाना साधा।

### अच्छी सरकार विकास समृद्धि लेकर आती है- योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सावन माह में नाथनगरी में आकर महादेव के चरणों में नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बरेली की जनता को विकास कार्यों के लिए बधाई। उन्होंने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है तो विकास और समृद्धि साथ लेकर आती है। यह वही बरेली है, 2017 से पहले दंगे का दाग लगता था। बरेली दंगाग्रस्त जनपद बन गया था। लेकिन 2017 के बाद दंगा नहीं बल्कि आज नाथ कॉरिडोर से बरेली की पहचान बन गई है। मुख्यमंत्री ने शहर के सात नाथ मंदिरों का जिक्र किया।



**यूनानी मेडिकल कॉलेज का किया लोकार्पण :** मुख्यमंत्री योगी हजियापुर में बनकर तैयार यूनानी मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण किया। यह बरेली मंडल का पहला यूनानी मेडिकल कॉलेज है। इसके शुरू होने के बाद मंडल में इलाज के साथ पढ़ाई की राह आसान होगी। बरेली कॉलेज स्थित जनसभा स्थल पर मुख्यमंत्री की मौजूदगी में रोजगार मेले में करीबी 6000 पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत लाभार्थियों को डमी चेक भी दिए गए।
**डमरुओं की निनाद से स्वागत :** मुख्यमंत्री योगी सुबह 10 :40 बजे सर्किट हाउस पहुंचे। उन्होंने करीब एक घंटे तक जनप्रतिनिधियों के साथ मंडलीय बैठक की। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी जनसभा स्थल बरेली कॉलेज पहुंचे। मंच पर सीएम योगी का डमरुओं की निनाद से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री योगी ने बटन दबाकर 322 विकास कार्यों का शिलान्यास और 223 योजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र व प्रतीकात्मक चाबी, डमी चेक प्रदान किए। खिलाड़ियों को प्रमाणपत्रों देकर सम्मानित किया। उनसे बात कर उनका हौसला बढ़ाया।

### 2017 से पहले नौकरियों पर डाली जाती थी डकैती

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले नौकरियों पर डकैती डाली जाती थी। बंटरबांट होता था। कहीं चाचा वसूली के लिए निकलते थे, कहीं बबुआ। कहीं कोई भतीजा निकल रहा तो कहीं पर भाई निकल रहा। उन रिश्तों को देखकर हर कोई असमंजस में रहता था कि महाभारत में तो ये रिश्ते देखे थे, लेकिन एक नौजवान की नौकरी पर ये रिश्ते कैसे लूट मचाए हुए थे, यह सबने देखा है।
उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें बांटने का काम करती थीं। वोटबैंक की राजनीति के माध्यम से तुष्टिकरण करती थीं। सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सम्मान करती थीं। डबल इंजन की भाजपा सरकार तुष्टिकरण नहीं बल्कि विकास से जनता की संतुष्टि का माध्यम बन रही है। विरासत को विकास के माध्यम से जोड़ रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि न्यू बरेली में विकास प्राधिकरण, नगर निगम व जनप्रतिनिधियों द्वारा उनके परिणाम विकास के रूप में देखने को मिल रहे हैं। अब कोई बरेली को दंगाग्रस्त बरेली नहीं कह सकता है। इसका प्रमाण सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान हमने देखा है।

### बिना भेदभाव के सबका विकास- योगी

सीएम योगी ने कहा कि हम विकास की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के जाति, मजहब, भाषा देखे बिना हर किसी को देंगे। लेकिन अगर कोई मानता हो कि किसी विशेष रूप से उनके लिए पिछली सरकारों की तर्ज पर योजनाएं बनेंगी। अब वह नहीं हो सकता है। अब नया भारत है, योजनाओं में भेदभाव नहीं करता है।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के बारे में बताया

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां रोजगार मेला भी लगा है। युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित हुए हैं। बताया कि उत्तर प्रदेश में सरकार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम लागू की है। इसके तहत लाभार्थी को पांच लाख रुपये का गारंटी मुक्त ब्याज मुक्त ऋण मिलता है। सरकार इस योजना से अब तक 70 हजार युवाओं को जोड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले युवाओं के लिए योजना नहीं बनती थीं। 2017 से पहले युवाओं के सामने पहचान का संकट था। आज पहचान के संकट से नहीं गुजरता नहीं पड़ रहा है।



### मेडिकल कॉलेज की संविदा नर्सें बहिष्कार पर, भटक रहे मरीज-स्वास्थ्य सेवाएं बाधित

**देवरिया , एजेंसी।** महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में बुधवार सुबह स्वास्थ्य सेवाएं ठप हो गई, जब लगभग ढाई सौ संविदा नर्सों और मल्टी-पर्पस वर्कर्स (एमपीडब्ल्यू) ने दो माह से वेतन न मिलने के विरोध में कार्य बहिष्कार कर गेट पर धरना शुरू कर दिया। सुबह आठ बजे शुरू हुए इस आंदोलन ने कुछ ही देर में अस्पताल का कामकाज अस्त-व्यस्त कर दिया। धरने के साथ ही सबसे पहले पर्ची काउंटर बंद हो गया, जिससे दूर-दराज से इलाज कराने पहुंचे मरीज और उनके परिजन घंटों परेशान रहे। ओपीडी, जांच और अन्य विभागों में भी कामकाज बाधित हो गया। इलाज के लिए आए मरीज मनोज ने बताया, सुबह 7 बजे से लाइन में खड़ा हूं, लेकिन पर्ची न बनने के कारण डॉक्टर से दिखा नहीं पा रहा हूं। धरने पर बैठी नर्सों का कहना है कि वे पिछले दो माह से बिना वेतन के काम कर रही हैं और कई बार वेतन भुगतान की मांग की, लेकिन हर बार प्रशासन ने सिर्फ आश्वासन दिया। मजबूर होकर उन्हें यह कदम उठाना पड़ा है। एक घंटे बीतने के बाद भी मेडिकल कॉलेज का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे नर्सों में नाराजगी और मरीजों में आक्रोश और बढ़ गया। संविदा नर्सों और एमपीडब्ल्यू ने चेतावनी दी है कि जब तक वेतन नहीं मिलेगा, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

# धान का रकबा 29 फीसदी बढ़ा, 65 प्रतिशत खप गई यूरिया

### अफसर बोले- किसान दो बार डाल रहे हैं खाद, जांच के आदेश

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में प्राकृतिक खेती पर जोर के बीच अचानक यूरिया की खपत वृद्धि ने शासन की चिंता बढ़ा दी है। बीते चार माह में 17,178 मीट्रिक टन यूरिया खाद की खपत के साथ जिला प्रदेश में 32वें स्थान पर पहुंच गया है। जिले में धान की खेती का रकबा तो 29 फीसदी ही बढ़ा, लेकिन बीते वर्ष से 65 फीसदी ज्यादा यूरिया की खपत हो गई। ये आंकड़ा तो रोपाई के समय का है अभी निराई बाकी है। उसके बाद यूरिया की खपत के आंकड़े दोगुने हो जाएंगे। बीते वर्ष 10,403 मीट्रिक टन खाद बिकी थी।

मंडल में यूरिया की सर्वाधिक खपत करने में पहले स्थान पर कन्नौज, दूसरे स्थान पर कानपुर देहात, तीसरे पर फर्रुखाबाद और चौथे नंबर पर कानपुर है। एकाएक भारी मात्रा में यूरिया की खपत पर इसकी जमाखोरी की आशंका को देखते हुए शासन ने जांच के आदेश दिए हैं। हर वर्ष धान के रकबे की अपेक्षा यूरिया खाद की खपत निरंतर बढ़ रही है। वर्ष 2024 में जिले में धान के 32,169 हेक्टेयर रकबे के लक्ष्य के सापेक्ष 32,173 हेक्टेयर में फसल की पैदावार हुई।

**6,775 मीट्रिक टन ज्यादा यूरिया खेतों में डाली:** अप्रैल से जुलाई तक 10,403 मीट्रिक टन खाद की बिक्री हुई थी। वर्ष 2025 में शासन की ओर से धान का रकबे का लक्ष्य बढ़ाकर 47,188 हेक्टेयर कर दिया था। उस समय 45,297 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की रोपाई की गई थी।



इस बार बीते वर्ष के मुकाबले रकबा 13,124 हेक्टेयर बढ़ा और धान की खपत 17,178 मीट्रिक टन हो गई। इस वर्ष धान का रकबा तो बढ़ा है, लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में 6,775 मीट्रिक टन ज्यादा यूरिया किसानों ने खेतों में डाल दी।

**दुकानदारों की जांच में जुटा विभाग:** अभी किसानों ने पहली बार यूरिया खेतों में डाली है, एक माह बाद दोबारा खाद डालने पर आंकड़ा दोगुना हो जाएगा। ये आंकड़े खाद की कालाबाजारी की तरफ भी इशारा करते हैं। कृषि विभाग के अधिकारी धान का मौसम अनुकूल रहने को रकबा बढ़ने का प्रमुख कारण बता रहे हैं।

इसके अलावा किसानों द्वारा जरूरत से अधिक खाद खरीदना भी एक वजह है। अब कृषि विभाग अधिक यूरिया खाद खरीदने किसान व बिक्री करने वाले दुकानदारों की जांच कर रहा है।

**किसान दो बार डाल रहे खाद:** कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभी धान की रोपाई हुई है। निराई के बाद एक बार और यूरिया खेतों में डाली जाएगी। किसान रोपाई और निराई के समय खेतों में खाद का प्रयोग करते हैं।

# 8300 स्कूलों के ऊपर से जल्द हटेंगे हाईटेंशन तार, बेसिक शिक्षा विभाग ने ऊर्जा विभाग को भेजा पत्र

**लखनऊ , एजेंसी।** बेसिक शिक्षा विभाग ने ऊर्जा विभाग को पत्र भेजकर विद्यालयों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के हाईटेंशन तारों को हटवाने की कार्यवाही जल्द करने को कहा है। यहां बता दें कि प्रदेश में लगभग 8300 विद्यालय ऐसे हैं, जिनके ऊपर से हाईटेंशन तार गए हैं।

लंबे समय से इनको हटवाने के लिए कवायद व पत्राचार चल रहा है। जिला स्तर पर इसके लिए बजट न होने की बात कही गई। इसके बाद नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में बेसिक शिक्षा व ऊर्जा विभाग ने इसके लिए बजट प्रावधान भी किया है। फिर भी यह काम गति नहीं पकड़ सका।

जानकारी के अनुसार हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक विद्यालयों से जुड़ी समीक्षा बैठक में इस पर त्वरित कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

इस क्रम में बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर



कहा गया है कि हाईटेंशन तार हटवाने की कार्यवाही शुरू की जाए। वहीं ऊर्जा विभाग की ओर से 80 करोड़ का बजट स्वीकृत करते हुए सभी जिलों में डीएम की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाकर विद्यालयों का परीक्षण कराकर जल्द अभियान चलाकर कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

### रफ्तार पकड़ेगी इंटीग्रेटेड टाउनशिप: 50 हेक्टेयर में जनवरी से शुरू होगी प्लॉटिंग, मेरठ में निवेशकों को होगा लाभ

**मेरठ , एजेंसी।** इंटीग्रेटेड टाउनशिप के मुख्यमंत्री योगी भूमि पूजन व शिलान्यास के साथ ही यह प्रोजेक्ट अब तेजी से रफ्तार पकड़ेगा। पहले फेज में मेरठ विकास प्राधिकरण (मेडा) 50 हेक्टेयर में ब्लॉक तैयार करेगा। इसमें जनवरी से प्लॉटिंग होगी। मंगलवार को मेडा उपाध्यक्ष ने बैठक कर टाउनशिप को प्राथमिकता देते हुए तेजी के निर्देश दिए। टाउनशिप में चौड़ी सड़कें होंगी। आसपास के गांवों से फीडर मार्ग के जरिए कनेक्टिविटी होगी। एनसीआरटीसी की ओर से ट्रांजिट ओरिएंटेंड डेवलपमेंट प्लान (टीओडी) के तहत जोनल प्लान तैयार किया गया है। शासन में प्रजेंटेशन के बाद चीफ टाउन एंड कंट्री प्लानर (सीटीसीपी) की ओर से कुछ सुधार के निर्देश दिए हैं। सुधारों को समाहित कर फिर से शासन को भेजा जाएगा, वहां से स्वीकृति के बाद टाउनशिप का लेआउट तैयार होगा। टाउनशिप में आवासीय, व्यावसायिक, शैक्षिक, ग्रुप हाउसिंग, अस्पताल, हेल्थ क्लब आदि के लिए प्लॉट होंगे। इनमें उच्च आय, मध्यम आय, अल्प आय और दुर्बल आय वर्ग के लिए मकान और प्लॉट होंगे। टाउनशिप में निवेशकों को लाने के लिए ग्रुप हाउसिंग के प्लॉट भी होंगे। मेडा स्वयं और निजी निवेशकों के जरिए टाउनशिप को विकसित करेगा। महायोजना 2021 करीब 500 वर्ग किमी. की थी। अब महायोजना-2031 बढ़कर 1043 वर्ग किमी. की हो गई है। पूरे क्षेत्र को 24 जोन में बांटकर प्लान तैयार होगा। दिल्ली रोड, रुड़की रोड को रैपिड कॉरिडोर के तहत विकसित किया जा रहा है। परतापुर-भूड़बराल में 288.79 हेक्टेयर और मोदीपुरम में 457.06 हेक्टेयर में स्पेशल डवलपमेंट एरिया (एसडीए) है। टीओडी के तहत सात जोन का प्लान बनाया गया। बाद में दो जोन और जोड़ दिए गए।

### तीन मासूमों की मौत बनी रहस्य : पोस्टमार्टम में डूबने की पुष्टि, लेकिन उठे कई सवाल, एडीजी ने बनाई तीन एसपी की टीम

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के जानीखुर्द में कस्बा सिवालखास से तीन मासूम शिवांश (8), ऋतिक (8) और मानवी (7) की मौत का मामला अब तक सुलझा नहीं है। भले ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तीनों की मौत का कारण पानी में डूबना आया है। बच्ची मानवी की डूबने के साथ गर्दन की हड्डी टूटने की बात भी आई है। इसी वजह से एडीजी भानु भास्कर अभी तक की पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं हैं। मंगलवार को एडीजी ने डीआईजी कलानिधि नैथानी, एसएसपी डॉ विपिन ताडा के साथ सिवालखास पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। तीनों पीड़ित परिवारों से मिलकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के परिजनों का आश्वासन दिया कि घटना का सही खुलासा होगा। एडीजी ने एसपी क्राइम अवनीश कुमार, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा की टीम बनाकर जांच के आदेश दिए हैं। एडीजी ने कहा कि जब से बच्चे लापता हुए और जब शव मिले, तब तक बच्चों के साथ क्या-क्या हुआ, कहां-कहां गए, किस दुकान से सामान लिया, हर स्तर की जांच रिपोर्ट चाहिए। उन्होंने फोरेंसिक टीम से भी जल्द अपनी रिपोर्ट देने के लिए कहा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी विश्लेषण कराने के निर्देश एसएसपी डॉ विपिन ताडा को दिए गए हैं।

# मिड डे मील: घोटाला, दुर्व्यवहार के आरोप में परिषदीय विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

**वाराणसी , एजेंसी।** काशी विद्यापीठ शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय महेशपुर की प्रधानाचार्य शैल कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन पर मिड-डे-मील में गड़बड़ी, शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार और अन्य अनियमितताओं के गंभीर आरोप हैं। यह कार्रवाई दो सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर की गई है, जिसमें शैल कुमारी को प्रथम दृष्ट्या दोषी पाया गया है। निलंबन की अवधि के दौरान उन्हें काशी विद्यापीठ के ब्लॉक संसाधन केंद्र से संबद्ध किया गया है। शिक्षिकाओं और अभिभावकों की शिकायतों में मिड-डे-मील में छात्रों की उपस्थिति को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने, खाने की गुणवत्ता खराब होने, शिक्षण कार्य न करने और विद्यालय की संपत्ति बेचने जैसे आरोप शामिल थे। खंड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र, और खंड शिक्षा अधिकारी बड़ागांव की एक जांच समिति ने 10 मई को विद्यालय का निरीक्षण किया। टीम ने पाया कि मिड-डे-मील रजिस्टर में दर्ज छात्रों की संख्या और वास्तविक रूप से उपस्थित छात्रों की संख्या में बड़ा अंतर है।

**निरीक्षण में मिली थी कमी:** जांच में पाया गया कि रजिस्टर में प्राथमिक संवर्ग में 68 और उच्च प्राथमिक संवर्ग में 73 बच्चों की उपस्थिति अधिक दर्ज की गई थी। इससे एक ही दिन में 1,099 रुपये के कंवर्जन कॉस्ट का गलत भुगतान और 17 किलो खाद्यान्न का गलत उपयोग किया गया।

342 छात्रों की कुल संख्या होने के बावजूद, केवल 12 किलो चावल और उसके अनुपात में सब्जियां इस्तेमाल की गईं, जो निर्धारित मात्रा से कम था। रिपोर्ट में विद्यालय से 20-25 ट्री गार्ड, 7 साइकिल और हैंडपंप के पाइप गायब पाए गए।

**प्रभार के लिए विवाद:** जांच में यह भी सामने आया कि प्रधानाध्यापक का प्रभार वरिष्ठता क्रम में छठीं पायदान पर आने वाली शैल कुमारी को दिया गया था, जबकि दो वरिष्ठ शिक्षिकाओं के इन्कार के बाद तीसरे स्थान पर मौजूद शीला यादव इस पद के लिए तैयार थीं। शैल कुमारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी के आदेश के बावजूद शीला यादव को प्रभार नहीं सौंपा। जांच अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में शैल कुमारी के खिलाफ लगाए गए आरोपों को प्रथम दृष्ट्या सही पाया। रिपोर्ट में कहा गया है कि उनका कार्य और व्यवहार शिक्षक आचरण नियमावली और कर्मचारी आचरण नियमावली के खिलाफ है। इन निष्कर्षों के आधार पर, शैल कुमारी को निलंबित कर उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। खंड शिक्षा अधिकारी हरहुआ को जांच अधिकारी सौंपा गया है।

# स्पा सेंटर के दो संचालक गिरफ्तार, तीन बैंक खातों की भी होगी जांच; 13 युवक-युवती पकड़े गए थे

**वाराणसी, एजेंसी।** सुंदरपुर में स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार कराने के आरोपी धीरज पटेल और इंद्रजीत उर्फ गोलू को चितईपुर पुलिस ने मंगलवार को सुंदरपुर से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने तीन बैंक खातों को भी चिह्नित किया है। बैंकों से पत्राचार किया जा रहा है। मैनेजर और मालिक के बैंक खातों को भी अटैच किया जा रहा है। रजिस्टर में दर्ज नंबरों की भी छानबीन की जा रही है।

डीसीपी क्राइम सरवणन टी. ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में चोलापुर के हाजीपुर



निवासी इंद्रजीत उर्फ गोलू और मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के मनकईया भोरकला निवासी धीरज पटेल है। सोमवार शाम एसओजी-2 के प्रभारी अभिषेक पांडेय ने सुंदरपुर रोड में सोल ग्लैमर्स स्टूडियो स्पा सेंटर और द रिलेक्स स्पा सेंटर में छापा मारा था।

दोनों सेंटरों से आठ युवतियां और पांच युवक पकड़े गए थे, जिन्हें पूछताछ के बाद हिदायत देकर छोड़ा गया था। स्पा सेंटर संचालक धीरज और इंद्रजीत उर्फ गोलू के व्हाट्सएप चैट और मोबाइल नंबरों से मैनेजर, मालिक और कई करीबियों का भी पता चला है। रजिस्टर से बरामद 30 मोबाइल नंबरों को खंगाला भी जा रहा है। संपत्तियों को जब्त किया जाएगा।

**गेस्ट हाउस में अनैतिक कृत्य करने वाले भी रडार पर:** बीएचयू के हैदराबाद गेट के आसपास, अस्सी और सामनेघाट में भी कई स्पा सेंटरों के संचालन की सूचना है। कुछ गेस्ट हाउस में भी अनैतिक कृत्य हो रहे हैं। चोरी छिपे अनैतिक कृत्य से धन अर्जित करने वालों के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस कार्रवाई करेगी। बैंक खातों को फ्रीज करने और संपत्ति जब्त की जाएगी।

# इस महीने में नौ दिन बंद रहेंगे बैंक

## - नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग जैसी डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चलती रहेंगी

**नई दिल्ली।**

साल 2025 का अगस्त महीने में कई त्योहार और राष्ट्रीय पर्व हैं, जिसकी वजह से बैंकों में कोई कामकाज नहीं होगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी छुट्टियों की सूची के अनुसार, उत्तराखंड के स्टेट कलेंडर के मुताबिक, अगस्त 2025 में बैंक में कुल 9 दिन बंद रहेंगे। इस दौरान बैंकों में कोई कामकाज नहीं होगा। अगस्त के महीने में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी छुट्टियों की सूची की छुट्टियों में साप्ताहिक अवकाश (रविवार और दूसरा/चौथा शनिवार), राष्ट्रीय अवकाश और कई राज्यों के क्षेत्रीय त्योहार भी शामिल हैं। 9 अगस्त के दिन शनिवार को देशभर में भाई-बहनों का त्योहार रक्षाबंधन मनाया जाएगा। इसलिए इस दिन बैंक बंद रहेंगे। इसके साथ ही, इस दिन महीने के दूसरे शनिवार के कारण भी देशभर के बैंक बंद रहते हैं। 15 अगस्त शुक्रवार के दिन देशभर में जश्न-ए-आज़ादी यानी स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। यह भारत का राष्ट्रीय पर्व है और पूरे देश में राष्ट्रीय अवकाश होने के चलते बैंक बंद रहते हैं। यह एक लंबा वीकेंड भी बना रहा है, जिससे बैंकिंग सेवाओं पर असर पड़ सकता है। 16 अगस्त को शनिवार है और इस दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन यानी जन्माष्टमी है, इस दिन उत्तराखंड में बैंक बंद रहेंगे। 15 अगस्त शुक्रवार को है और उसके बाद 16 अगस्त को जन्माष्टमी और 17 अगस्त को रविवार है यानी बैंक में सीधे तौर पर 3 दिनों की छुट्टियां रहेंगी। हालांकि, बैंकों की शाखाएं इन छुट्टियों के दौरान बंद रहेंगी लेकिन नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और एटीएम जैसी डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चलती रहेंगी।




# भारत में हाइब्रिड कारों की बिक्री में देखने को मिला बूम




**नई दिल्ली।**

भारत में हाइब्रिड कारों की बिक्री में बूम देखने को मिला है। साल 2025 की पहली छमाही में हाइब्रिड कार की 52,000 से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं। इस सेगमेंट ने 62.5प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इस समय टोयोटा किर्लोस्कर मोटर्स 81प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ मार्केट लीडर है, लेकिन अब मारुति सुजुकी और महिंद्रा जैसे बड़े खिलाड़ी इस सेगमेंट में उतरने को तैयार हैं। दोनों कंपनियां साल 2026 में अपनी पहली किफायती हाइब्रिड एसयूवीएस लॉन्च करने जा रही हैं, जिससे बाजार में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है। मारुति अपनी फ्रोंक्स कॉम्पैक्ट क्रॉसओवर का हाइब्रिड वर्जन लाने की तैयारी कर रही है, जिसमें नया झेड12ई 3-सिलेंडर पेट्रोल इंजन और 1.5केडब्ल्यूएच से 2केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक होगा। यह सीरीज हाइब्रिड टेक्नोलॉजी मारुति की इन-हाउस विकसित तकनीक है और इसका उद्देश्य ग्राहकों को फ्यूल एफिशिएंट और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प देना है।

दूसरी ओर, महिंद्रा अपनी एक्सयूवी 3गुणाह्र का हाइब्रिड वर्जन पेश करने जा रही है, जिसमें 1.2 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन और एडवांस हाइब्रिड सिस्टम होगा। पहले ही डिजाइन और फीचर्स के लिए चर्चा में रही इस एसयूवी का हाइब्रिड वर्जन मिड-सेगमेंट ग्राहकों को आकर्षित कर सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो दोनों कंपनियां यदि अपनी गाड़ियां आक्रामक कीमत और भरोसेमंद परफॉर्मेंस के साथ पेश करती हैं, तो टोयोटा की बादशाहत को चुनौती मिल सकती है।

# टाटा मोटर्स ने कुल 5,972 यूनिट्स इलेक्ट्रिक कारें बेचीं




**नईदिल्ली।**

स्वदेशी टाटा मोटर्स कंपनी ने कुल 5,972 यूनिट्स इलेक्ट्रिक कारें बेचीं, जो अन्य कंपनियों से कहीं ज्यादा है। इस महीने भी टाटा मोटर्स ने देश के इलेक्ट्रिक कार बाजार में नंबर-1 की पोजीशन पर कब्जा जमाए रखा। भारत में जुलाई 2025 में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री के यह आंकड़े इसका स्पष्ट प्रमाण हैं।

बिक्री के मामले में एमजी मोटर दूसरे नंबर पर रही, जिसने जुलाई में 5,013 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। वहीं, महिंद्रा तीसरे स्थान पर रही, जिसकी 2,789 इलेक्ट्रिक कारें ग्राहकों ने खरीदीं। इन दोनों ब्रांड्स ने भी अपने-अपने सेगमेंट में मजबूती से पकड़ बनाई हुई है, खासकर एमजी की झेडएस ईवी और महिंद्रा की एक्सयूवी 400 जैसी कारों को लोगों ने पसंद किया। चौथे नंबर पर रही हुंडई, जिसकी 602 यूनिट्स की बिक्री दर्ज हुई। हालांकि कंपनी ने आयोनिक 5 और कोना ईवी जैसी प्रीमियम रेंज पेश की है, लेकिन इनकी बिक्री टॉप कंपनियों से पीछे रही।

बीवायडी ने कुल 453 यूनिट्स बेचकर पांचवां स्थान हासिल किया, जो एक उभरता हुआ नाम है। छठे नंबर पर बीएमडब्ल्यू रही, जिसने 225 यूनिट्स इलेक्ट्रिक कारें बेचीं। मर्सिडीज बेंज ने 85 यूनिट्स के साथ सातवां स्थान हासिल किया, जबकि सिट्रोएन सिर्फ 41 यूनिट्स बेच पाई और आखिरी पायदान पर रही। बता दें कि टाटा की किफायती कीमत, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और व्यापक नेटवर्क ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

# महिंद्रा ग्रुप अपने 14,000 कर्मचारियों को दिवाली पर देंगे शेयर

**नई दिल्ली।**

महिंद्रा ग्रुप ने इस दिवाली अपने 14,000 से अधिक कर्मचारियों को एक खास तोहफा दिया है। कंपनी ने बोनस के रूप में नकद राशि देने की बजाय कर्मचारियों को कंपनी के शेयर देने की घोषणा की है। इस वन-टाइम बोनस की कुल वैल्यू लगभग 500 करोड़ रुपये होगी। इस योजना का लाभ महिंद्रा एंड महिंद्रा (ऑटो और फार्म सेक्टर्स), महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल और महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी की यूनिट्स में कार्यरत स्थायी कर्मचारियों को मिलेगा। खास बात यह है कि इस योजना में फैक्ट्री और शॉपफ्लोर वर्कर्स को भी शामिल किया गया है। यह पहली बार है जब किसी भारतीय कंपनी ने दिवाली बोनस के रूप में स्टॉक वितरित किए हैं और साथ ही पहली बार महिंद्रा ने अपने ब्लू-कॉलर कर्मचारियों को स्टॉक ओनरशिप का लाभ दिया है। इस योजना के लिए पात्र कर्मचारी वे होंगे जो कंपनी के परमानेंट पे-रोल पर हैं और जिन्होंने कम से कम 12 महीने की सेवा पूरी कर ली है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में महिंद्रा एंड महिंद्रा का मुनाफा सालाना आधार पर 24 फीसदी बढ़कर 4083 करोड़ हो गया है, जबकि कंपनी की कुल आय 45,529 करोड़ रही। इस पहल से न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि उन्हें कंपनी की ग्रोथ से सीधे जुड़ने का अवसर भी मिलेगा।




# पेटीएम के बाद अब चीन की एक दिग्गज कंपनी भी जोमैटो से बाहर निकलेगी

**नई दिल्ली।**

चीन के दिग्गज उद्योगपति जैक मा की कंपनी-एंट फाइनेंशियल भारत की एक और कंपनी से बाहर निकलने की तैयारी कर रही है। दरअसल, एंट फाइनेंशियल ऑनलाइन फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी इटरनल लिमिटेड यानी जोमैटो में एक ब्लॉक डील के जरिए हिस्सेदारी बेच सकती है। बता दें कि एंट फाइनेंशियल ने हाल ही में हिस्सेदारी बेचकर पेटीएम से खुद को अलग कर लिया है। एक खबर के मुताबिक इटरनल में एंट फाइनेंशियल ब्लॉक डील के तहत 18.85 करोड़ शेयर बेच सकता है। एंटफिन जितने शेयर बेचने की योजना बना रहा है, वह कंपनी की बकाया इक्विटी का 2 फीसदी है। ब्लॉक डील के लिए फ्लोर प्राइस 285 प्रति शेयर तय किया गया है, जो बुधवार को इटरनल के बंद भाव से 5 फीसदी कम है। इस खबर के बीच, इटरनल के शेयर बुधवार को 0.7 फीसदी गिरकर 300 पर बंद हुए। पिछले एक महीने में यह शेयर 16 फीसदी चढ़ा है। एक सप्ताह में यह भारत की दूसरी कंपनी है जिसमें से एंट फाइनेंशियल ने हिस्सेदारी बेच रही है। बीते दिनों उद्योगपति जैक मा की कंपनी एंट फाइनेंशियल ने डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में अपनी समूची 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 3,980 करोड़ रुपये में बेच दी है।




## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 24 पैसे बढ़कर 87.47 रुपये पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने के बाद गुरुवार को शुरुआती कारोबार में रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार करते हुए पांच पैसे बढ़कर 87.67 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि ट्रंप के इस आक्रामक कदम से चुनिंदा भारतीय निर्यातों पर प्रभाव पड़ेगा। ये अतिरिक्त शुल्क 21 दिनों में लागू होगा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.69 पर खुला और फिर 87.67 के स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे अधिक है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे बढ़कर 87.72 पर बंद हुआ था। इस बीच वायदा कारोबार में ब्रेंट क्रूड की कीमत 0.99 प्रतिशत बढ़कर 67.55 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई।




## आरबीआई का एलानः आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने जरूरी कदम उठाएंगे

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद कहा कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होगा, आरबीआई वह करता रहेगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में भारत ने ब्रिटेन, यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौते किए हैं, जबकि अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य देशों से बातचीत जारी है। गवर्नर ने कहा कि टैरिफ जैसे वैश्विक कारकों से अर्थव्यवस्था पर असर हो सकता है, लेकिन आरबीआई स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि देश के पास 11 महीने के आयात को कवर करने योग्य विदेशी मुद्रा भंडार है। बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति भी संतोषजनक है–ग्रोस एनपीए 2.2 फीसदी और नेट एनपीए 0.5-0.6 फीसदी है। साथ ही सह-ऋण व्यवस्था पर नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे रेगुलेटेड संस्थाएं आपस में ऋण वितरण कर सकेंगी।

## जुलाई में घरेलू वाहन बिक्री में 4 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने गुरुवार को बताया कि जुलाई 2024 में भारत में घरेलू स्तर पर वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर लगभग 4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इस महीने कुल पंजीकरण 19,64,213 इकाई तक सीमित रहे, जबकि जुलाई 2023 में यह आंकड़ा 20,52,759 इकाई था। विशेष रूप से यात्री वाहनों की बिक्री में मामूली गिरावट आई है। जुलाई 2024 में यात्री वाहनों की बिक्री 3,28,613 इकाई रही, जो पिछले साल जुलाई में 3,31,280 इकाई थी। फाडा ने बताया कि यह कमी मुख्य रूप से पिछले साल की तुलना में उच्च आधार प्रभाव के कारण हुई है, जहां पिछला वर्ष अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया था।ग्रामीण क्षेत्रों में वाहन बिक्री को बढ़ावा देने के लिए शुभ दिनों, लक्षित योजनाओं और ग्रामीण विपणन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव देखा गया। वहीं, शहरी इलाकों में ग्राहक की सीमित धारणा और मांग कमजोर रहने के कारण बिक्री धीमी रही।फाडा ने यह भी कहा कि आने वाले त्योहारी सत्र में बिक्री को मजबूत बनाए रखने के लिए बाजार में निपुण और संतुलित छूट, बेहतर वित्तीय सुविधाएं और शहरी इलाकों में व्यापक पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी होगा। इसके अलावा, उपभोक्ताओं की उम्मीदों को पूरा करने के लिए कंपनियों को रणनीतिक कदम उठाने होंगे ताकि वाहन बिक्री में तेजी लाई जा सके।



# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## ट्रंप सरकार की टैरिफ धमकी रही बेअसर

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये बढ़त एशियाई बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बाद भी खरीदारी हावी रहने से आई है। बाजार पर अमेरिका की डोनाल्ट ट्रंप सरकार के 50 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा से भी कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 79.27 अंक बढ़कर 80,623.26 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी अंत में 21.95 अंक ऊपर आकर 24,596 पर बंद हुआ। बाजार जानकारों के अनुसार वीकली एक्सपायरी के बीच घरेलू शेयर बाज़ारों ने दिन के निचले स्तरों से तेज़ी से रिकवरी की जिससे बाजार में ये बढ़त रही। अमेरिकी टैरिफ़ में भारी बढ़ोतरी के बाद व्यापक बिकवाली ने शुरुआत में कारोबार पर दबाव बनाया था पर ट्रम्प की रुस और यूक्रेन से संभावित शांति वार्ता की खबरों से व्यापार पर बाजार की धारणा मजबूत हुई। इससे ऑटो, फार्मा, मेटल और एनर्जी क्षेत्रों में मज़बूत आई। जिससे बाजार शुरुआत नुकसान से उबर पाया। आज सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर सबसे ज्यादा 2 फीसदी से अधिक बढ़कर बंद हुए। वहीं एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, मारुति, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर ऊपर आये। वहीं दूसरी ओर अदाणी पोर्ट्स 1.55 फीसदी गिरकर बंद हुआ। इसके अलावा ट्रेंट, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में गिरावट रही। इसके अलावा सेक्टोरल मोर्चे पर निफ्टी आईटी इंडेक्स 0.87 फीसदी चढ़कर बंद हुआ। निफ़्टी फार्मा में 0.75 फीसदी की बढ़त देखी गई। इसके अलावा निफ्टी ऑटो इंडेक्स 0.25 फीसदी की बढ़त रही। 16 में से 14 सेक्टर लाभ में रहे। निफ्टी रियल्टी और तेल एवं गैस में क्रमशः 0.13 फीसदी और 0.19 फीसदी की गिरावट रही।

इससे पहले आज सुबह बाजार आज सुबह गिरावट के साथ खुले। सुबह की शुरुआत में सेंसेक्स 230 अंक की गिरावट के साथ 80,313 और निफ्टी 73 अंक की कमजोरी के साथ 24,501 पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार में व्यापक स्तर पर बिकवाली का दबाव देखा जा रहा है। शुरुआती कारोबार में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,671 शेयर लाल निशान में, 548 शेयर हरे निशान में और 83 शेयरों में बिना किसी बदलाव के कारोबार हो रहा था। गिरावट का अधिक दबाव ऑटो और एनर्जी शेयरों में देखा जा रहा है। दोनों ही इंडेक्स 0.50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। ट्रंप की ओर से भारतीय निर्यात पर टैरिफ को बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया है, जो कि पहले 25 प्रतिशत था। आज एशिया के ज्यादातर बाजार हरे निशान में थे। टोक्यो, शंघाई, हांगकांग, बैंकॉक और सोल तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। वहीं अमेरिकी बाजार बुधवार को हरे निशान में बंद हुए थे।




## प्रमोटर द्वारा हिस्सेदारी घटाने से पीएसपी प्रोजेक्ट के शेयरों में गिरावट

**नई दिल्ली।** पीएसपी प्रोजेक्ट के प्रमोटर ने कंपनी की कुल शेयर पूंजी के 25.73 फीसदी प्रतिनिधित्व करने वाले 1,01,98,734 इक्विटी शेयर बेच दिए हैं। यह बिक्री सेबी के सब्स्टेंशियल एक्वश्चिन आफ शेयर आफ शेयर एंड टेकओवर रेगुलेशन 2011 के अंतर्गत दर्ज की गई है। बिक्री से पहले कंपनी के प्रमोटर और उनके पीएसी और उनके पास कंपनी की 47.76 फीसदी हिस्सेदारी (1,89,34,308 शेयर) थी। अब यह घटकर 22.04त्न 87,35,574 शेयर) रह गई है। इस बड़े पैमाने पर हिस्सेदारी घटाने से निवेशकों में चिंता देखी गई और शेयर बाजार में कंपनी के स्टॉक्स में गिरावट आई। प्रमोटर की होल्डिंग में इस बदलाव को बाजार ने निगेटिव संकेत के रूप में लिया है। हालांकि, कंपनी या प्रमोटर की ओर से अभी तक इस बिक्री के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है।

## बारिश ने बिगाड़ा मंडी का हाल, सब्ज़ियों की कीमतें छूने लगीं आसमान

### - टमाटर 110, मटर 200 रुपये किलो तक पहुंचा, अभी और बढ़ेंगे दाम



**चंडीगढ़।** सेक्टर 26 की सब्ज़ी मंडी में इन दिनों सब्ज़ियों की कीमतें आम जनता की जेब पर भारी पड़ रही हैं। खासकर पहाड़ी इलाकों से आने वाली हरी सब्ज़ियों के दामों में अचानक भारी उछाल देखा जा रहा है। इसका मुख्य कारण है पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश, जिससे सप्लाई बाधित हो गई है। व्यापारियों का कहना है कि बारिश के चलते सड़कों की हालत खराब हो गई है और माल समय पर मंडियों तक नहीं पहुंच पा रहा। इस कारण सब्ज़ियों की आवक कम हो गई है, जबकि मांग पहले जैसी बनी हुई है। मांग और आपूर्ति के बीच का यह असंतुलन ही कीमतों को बेकाबू कर रहा है। फिलहाल मंडी में टमाटर 100 से 110 रुपए प्रति किलो, मटर 180 से 200, शिमला मिर्च 100 से 120, और टिंडा 120 से 130 में बिक रहा है। वहीं बैंगन 30 से 40 और कद्दू 20 से 30 के भाव पर उपलब्ध है। अदरक, लहसुन और हरी मिर्च भी 60 से 90 के बीच बिक रही हैं।

# गौतम अडानी शुरु करने जा रहे ये नया बिजनेस......प्रारंभिक निवेश 20,000 करोड़

**मुंबई।**

भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी, जो कई व्यवसायों में काम करते हैं, अब एक नया व्यवसाय शुरू करने जा रहे हैं। अडानी समूह की कंपनी अडानी एयरपोर्ट इस नए बिज़नेस की शुरुआत कर रही है, जिसमें प्रारंभिक निवेश 20,000 करोड़ होगा। इस निवेश का एक बड़ा हिस्सा मुंबई में खर्च होगा, जिससे इस शहर को सबसे अधिक फायदा होगा। अडानी एयरपोर्ट्स ने सिटी साइड डेवलपमेंट नामक एक नया व्यवसाय शुरू करने की योजना बनाई है। इसका मकसद एयरपोर्ट के आसपास की ज़मीन को विकसित कर आय को बढ़ाना है। कंपनी का लक्ष्य साल 2030 तक अपनी कुल आय का 70 प्रतिशत नॉन-एयरोनॉटिकल बिज़नेस (एयरपोर्ट संचालन के अलावा अन्य बिज़नेस) से कमाना है। फिलहाल यह आँकड़ा 50 प्रतिशत है। अडानी समूह अपने 20,000 करोड़ के कुल शुरुआती निवेश का लगभग 70 प्रतिशत यानी 14,000 करोड़ केवल मुंबई में निवेश करेगा। यह निवेश नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और मुंबई हवाई अड्डे के पास की ज़मीन पर होगा। इस प्रोजेक्ट के तहत कई सुविधाएँ विकसित की जाएँगी, जिसमें लगभग 1,000 कमरों के साथ 5 होटल, एक शॉपिंग मॉल, 3 ऑफिस टॉवर और होटलों के साथ सर्विस अपार्टमेंट भी बनने की योजना है। इस प्रोजेक्ट को एम्स्टर्डम और सिडनी एयरपोर्ट की तरह विकसित करने की योजना है, जहाँ एयरपोर्ट के साथ-साथ हॉस्पिटैलिटी, रिटेल और ऑफिस स्पेस जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध होती हैं। इस निवेश से अडानी समूह की कंपनी अडानी एयरपोर्ट अपने को स्थापित करेगी। साथ एयरपोर्ट के पास मौजूद जमीन का इस्तेमाल कारोबारी रुप में करेगी।



बताया जा रहा हैं कि अडानी एयरपोर्ट्स देश के 6 एयरपोर्ट्स पर इसतरह के प्रोजेक्ट शुरू करेगी। इस प्रोजेक्ट के पहले चरण में नवी मुंबई हवाई अड्डे पर 240 एकड़ ज़मीन का इस्तेमाल होगा। कंपनी ने पहले ही इस प्रोजेक्ट के लिए 75 करोड़ डॉलर जुटा लिए थे। यह कदम अडानी समूह को एयरपोर्ट संचालन से इतर अन्य क्षेत्रों में भी अपनी पकड़ मज़बूत करने में मदद करेगा, जिससे उनकी आय में और वृद्धि हो सके।

## भारत-अमेरिका ट्रेड वार्ता में नए मोड़, ट्रंप की कड़ी शर्तें चुनौती

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ ट्रेड डील को लेकर अपनी कड़ी शर्तें रखीं हैं, जिससे वार्ता में बाधा आ रही है। ट्रंप की सोच यह है कि भारत उनकी शर्तों पर राजी हो जाएगा, लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। ट्रंप ने विश्व भर के लिए 'बुली अंकल सैम' बनने की कोशिश की है, यानी प्रेशर टेक्निक के माध्यम से अपनी मंशा थोपने की नीति अपनाई है। हालांकि, उन्होंने चीन को अब तक नहीं झुका पाया है, जो यह दर्शाता है कि उनकी रणनीति हर देश पर प्रभावी नहीं हो रही। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर वार्ता जारी है, लेकिन अमेरिका की सख्त मांगों के कारण कोई ठोस परिणाम नहीं निकल पाया है। ट्रंप ने भारत को 50 प्रतिशत टैरिफ बढ़ाने के लिए 21 दिनों का समय दिया है, जिससे साफ है कि वह वार्ता के लिए गंभीर हैं। यह दौर पूरी तरह ट्रेड डिप्लोमेसी पर निर्भर करेगा कि भारत अपने हितों की रक्षा कैसे करता है। भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने आंतरिक बाजार को मजबूत करे और घरेलू उत्पादों को बढ़ावा दे ताकि अमेरिका की दबावपूर्ण नीतियों का सामना कर सके। भारत को ट्रंप जैसी रणनीतियों का सामना करते हुए न केवल अपने व्यापारिक हितों को सुरक्षित रखना होगा, बल्कि वैश्विक व्यापार में अपनी स्थिति भी मजबूत करनी होगी। आने वाले दिनों में यह देखना होगा कि भारत अमेरिका के दबावों को कैसे पार करता है और अपनी आर्थिक नीति को किस दिशा में ले जाता है।

# दलीप ट्रॉफी में खेलेंगे शुभमन गिल, उत्तर क्षेत्र की कप्तानी मिली, ये बड़े खिलाड़ी भी टीम में शामिल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड में भारत को 2-2 से टेस्ट सीरीज ड्रॉ कराने में के बाद अब शुभमन गिल 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू हो रही आगामी दलीप ट्रॉफी में नजर आएंगे। गिल को उत्तर क्षेत्र टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। इंग्लैंड में 5 टेस्ट मैचों में 754 रन बनाने वाले और भारत के प्लेयर ऑफ द सीरीज बने गिल के अलावा, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज और तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हर्षित राणा 15 सदस्यीय टीम में अन्य उल्लेखनीय नाम हैं।

कंबोज ने मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे मैच में अपना टेस्ट डेब्यू किया था, जबकि राणा इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत 'ए' के मैचों में खेले थे और अर्शदीप को टेस्ट सीरीज में खेलने का मौका नहीं मिला था। गुरुवार को नई दिल्ली में हुई बैठक में टीम का चयन करने वाली क्षेत्रीय चयन समिति ने यह भी घोषणा की कि अगर गिल, अर्शदीप और राणा में से किसी को भी दलीप ट्रॉफी के साथ होने वाले भारतीय मैचों के लिए मुख्य टीम में शामिल किया जाता है, तो सर्विसेज के शुभम रोहिल्ला, पंजाब के गुरनूर बरार और हरियाणा के अनुज ठकराल को मुख्य टीम में शामिल किया जाएगा।

भारत 9 से 28 सितंबर तक यूएई में होने वाले पुरुष टी20 एशिया कप में खेलेगा। उत्तर क्षेत्र की टीम के अन्य प्रमुख सदस्यों में दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष बदोनी और बल्लेबाज यश ढुल शामिल हैं, जिन्होंने 2022 अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में भारत की कप्तानी की थी। पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली जम्मू और कश्मीर की टीम में चार खिलाड़ी शुभम खजूरिया, साहिल लोत्रा, युद्धवीर सिंह चरक और औकीब नबी भी उत्तर क्षेत्र की टीम में हैं, जबकि आबिद मुश्ताक स्टैंड-बाय सूची में हैं।

दलीप ट्रॉफी छह टीमों के पुराने क्षेत्रीय प्रारूप में आयोजित की जाएगी और 2025/26 घरेलू क्रिकेट सत्र की शुरुआत का प्रतीक है। उत्तर क्षेत्र अपने अभियान की शुरुआत बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर ईशान किशन की अगुवाई वाले पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले से करेगा, जिसमें विजेता टीम सेमीफाइनल में दक्षिण क्षेत्र से भिड़ेगी।

**उत्तर क्षेत्र की टीम**

शुभमन गिल (कप्तान) (पीसीए), शुभम खजूरिया (जेकेसीए), अंकित कुमार (उप-कप्तान) (एचसीए), आयुष बदोनी (डीडीसीए), यश ढुल (डीडीसीए), अंकित कलसी (एचपीसीए), निशांत सिंधु (एचसीए), साहिल लोत्रा (जेकेसीए), मयंक डागर (एचपीसीए), युद्धवीर सिंह चरक (जेकेसीए), अर्शदीप सिंह (पीसीए), हर्षित राणा (डीडीसीए), अंशुल कंबोज (एचसीए), औकिब नबी (जेकेसीए), और कन्हैया वधावन (विकेटकीपर) (जेकेसीए)।

**स्टैंडबाय**

शुभम अरोड़ा (विकेटकीपर) (एचपीसीए), जसकरनवीर सिंह पॉल (पीसीए), रवि चौहान (एसएससीबी), आबिद मुश्ताक (जेकेसीए), निशंक बिड़ला (यूटीसीए), उमर नजीर (जेकेसीए) और दिवेश शर्मा (एचपीसीए)।

## अगले 15 से 20 साल सीएसके के साथ ही रहेंगे धोनी



**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रहे महेन्द्र सिंह धोनी ने कहा है कि वह आगे भी टीम के साथ ही बने रहेंगे। धोनी ने कहा कि अगले 15 से 20 साल तक वह सीएसके के साथ ही रहेंगे भले ही खेलें या नहीं। धोनी की इस बात से साफ है कि वह अगले सत्र में अगर नहीं खेलते हैं तो कोच या मेंटॉर के तौर पर भी पीली जर्सी में ही दिखेंगे। धोनी ने कहा कि वह और सीएसके साथ-साथ हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि सीएसके और उनका साथ सिर्फ खिलाड़ी के तौर पर ही नहीं है। बढ़ती उम्र को देखते हुए पिछले कुछ साल से धोनी के खेल से संन्यास की अटकलें लगायी जा रही हैं। इसी को लेकर धोनी ने मुस्कुराते हुए कहा, मैं और सीएसके, हम साथ-साथ हैं। यह एक या दो साल के लिए नहीं है। मैं हमेशा पीली जर्सी में बैठा मिलूंगा। मैं भले ही खेलूं या नहीं।

44 साल के हो रहे धोनी पिछले सत्र में घुटने की चोट के कारण काफी परेशान रहे थे और निचले क्रम पर उतरे थे। वहीं आईपीएल 2024 के समय भी ऐसी अटकलें लगी थीं कि धोनी वो सत्र नहीं खेलेंगे पर वह घुटने की समस्या से बहुत जल्दी उबरे। इतना ही नहीं, आईपीएल 2025 में सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ जब कोहनी की चोट की वजह से बाहर हुए तब धोनी ने एक बार फिर कप्तानी संभाली। हालांकि, पिछला सत्र सीएसके के लिए अच्छा नहीं रहा था। आईपीएल की सबसे सफल टीमों में शामिल सीएसके 14 मैच में सिर्फ 4 ही जीत सकी थी और अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी। धोनी ने पिछले सत्र में चेन्नई में एक निजी समारोह के दौरान कहा था कि चेन्नई की टीम रुतुराज को ही टीम में बनाए रखेगी। उन्होंने कहा, 'हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित थे पर मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी व्यवस्थित है। गायकवाड़ वापसी करेंगे। उन्हें चोट लगी थी। वह वापसी करेंगे तो अब हम काफी व्यवस्थित हो जायेंगे।'

## सीएबी के अध्यक्ष बन सकते हैं गांगुली

कोलकाता (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली अब बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष बन सकते हैं। गांगुली इसके लिए



चुनाव लड़ सकते हैं। गांगुली साल 2014 में सीएबी के सचिव रहे थे। वह साल 2019 में आम राय से बीसीसीआई अध्यक्ष बने थे। रिपोर्ट्स के अनुसार गांगुली पिछले कुछ माह से नियमित रूप से सीएबी के सदस्यों से बातचीत कर रहे हैं। सीएबी में भी गांगुली की वापसी को लेकर उत्साह का माहौल है। सीएबी के एक अधिकारी ने कहा, ' वह प्रशासन में लौटना चाहते हैं। उन्होंने सीएबी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने का फैसला किया है। वहीं बीसीसीआई के संविधान के अनुसार उनके पास राज्य में कुल नौ साल में से पांच साल बचे हैं। ऐसे में वह सर्वसम्मति से चयनित होंगे या नहीं ये अभी तय नहीं है।' वर्तमान में सीएबी अध्यक्ष गांगुली के बड़े भाई स्नेहाशीष हैं उनका छह साल का कार्यकाल पूरा होने वाला है। इसके बाद उन्हें अनिवार्य कूलिंग-ऑफ टाइम के तहत पद छोड़ना पड़ सकता है। जिसके बाद सौरव पद संभाल सकते हैं

## बीसीसीआई ने उत्कृष्टता केंद्र में नए कोचों की तलाश शुरू की

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** मशहूर गेंदबाजी कोच ट्रॉय कूली समेत पुराने कोचों के जाने के बाद BCCI अपने उत्कृष्टता केंद्र (COE) के लिए नए कोचिंग स्टाफ की तलाश में है और गेंदबाजी, बल्लेबाजी, खेल विज्ञान और मेडिसिन विभाग में शीर्ष पदों के लिये आवेदन मंगवाये गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रथम श्रेणी तेज गेंदबाज और इंग्लैंड के एशेज विजेता गेंदबाजी कोच कूली का BCCI के साथ तीन साल का करार खत्म हो गया था और वह कार्यकाल में विस्तार पर थे। 59 वर्ष के कूली को 2021 के आखिर में एनसीए का गेंदबाजी कोच बनाया गया था। उनकी जगह भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वीआरवी सिंह ले सकते हैं जिन्होंने कूली के साथ काम किया है।

मेडिकल टीम के प्रमुख नितिन पटेल समेत स्टाफ के कई सदस्यों के जाने के बाद कई पद रिक्त हैं। पटेल ने मार्च में पद से इस्तीफा दिया था। स्पिन गेंदबाजी कोच साइराज बहुतुले भी जा चुके हैं और अब राजस्थान रॉयल्स के सहयोगी स्टाफ में हैं। NCA के एक और कोच सितांशु कोटक राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ चुके हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण का COE प्रमुख के तौर पर कार्यकाल इस साल के आखिर में खत्म हो रहा है और समझा जाता है कि वह इसका नवीनीकरण कराना नहीं चाहते। ऐसी संभावना है कि उन्हें 2027 वनडे विश्व कप तक पद पर बने रहने के लिये बोला जाए।

BCCI ने बृहस्पतिवार को तीन प्रमुख पदों के लिए इश्तेहार दिया जिसमें कहा गया है कि बल्लेबाजी और गेंदबाजी कोच के पद के लिए उम्मीदवार पूर्व प्रथम श्रेणी या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर होना चाहिए जिसके पास बीसीसीआई लेवल दो या तीन का कोचिंग सर्टिफिकेट हो।

## शमी की टेस्ट क्रिकेट में वापसी संभव नजर नहीं आती



**मुम्बई (एजेंसी)।** पिछले काफी समय से फिट नहीं होने के कारण भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी अब टेस्ट क्रिकेट में मुश्किल नजर आती है। इसकार कारण युवा तेज गेंदबाजों का अच्छा प्रदर्शन और शमी की बढ़ती उम्र है। शमी 35 के करीब होने जा रहे हैं। ऐसे में भविष्य की योजनाओं को देखते हुए फिट नहीं बैठते। शमी एकदिवसीय विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद से ही चोटिल होने के कारण एक साल से अधिक समय तक क्रिकेट से दूर रहे। फिट होने के बाद उन्होंने घरेलू क्रिकेट में तीनों फॉर्मेट में खेला जिसके बाद उन्हें टी20 और फिर एकदिवसीय प्रारुप में जगह मिली। वह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल थे पर फिटनेस संबंधी परेशानियों के कारण् टेस्ट क्रिकेट में उनकी वापसी नहीं हो पायी। उन्हें न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया हालांकि इसका कारण उनकी फिटनेस बताया गया है। वहीं इस दौरान प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप सिंह और अर्शदीप सिंह सहित कई युवा तेज गेंदबाज निकलकर आ गये। टीम प्रबंधन ने भी युवाओं को अधिक मौके देना बेहतर विकल्प माना है जिससे भी शमी की वापसी कठिन हो गयी।

इंग्लैंड दौरे के लिए आकाश दीप के अलावा हर्षित राणा, अंशुल कंबोज और प्रसिद्ध कृष्णा को मौका दिया गया। इंग्लैंड दौरे पर रवाना होने से पहले मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने स्पष्ट किया था कि शमी पुरी तरह से फिट नहीं हैं। उनके साथ कुछ समस्याएं हैं। टीम प्रबंधन ने शमी को लेकर जोखिम लेने से इंकार कर दिया था। ऐसे में युवाओं को अवसर मिला जिसको उन्होंने पूरा लाभ उठाया। आकाशदीप ने इंग्लैंड दौरे के दूसरे टेस्ट में 10 विकेट लिए। वहीं कृष्णा ने अंतिम टेस्ट में दोनो पारियों में चार-चार विकेट लिए।

आकाश दीप ने बर्मिंघम टेस्ट और प्रसिद्ध कृष्णा ने द ओवल टेस्ट में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। कृष्णा ने तीन टेस्ट में 14, आकाश दीप ने 3 टेस्ट में 13 विकेट लिए। वहीं मुख्य तेज गेंदाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज टेस्ट में लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सिराज ने 5 मैचों में 23 विकेट लिए, जो सीरीज में सर्वाधिक रहे। वहीं बुमराह ने भी 3 मैच में 14 विकेट लिए। ऐसे में शमी के लिए जगह बनती नहीं दिखती है। शमी की वापसी इसीलिए भी संभव नजर नहीं आती क्योंकि उन्हें अधिकतर चोट की समस्या रहती है। वह 35 साल के होने जा रहे हैं। वहीं टीम प्रबंधन युवाओं को वरीयता दे रहा है। ऐसे में शमी अब शायद ही वापसी कर पायें।

## लुइस सुआरेज और डी पॉल ने इंटर मियामी को लीग्स कप क्वार्टरफाइनल में पहुंचाया



फोर्ट लॉडरडेल। इंटर मियामी सीएफ ने टीम के तीसरे और अंतिम लीग कप 2025 चरण के एक मुकाबले में लीगा एमएक्स पुमास उनम पर 3-1 की जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। दिग्गज स्ट्राइकर लुइस सुआरेज की टीम की जीत में अहम भूमिका रही। सुआरेज ने एक गोल और दो असिस्ट के साथ शानदार प्रदर्शन किया। मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल ने क्लब के लिए अपना पहला गोल किया और तादेओ अलेंदे ने गोल किया। उनम की तरफ से 34वें मिनट में जॉर्ज रुवाल्काबा ने एकमात्र गोल किया। यह मैच का पहला गोल था। इंटर मियामी की तरफ से पहला गोल 45वें मिनट में लगा। ये गोल डी पॉल ने लगाया। डी पॉल ने लुइस सुआरेज की लेफ्ट विंग से आई गेंद को सीने से रोका, फिर नीचे-दाएं कोने में एक बेहतरीन आउटसाइड-ऑफ-द-फुट फिनिश के साथ गोल किया। यह असिस्ट सुआरेज का टूर्नामेंट में पहला और 2025 में सभी प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर 14वां था। सुआरेज ने 59वें मिनट में पेनेंका के पेनल्टी स्पॉट पर किए गए गोल के साथ इंटर मियामी के लिए स्कोरलाइन पलट दी। इस गोल के साथ ही इस सीजन में की प्रतियोगिताओं में उनके गोलों की संख्या 10 हो गई। अलेंदे ने 69वें मिनट में इंटर मियामी के लिए तीसरा और निर्णायक गोल दागकर टीम की जीत पर मुहर लगा दी। इस गोल के लिए भी सुआरेज ने असिस्ट किया था। यह सीजन में अलेंदे का 11वां गोल था। सुआरेज का यह असिस्ट ऐतिहासिक रहा। इस असिस्ट के साथ उन्होंने क्लब के लिए एक सीजन में सर्वाधिक 15 असिस्ट के सर्वकालिक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। 3-1 के स्कोर के साथ इंटर मियामी ने लीग्स कप 2025 के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

## अगली योजना पर काम कर रहा हूं : बुमराह

### सिराज की प्रशंसा न करने पर ट्रॉल भी हुए



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम की इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट में जीत के बाद मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने खुशी जतायी है और कहा है कि अब वह अपनी अगली योजना पर काम कर रहे हैं। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 में से 3 ही मैच खेले थे। ओवल में हुए अंतिम मैच में भी वह टीम में नहीं थे। अंतिम मैच में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने 9 विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। साथ ही कहा था कि अगर बुमराह भी साथ होते तो जीत की खुशी और बढ़ जाती। वहीं बुमराह ने लिखा, 'हम बेहद कड़े मुकाबले के बाद बराबरी पर रही रोमांचक टेस्ट सीरीज से अच्छी यादें लेकर आए हैं। अब मैं अपनी अगली योजना पर काम कर रहा हूं।' बुमराह इस पोस्ट के बाद कई ट्रोलर्स ने जबरन विवाद पैदा करने का काम भी किया। इन ट्रोलर्स का कहना था कि बुमराह ने अपनी पोस्ट में सिराज के प्रदर्शन की तारीफ नहीं की है। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई सीरीज में 23 विकेट लिए। ऐसे में सिराज के प्रशंसक उनकी फिटनेस और प्रदर्शन की प्रशंसा कर रहे हैं। वहीं बुमराह की गलतियां निकाल रहे हैं।

## विक्टोरिया म्बोको ने कैनेडियन ओपन के फाइनल में जगह बनाई



**मॉन्ट्रियल (एजेंसी)।** कनाडा की युवा टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको कैनेडियन ओपन के फाइनल में पहुंच गई हैं। 18 साल की म्बोको ने नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6(4) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

म्बोको ने फाइनल में पहुंचने के साथ-साथ एक अनोखा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। वह ओपन एरा में एक ही डब्ल्यूटीए इवेंट में तीन पूर्व ग्रैंड स्लैम चैंपियनों (रयबाकिना, कोको गॉफ, और सोफिया केनिन) को हराने वाली पहली कनाडाई खिलाड़ी बन गई हैं।

विक्टोरिया म्बोको इस प्रतिष्ठित इवेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली चौथी कनाडाई खिलाड़ी बनी हैं। उनसे पहले फेय अर्बन (1968 और 1969), विकी बर्नर (1969) और बियांका एंड्रीस्कू (2019) ने फाइनल में जगह बनाई थी। साथ ही म्बोको फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं।

म्बोको की वाइल्डकार्ड एंट्री हुई थी। ऐसे में वाइल्डकार्ड खिलाड़ी के रूप में टूर्नामेंट में एंट्री करने और ओपन ऐरा फाइनल में जगह बनाने वाली वह तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले वाइल्डकार्ड खिलाड़ी के रूप में मोनिका सेलेस (1995) और सिमोना हालेप (2015) ने फाइनल में जगह बनाई थी।

जीत से बेहद उत्साहित विक्टोरिया म्बोको ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'टाईब्रेकर में हर पाइंट मायने रखता है। मुझे इसका ध्यान था। मैं कोर्ट में ज्यादा से ज्यादा गेंदें डालना चाहती थी और जितना हो सके उतनी ताकत लगाना चाहती थी। मैच के दौरान बहुत तनावपूर्ण पल भी होते हैं, ऐसे में मैं खुद को शांत रखने की कोशिश भी कर रही थी और हमेशा आगे के पाइंट पर ध्यान केंद्रित कर रही थी।'

फाइनल में, म्बोको का मुकाबला चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता जापान की नाओमी ओसाका से होगा। ओसाका ने 2022 के बाद से अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000-स्तरीय फाइनल में जगह बनाई है। ओसाका ने नाइटकैप में 16वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टॉसन पर जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। म्बोको और ओसाका के बीच बेहद रोमांचक फाइनल होने की उम्मीद है, जो गुरुवार को खेला जाएगा।

## शाई होप की कप्तानी में पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में उतरेगी वेस्टइंडीज टीम



जमैका। वेस्टइंडीज ने शुक्रवार से पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज के लिए शाई होप की कप्तानी में अपनी अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। तीन मैचों की ये सीरीज त्रिनिदाद में खेली जाएगी। इस सीरीज के लिए ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड को टीम में शामिल किया गया है। शेफर्ड बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के बाद पहली बार वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय टीम में वापसी कर रहे हैं। वहीं 18 साल के विकेटकीपर-बल्लेबाज ज्वेल एंड्रयू को भी एकदिवसीय सीरीज के लिए शामिल किया गया है। इसके अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडियाह ब्लेड्स को भी टीम में शामिल किया गया है। ये एकदिवसीय सीरीज 8 अगस्त से शुरू होगी। टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी के अनुसार इस सीरीज से 2027 आईसीसी विश्व कप के लिए टीम को अपना आंकलन करने का अवसर मिलेगा। सैमी ने कहा, 'पाकिस्तान टीम एक अलग तरह की चुनौती पेश करती है क्योंकि हमारा लक्ष्य 2027 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियां बरकरार रखना है।'

टीम इस प्रकार है : शाई होप (कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, जेडियाह ब्लेड्स, कीसी कार्टी, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जस्टिन ग्रेव्स, आमिर जांगू, शमार जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोटी, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड।

## टी20 मैच : पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम को आयरलैंड ने 11 रन से हराया

डबलिन। पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए आयरलैंड के दौरे पर है। सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा है। क्लोनटॉर्फ क्रिकेट क्लब, डबलिन में खेले गए मैच में पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। उन्होंने इस फैसले को सही साबित करते हुए आयरलैंड को 19.4 ओवर में 142 रन पर समेटने में बड़ी भूमिका निभाई। आयरलैंड के लिए विकेटकीपर और ओपनर एमी हंटर ने सर्वाधिक 37 रनों की पारी खेली। 30 गेंदों की अपनी पारी में उन्होंने 5 चौके लगाए। इसके अलावा ओरला प्रेंडरगास्ट ने 29, लिह पॉल ने 28 रन बनाए। 6 बल्लेबाज दो अंकों में प्रवेश नहीं कर सकीं। पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना सबसे सफल गेंदबाज रहीं। उन्होंने 4 ओवर में 26 रन देकर 4 विकेट लिए। सादिया इकबाल, दायना बेग, रमीन शमीम, और नशरु संधू ने 1-1 विकेट लिए। 143 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 42 स्कोर पर टीम ने अपने 4 शुरुआती विकेट गंवा दिए। इन शुरुआती झटकों से टीम कभी उबरती हुई नहीं दिखी और 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 131 रन ही बना सकी और 11 रन से मैच हार गई। पाकिस्तान के लिए नतालिया परवेज 29 और रमीन शमीम 27 शीर्ष स्कोरर रहीं। आयरलैंड के लिए ओरला प्रेंडरगास्ट ने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट लिए। जेन मैगुरे को 2, अवा कैनिंग, कारा मरे और लारा मैक्ब्रिड को 1-1 विकेट मिले।

## 'हम इससे सीख सकते हैं', इंग्लैंड में भारत की यादगार सीरीज ड्रॉ पर बोले पूर्व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के रोमांचक उद्घाटन संस्करण के दौरान गौतम गंभीर और उनकी टीम की इंग्लैंड में मिली सफलता से बेहद खुश हैं। ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट के आखिरी दिन मैच बेहद रोमांचक रहा। हिम्मत और हौसले की इस जंग में समीकरण दिन के उजाले की तरह साफ था। इंग्लैंड 374 रनों के लक्ष्य को हासिल करने से 35 रन पीछे रह गया, जबकि भारत को लंदन में सीरीज 2-2 से बराबर करने के लिए चार विकेट लेने थे।

भारत के खिलाफ मुश्किलें खड़ी होने के बावजूद मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने इंग्लैंड को धूल चटाने के लिए कड़ी मेहनत की। दूसरे छोर पर क्रिस वोक्स के कंधे की हड्डी टूटने के बावजूद गस एटकिंसन ने एक विकेट शेष रहते हुए सात रन की जरूरत तक समीकरण को सीमित कर दिया। सिराज की कोणीय यॉर्कर एटकिंसन के ऑफ स्टंप पर लगी और भारत ने सीरीज 2-2 से बराबर कर दी।

खुशी से फूले नहीं समा रहे सिराज ने जोश से दौड़ लगाई और अपना फेमस जश्न मनाया और जल्द ही उनके हमवतन खिलाड़ियों ने उन्हें घेर लिया। गंभीर ने सहायक कोच रयान टेन डोइशेट को गले लगा लिया और बाकी टीम भी तुरंत जश्न में शामिल हो गई। गंभीर ने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल को देखा और दोनों ने गर्मजोशी से एक-दूसरे को गले लगा लिया। इस लंबे कद के दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी ने गंभीर को हवा में उठा लिया और भारतीय खिलाड़ी खुशी से दहाड़ उठा। वह मैदान पर गए, अपने कप्तान शुभमन गिल और बाकी खिलाड़ियों को गले लगाया, जबकि पूरी टीम ओवल में विजय रथ पर सवार थी।

कर्स्टन ने कहा, 'मैं बहुत उत्साहित हूं कि भारत ने सीरीज जीत ली, मेरा मतलब है कि सीरीज बराबर कर ली। यह भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा है, और मैं गौतम गंभीर के लिए भी बहुत खुश हूं। वह जाने-माने हैं, और मैंने उनके साथ बहुत काम किया है, और टीम के साथ उन्होंने जो हासिल किया है, उससे मैं बहुत खुश हूं।'

पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर, जो 2011 विश्व कप में टीम की जीत के दौरान टीम की कमान संभाल रहे थे, ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में एक मजबूत खेल संस्कृति है और कहा, 'मुझे लगता है कि भारत में भी एक मजबूत खेल संस्कृति है। हर देश किसी न किसी तरह से ऐसा करता है।' उन्होंने आगे



कहा, 'मुझे लगता है कि भारत के प्रति मेरा प्यार युवाओं के समग्र विकास में उनके विकास को देखना है। इसलिए हम जानते हैं कि भारत में शिक्षा काफी मजबूत है, और दक्षिण अफ्रीकी होने के नाते, हम इससे सीख सकते हैं।'

# अपने आहार पर करें फोकस आंखें रहेंगी अच्छी



सूरजमुखी के बीज और नट्स में विटामिन ई प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। विटामिन ई के साथ-साथ जब अन्य पोषक तत्वों का सेवन किया जाता है तो इससे उम्र के होने वाली आंखों की कमजोरी को काफी हद तक रोका जा सकता है।

आंखें यकीनन व्यक्ति के शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग है। छोटी सी आंखों की मदद से आप इतने बड़े संसार को देख पाते हैं। लेकिन आज के समय में जब लोग अपना ज्यादातर समय स्क्रीन पर बिताते हैं तो उसके कारण आंखों को काफी नुकसान पहुंचता है। यही कारण है कि बेहद कम उम्र में ही लोगों की आंखों पर चश्मा लग जाता है। लेकिन अगर आप लंबे समय तक अपनी आंखों की रोशनी को यूं ही बनाए रखना चाहते हैं तो जरूरी है कि आप अपने आहार पर भी फोकस करें। तो चलिए आज हम आपको उन आहार के बारे में बता रहे हैं जो आपकी आंखों के लिए काफी अच्छा है–

### कच्ची लाल शिमला मिर्च

शिमलामिर्च में विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में होता है। यह आपकी आंखों की रक्तवाहिकाओं के लिए अच्छा है। वहीं लाल शिमलामिर्च से आपको विटामिन ए और विटामिन ई भी प्राप्त होता है, जो आपकी आंखों को तंदरूस्त बनाने में मदद करता है।

### सूरजमुखी के बीज और नट्स

सूरजमुखी के बीज और नट्स में विटामिन ई प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। विटामिन ई के साथ–साथ जब अन्य पोषक तत्वों का सेवन किया जाता है तो इससे उम्र के होने वाली आंखों की कमजोरी को काफी हद तक रोका जा सकता है। इतना ही नहीं, यह मोतियाबिंद को रोकने में भी मददगार है। वैसे आप नट्स के साथ–साथ हेजलनट्स, मूंगफली और पीनटबटर का सेवन करके भी विटामिन ई पर्याप्त मात्रा में पा सकते हैं।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

केल, पालक व अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों में विटामिन सी और ई की भरपूर मात्रा पाई जाती है। इतना ही नहीं, इनमें कैरोटिनॉयड्स ल्यूटिन और जैक्सैंथिन भी होता है। साथ ही इनमें पाया जाने वाला विटामिन ए लंबे समय में आंखों की बीमारियों से भी व्यक्ति की रक्षा करता है।

### सैल्मन

आपकी आंखों के रेटिना को सही काम करने के लिए दो प्रकार के ओमेगा–3 फैटी एसिड की आवश्यकता होती है– डीएचए और ईपीए। आप फैटी फिश, जैसे सैल्मन, ट्यूना और ट्राउट व अन्य कई सी–फूड में इसे पा सकते हैं। वहीं इन फैटी एसिड के कम होने पर लोगों को डाई आंखों की समस्या का सामना करना पड़ता है।

शकरकंद में बीटा–कैरोटीन उच्च मात्रा में पाया जाता है, जो वास्तव में विटामिन ए का ही एक रूप है। यह आपके नाइट विजन को बेहतर बनाता है। वहीं एक शकरकंद से आपको दैनिक आवश्यकता की आधे से ज्यादा विटामिन सी की प्राप्ति होती है, वहीं इसमें कुछ मात्रा में विटामिन ई भी पाया जाता है। वैसे शकरकंद के अलावा गाजर, कैंटालूप, आम और खुबानी में भी बीटा–कैरोटीन उच्च मात्रा में होता है।



# लंच या डिनर से आधा घंटा पहले खाएं सलाद

**सलाद लगभग हर जगह खाई जाती है। हां इसके रूप अलग-अलग हो सकते हैं। कहीं उबालकर तो कहीं भूनकर. हमारे यहां सलाद को ताजा सब्जियों जैसे खीरा, टमाटर, मूली, गाजर और कच्ची प्याज आदि से तैयार किया जाता है। क्योंकि यह सलाद कच्चा होता है और प्याज के अलावा ज्यादातर चीजें ऐसी होती हैं, जिन्हें अलग से खाया जा सकता है। इसलिए हमारे यहां भोजन के साथ सलाद खाने को वर्जित माना गया है। ये और बात है कि यंग जनरेशन को अपनी ही परंपराओं को बारे में जरा कम पता है!**

सलाद खाना सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है। यह बात हम सभी जानते हैं। इसलिए फलों से लेकर सब्जियों और स्प्राउट्स की सलाद हमारे यहां खूब खाई जाती है। जबकि कुछ लोग या कहिए कि सलाद के शौकीन ज्यादातर लोग अपने शरीर को सलाद का पूरा पोषण नहीं दे पाते। क्योंकि उन्हें सलाद खाने का सही तरीका ही नहीं पता है.

### सलाद खाने का सही समय

सलाद हमेशा ही भोजन से पहले खानी चाहिए। जबकि लगभग 90 प्रतिशत लोग सलाद का सेवन खाने के साथ करते हैं। इससे उनके शरीर को सलाद का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। बल्कि कई बार डायजेशन से संबंधित समस्याएं हो जाती है।

### इतनी देर पहले खाएं

जब आपको भूख लगी हो या आपने जो भी अपने लंच और डिनर का समय तय कर रखा है, उससे कम से कम आधा घंटा पहले सलाद खा लें। इसके बाद लंच या डिनर लें। इससे आपके शरीर को पूरा पोषण मिलेगा और ओवर इटिंग से छुटकारा भी।

### वेट रहता है कंट्रोल

सलाद अगर सही तरीके से खाई जाए तो इससे वेट को कंट्रोल रखने में मदद मिलती है। यह हमारे पाचनतंत्र को सही रखती है और पेट साफ करने में मदद करती है। यह शरीर में एक्सट्रा फैट जमा होने से रोकती है और हमें ओवर ईटिंग से भी बचाती है। जिससे हमारा वजन नियंत्रित रहता है।

### सलाद के तरीके

आमतौर पर सलाद दो तरीके से बनाई जाती है। पहला तरीका का कच्चा सलाद, जिसमें आप फल और सब्जियों को काटकर मिक्स करते हैं और मसाला छिड़ककर सैलेड तैयार कर लेते हैं। जबकि दूसरा तरीका है वॉइल करके सैलेड तैयार करना। इसमें सब्जियों को उबालकर उनका पानी अलग करके सलाद तैयार किया जाता है। लेकिन आप कोई–सी भी सलाद खाए आपको इसे फुल मील के साथ नहीं खाना है।

### क्यों ना खाएं भोजन संग सलाद

सलाद चाहे जैसे भी बनाई गई हो। अगर यह फलों या सब्जियों से तैयार की गई है तो आमतौर पर इनकी प्रकृति ठंडी होती है (हम यहां किसी रेसिपी विशेष की बात नहीं कर रहे हैं। क्योंकि हर तरह के भोजन को एक साथ डिस्क्राइब या कंपेयर नहीं किया जा सकता) जबकि पका हुआ भोजन गर्म होता है। ऐसे में ठंडे गर्म का संगम, सिर्फ शरीर ही नहीं दांतों को भी हानि पहुंचाता है।

### पाचन में अधिक समय

सलाद तापमान में ठंडी होती है और भोजन तापमान में गर्म होता है। जब कच्चा और पका हुआ भोजन एक साथ खाया जाता है तो इससे हमारे पाचनतंत्र पर अधिक दबाव पड़ता है। क्योंकि इसे पचाने के लिए हमें अतिरिक्त ऊर्जा की जरूरत होती है। साथ ही ऐसा भोजन डायजेस्ट करने में अधिक समय भी लगता है, जिससे कई बार डायजेस्टिव सिस्टम गड़बड़ा जाता है।







पेट और कमर की बढ़ी चर्बी को अश्वगंधा के जरिये कम किया जा सकता है। इसे रोज दूध के साथ पीने से जल्द ही लाभ मिलेगा। इसे पावडर के रूप में या फिर कैप्सूल के रूप में लिया जा सकता है।

# अश्वगंधा के जरिये कम किया जा सकता है मोटापा

दूध में 1 चम्मच अश्वगंधा मिला कर पीने से दूर हो जाता है मोटापा, जानें कैसे करता है कामजड़ी बूटियों का आयुर्वेद में बहुत महत्व है। इनमें कई प्रकार के औषधीय गुण पाये जाते हैं जो बीमारियों को ठीक करने में मदद करती हैं और शरीर को निरोगी बनाए रखती हैं। अश्वगंधा एक ऐसी ही जड़ी बूटी है जो न सिर्फ स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करती है बल्कि वजन घटाने में भी बहुत प्रभावी होती है। अश्वगंधा का उपयोग न सिर्फ आयुर्वेद बल्कि यूनानी, सिद्ध, अफ्रीकन और होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति में भी किया जाता है। अश्वगंधा अनिद्रा, चिंता, डिप्रेशन, यौन समस्याएं, कमजोरी और अर्थराइटिस जैसे रोगों को इलाज में उपयोगी है। इसके अलावा अतिरिक्त फैट को बर्न करने में भी अश्वगंधा बहुत फायदेमंद हैं। आइये जानते हैं वजन घटाने में अश्वगंधा के फायदे। तो अगर आप नेचुरल तरीके से वजन घटाने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको अश्वगंधा का प्रयोग जरूर करना चाहिये.

### अश्वगंधा का सेवन कैसे करें

वैसे आपको बाजार में अश्वगंधा कैप्सूल के रूप में मिल जाएगा। लेकिन अश्वगंधा पाउडर अधिक फायदेमंद होता है। इसे लेने का तरीका बेहद आसान है। एक गिलास गुनगुने दूध में एक चम्मच अश्वगंधा पावडर और शहद मिलाकर रोजाना सेवन करने से मेटाबोलिज्म और पाचन बेहतर होता है। आप चाहें तो इसका टेस्ट बढ़ाने के लिये इसमें इलायची पावडर मिक्स कर सकते हैं। इससे मेटाबॉलजिम तो बढ़ेगा ही साथ में पाचन भी मजबूत रहेगा।

### सुस्त पड़े मेटाबॉलिज्म को बढ़ाए

अश्वगंधा हमारे पाचन तंत्र को मजबूत करती है, जिससे शरीर में खाना अच्छी तरह से हजम होता है और मेटाबोलिज्म बढ़ता है। यह फैट को जल्दी जल्दी बर्न करने में मदद करती है। अगर आप घंटो जिम में एक्सरसाइज करते हैं और स्लो मेटाबॉलिज्म की वजह से मोटापा कम नहीं हो पा रहा है तो आज से ही अश्वगंधा लेना शुरू कर दें। इससे कम समय में ही मोटापा कम हो जाता है।

### स्ट्रेस दूर कर घटाए मोटापा

स्ट्रेस या कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ने से मोटापा भी बहुत तेजी से बढ़ता है। नियमित रूप से अश्वगंधा चूर्ण का सेवन करने से इस हार्मोन को कम करने में मदद मिलती है। कोर्टिसोल बढ़ने की वजह से इंसान को बार बार भूख भी लगती है, जिससे मोटापा बढ़ता है। तनाव से मुक्ति मिलते ही पेट की चर्बी घटने लगती है।

### मांसपेशियां बनाने में

अश्वगंधा में ऐसे कई तत्व पाये जाते हैं जो मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। मसल्स मास बढ़ने से शरीर पर चर्बी नहीं जमती और वजन नियंत्रित रहता है।

### इम्यूनिटी बढ़ा कर घटाए मोटापा

अश्वगंधा में एंटी बैक्टीरियल गुण होता है जो शरीर की सूजन को कम करता है। इसके अलावा यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है जिसके कारण शरीर पर अतिरिक्त वसा जमा नहीं होती है और वजन नियंत्रित रहता है। यही नहीं अगर शरीर में सूजन है तो यह उसको भी कम करती है क्योंकि इसमें एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं।

### वर्कआउट के लिये बढ़ाती है एनर्जी लेवल

अश्वगंधा एड्रिनल ग्लैंड और कोर्टिसोल लेवल को नियंत्रित करता है जिससे तंत्रिका तंत्र मजबूत होता है। इससे शरीर की एनर्जी बढ़ती है और थकान दूर होती है। ऐसे में जब आप भारी वर्कआउट करते हैं तो अश्वगंधा शरीर को एनर्जी से भर देता है। यही नहीं अश्वगंधा आयरन से भरपूर होता है जो ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है

### अच्छी नींद लाए

रात को अगर आप अधूरी नींद लेते हैं तो न तो आपको मोटापा घटेगा और ऊपर से शरीर को तनाव, उच्च रक्त चाप जैसी बीमारियां और घेर लेंगी। रात में सोते वक्त आपका शरीर हारमोन्स को संतुलित करता है और स्ट्रेस हार्मोन को बढ़ने से रोकता है। इससे मोटापा कम करने में मदद मिलेगी।

ध्यान रखें अश्वगंधा का सेवन सीमित मात्रा में ही करें। अत्यधिक सेवन से न सिर्फ उल्टियां हो सकती हैं बल्कि पेट गड़बड़ हो सकता है। लो ब्लड प्रेशर वाले लोग इसे न खाएं। नींद न आने पर अश्वगंधा का इस्तेमाल कुछ हद तक सही है, लेकिन नींद बुलाने के लिए इसका नियमित सेवन नुकसानदेह साबित हो सकता है। इस प्रकार औषधीय गुणों से भरपूर होने के कारण अश्वगंधा बीमारियों को दूर करने के अलावा वजन कम करने में भी बहुत फायदेमंद है। नियमित एक चम्मच अश्वगंधा पाउडर का सेवन करने से जल्दी की फर्क नजर आता है।





# टीवी से फिल्मों में साइड हीरो तक, अब जीता बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड

**आज 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड की घोषणा की गई। इसमें अभिनेता विक्रांत मैसी को उनकी फिल्म 12वीं फेल के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला। टीवी की दुनिया से फिल्मों में एंट्री करने वाले विक्रांत ने बेहद कम समय में ही अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। अब विक्रांत ने अपने छोटे से करियर में ही नेशनल अवॉर्ड भी हासिल कर लिया है।**

विक्रांत को अपना पहला नेशन अवॉर्ड 2023 में आई फिल्म '12वीं फेल' के लिए मिला है। यह एक बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म है। ये फिल्म आईपीएस ऑफिसर मनोज कुमार शर्मा और उनकी पत्नी आईआरएस ऑफिसर श्रद्धा जोशी के जीवन से प्रेरित है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी के साथ मेधा शंकर और अनंत वी जोशी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। इस फिल्म को विधु विनोद चोपड़ा ने निर्देशित किया है।

### टीवी से की एक्टिंग की शुरुआत, 'लुटेरा' में पहली बार बड़े पर्दे पर आए नजर

विक्रांत मैसी ने अपने करियर की शुरुआत साल 2007 में आए टीवी सीरियल 'धूम मचाओ धूम' से की थी। इसके बाद विक्रांत ने कई टीवी सीरियल्स में काम किया। विक्रांत ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 2013 में आई रणवीर सिंह और सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'लुटेरा' से की थी। इस फिल्म में विक्रांत साइड रोल में नजर आए थे। इसके बाद विक्रांत ने कई फिल्मों में साइड रोल किए हैं। 'दिल धड़कने दो', 'हाफ गर्लफ्रेंड' और 'लिपिस्टिक अंडर माय बुर्का' शामिल हैं।

### मिर्जापुर से मिली पहचान

विक्रांत ने अपने करियर में 'छपाक', 'ए डेथ इन द गंज', 'गिन्नी वेड्स सन्नी', 'हसीन दिलरुबा' और '14 फेरे' जैसी कई फिल्में की हैं। उन्हें पहचान वेब सीरीज 'मिर्जापुर' से मिली। इसके बाद 12वीं फेल ने विक्रांत को स्टार बना दिया। फिल्म में विक्रांत की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई थी। विक्रांत आखिरी बार 'आंखों की गुस्ताखियां' में नजर आए थे।



## तमन्ना भाटिया ने बताया

# एडल्ट फ्रेंडशिप क्यों सबसे अच्छी होती है



इस फ्रेंडशिप डे पर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने बताया कि जहां सब स्कूल और कॉलेज के दोस्तों की बात करते हैं, वहीं उनके हिसाब से बड़ों की दोस्ती (एडल्ट फ्रेंडशिप) सबसे अच्छी होती है। तमन्ना ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए एडल्ट फ्रेंडशिप के फायदे बताए। इस वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना गया, आप जानते हैं, बड़ों की दोस्ती सबसे अच्छी होती है। यह ऐसा है जैसे मैं जिस भी दोस्त से बात करती हूं, हमारी हर कॉल आई लव यू के साथ समाप्त होती है। हर फोन कॉल इस बारे में होती है कि आप कैसा महसूस कर रहे हैं, और यह एक गलत धारणा है कि आप अपने सबसे अच्छे दोस्तों से स्कूल और कॉलेज में मिलते हैं। मुझे लगता है कि एडल्ट फ्रेंडशिप सबसे अच्छी होती है। इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए तमन्ना की करीबी दोस्तों में से एक राशा थडानी ने कमेंट सेक्शन में टिप्पणी की, उन्होंने लिखा, मैं तुमसे प्यार करती हूं, तुम मुझे रुला दोगी। काजल अग्रवाल ने लिखा, ओह, मैं तुमसे प्यार करती हूं! हैप्पी फ्रेंडशिप डे, मेरी प्यारे तमू। मृणाल ठाकुर ने लिखा, ओह, मुझे रोना आ रहा है। मृणाल ने तमन्ना की पोस्ट को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक भावुक संदेश के साथ रीशेयर भी किया।

बाहुबली अभिनेत्री पर प्यार बरसाते हुए उन्होंने लिखा, जिंदगी व्यस्त और अस्त-व्यस्त हो सकती है, लेकिन आप जैसे दोस्तों के साथ सब कुछ अच्छा लगता है। आप मेरे जीवन में ढेर सारी खुशियां और प्यार लेकर आती हैं और मैं हमेशा आपकी आभारी रहूंगी। लव यू। अभिनेत्री तमन्ना वर्तमान में अपनी अगली फिल्म वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट में व्यस्त हैं, जहां वह पहली बार सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। इस फिल्म के मनोरंजक टीजर में तमन्ना को पौराणिक कथाओं और रहस्यवाद की दुनिया में कदम रखते हुए दिखाया गया है। वह नंगे पैर किसी नुकीली चीज पर कदम रखती हुई दिखाई देती हैं, वह हिचकती हैं लेकिन फिर भी नहीं रुकतीं। एक जलती हुई मशाल लिए वह एक अंधेरे जंगल में जाती हैं। अरुणाभ कुमार द्वारा निर्देशित, वन - फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट बालाजी मोशन पिक्चर्स और द वायरल फीवर (टीवीएफ) की ओर से बनाई जा रही है।



# गुडाचारी 2 को लेकर अदिवि शेष का खुलासा

अदिवि शेष और इमरान हाशमी फिल्म गुडाचारी 2 में साथ नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग जारी है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अदिवि ने इमरान के साथ काम करने को लेकर अपनी राय पेश की है।

### इमरान को लेकर अदिवि की राय



खबर के मुताबिक, हाल ही में अदिवि शेष ने गुडाचारी 2 में बॉलीवुड स्टार इमरान हाशमी के साथ काम करने को लेकर अपने दिल की बात शेयर की है। एक इंटरव्यू में अदिवि शेष ने कहा कि वह इमरान हाशमी के साथ काम करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मैं हमेशा उनका फैन रहा हूं। मैं थिएटर में उनकी शानदार मौजूदगी और जोश देखकर मंत्रमुग्ध हो जाता था। अब उनके साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए खास पल है।

### फिल्म के सेट पर घायल हुए थे इमरान

हैदराबाद में फिल्म गुडाचारी 2 के एक एक्शन सीन की शूटिंग करते वक्त इमरान हाशमी घायल हो गए थे। उनकी गर्दन में चोट लग गई थी। दरअसल, इमरान जंप सीक्वेंस के दौरान घायल हुए थे, जिससे उनकी गर्दन पर गहरा कट लग गया था। उनकी यह तस्वीर सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुई थी। इमरान की इस वायरल तस्वीर पर उनके प्रशंसकों में भी चिंता जताई थी।

गुडाचारी 2 एक जासूसी थ्रिलर फिल्म है। गुडाचारी 2 में अदिवि शेष और इमरान हाशमी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अगस्त में अदिवी सेश ने इमरान हाशमी के गुडाचारी 2 में शामिल होने की घोषणा की थी। यह फिल्म अदिवि सेश के साथ इमरान हाशमी की दूसरी तेलुगु फिल्म है। गुडाचारी 2 इमरान हाशमी की तेलुगु सिनेमा में आने वाली एकमात्र फिल्म नहीं है। वह पावर स्टार पवन कल्याण की आगामी फिल्म हन्न में भी नजर आने वाले हैं।

# 'सन ऑफ सरदार 2' में रोहित शेट्टी का कैमियो से है 'गोलमाल 5' का कनेक्शन?

फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में अजय देवगन की कॉमेडी दर्शकों को कितनी पसंद आएगी, यह तो बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट ही बताएगी। लेकिन इस फिल्म में डायरेक्टर रोहित शेट्टी का कैमियो देखकर दर्शक जरूर हैरान हैं। 'सरदार ऑफ सरदार 2' के कैमियो के जरिए रोहित शेट्टी अपनी फिल्म 'गोलमाल 5' को लेकर बड़ा अपडेट भी देते हैं। फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में एक सीन है, जिसमें रोहित शेट्टी की एंट्री होती है। वह इस सीन में बस आकर इतना कहते हैं, 'गोलमाल 5 की तैयारी कर रहा हूं।' इसी बात से हिंट मिलता है कि वह अजय देवगन के साथ जल्द ही 'गोलमाल 5' बनाने वाले हैं। रोहित शेट्टी डायरेक्टेड कॉमेडी फिल्म 'गोलमाल' सीरीज में अजय देवगन हमेशा नजर आए हैं। इस सीरीज की फिल्मों को दर्शकों ने भी खूब सराहा है। अजय देवगन और रोहित शेट्टी ने 'गोलमाल' सीरीज की फिल्मों के अलावा कई फिल्में की हैं। जिसमें 'जमीन', संडे, ऑल द बेस्ट, सिंघम, बोल बच्चन, सिंबा, सूर्यवंशी, सिंघम अगेन शामिल हैं। दोनों ने 12 फिल्में साथ की हैं। अब इनकी अगली फिल्म साथ में 'गोलमाल 5' होगी।



# शूटिंग के लिए हैदराबाद पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा

ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस बेटी मालती मैरी के साथ मोतियों के शहर हैदराबाद पहुंचीं। प्रियंका ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर फैंस को झलक दिखाई। प्रियंका ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर दो तस्वीरें साझा कीं। पहली तस्वीर में मालती के छोटे-छोटे पैर और हाथ नजर आ रहे हैं, जिसके साथ उन्होंने लिखा, मामा और मालती। दूसरी तस्वीर में मालती कार की खिड़की से बाहर देख रही हैं, जिस पर लिखा है, हैदराबाद, हम पहुंच गए। प्रियंका ने यह नहीं बताया कि वह हैदराबाद क्यों आई हैं। हालांकि, माना जा रहा है कि वह फिल्म निर्माता एसएस राजामौली की फिल्म एसएसएमबी29 की शूटिंग के लिए यहां हैं। इस बड़े बजट की फिल्म की शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा ओडिशा में पहले ही पूरा हो चुका है। इस एक्शन-एडवेंचर फिल्म में इतिहास और पौराणिक कथाओं का मिश्रण होगा, जिसमें प्रियंका के अलावा महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज को लेकर निर्माताओं ने कोई जानकारी नहीं दी है। हालांकि, उम्मीद है कि फिल्म साल 2027 में रिलीज होगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रियंका हाल ही में एक्शन-कॉमेडी फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट में नजर आई थीं, जिसका निर्देशन इल्या नाइशुलर ने किया। इस फिल्म में उनके साथ इदरिस एल्बा, जॉन सीना, पैडी कॉन्सिडाइन, स्टीफन रूट, कार्ला गुगिनो, जैक क्वैड और सारा नाइल्स जैसे एक्टर्स हैं। प्रियंका ने इस फिल्म में एजेंट नोएल बिसेट की भूमिका निभाई, जो एक हाई-प्रोफाइल मिशन के दौरान जॉन सीना और इदरिस एल्बा के किरदारों के साथ मिलकर काम करती हैं। प्रियंका की अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो वह जल्द ही कृष 4 में दिखाई देंगी।





# 27 साल से इंडस्ट्री में एक्टिव, कभी नहीं मिला लीड रोल; फिर भी दर्शकों के दिलों पर करते हैं राज

**आपको 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' के मशहूर गुलाटी और रिंकू देवी और 'द कपिल शर्मा शो' के इंजीनियर साहब तो याद ही होंगे। इन सभी किरदारों को मशहूर बनाने वाले हैं कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर। सुनील ग्रोवर को इंडस्ट्री में लगभग 27 साल हो चुके हैं। इस दौरान उन्होंने टेलीविजन से लेकर फिल्मों तक में अलग-अलग तरह के कई किरदार निभाए हैं। इन सभी किरदारों को सुनील ग्रोवर ने अपने अभिनय से यादगार बनाया है। हालांकि, ये सुनील ग्रोवर की बदकिस्मती ही रही कि साल 1998 से फिल्मों में नजर आने के बावजूद सुनील ग्रोवर को बॉलीवुड में वो पहचान नहीं मिली जिसके वो हकदार थे।**

इंडस्ट्री के तीनों खानों- शाहरुख, आमिर और सलमान के साथ फिल्में करने के बावजूद सुनील ग्रोवर को पहचान कपिल शर्मा के कॉमेडी शो से ही मिली। आज सुनील ग्रोवर अपना 48वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर जानते हैं सुनील ग्रोवर की फिल्मोग्राफी के बारे में और किन-किन बड़ी फिल्मों में सुनील ग्रोवर ने निभाए अहम किरदार।

### 1998 से फिल्मों में नजर आ रहे सुनील ग्रोवर

3 अगस्त 1977 को हरियाणा के सिरसा में जन्में सुनील ग्रोवर एक्टिंग की दुनिया में साल 1995 से एक्टिव हैं और फिल्मों में वो 1998 से नजर आ रहे हैं। इस दौरान वो कई बड़ी फिल्मों में भी नजर आए हैं। जिनमें 'प्यार तो होना ही था', 'द लीजेंड ऑफ भगत सिंह', 'मैं हूं ना', 'गजनी', 'भारत' और 'जवान' जैसी फिल्में शामिल हैं। सुनील ग्रोवर को दिवंगत एक्टर-कॉमेडियन जसपाल भट्टी की खोज बताया जाता है।

### तीनों खानों की फिल्मों में निभाए किरदार

सुनील ग्रोवर के फिल्मों में प्रमुख किरदारों की बात करें तो इनमें साल 2002 में अजय देवगन की 'द लीजेंड ऑफ भगत सिंह' का जयदेव कपूर से लेकर 2008 में आई आमिर खान की 'गजनी' का संपत, 'जिला गाजियाबाद' का फकीरा, अक्षय कुमार की 'गब्बर इज बैक' का हवलदार साधुराम, टाइगर श्रॉफ की 'बागी' का पीपी खुर्राना, विशाल भारद्वाज की 'पटाखा' का डिपर, सलमान खान की 'भारत' का विलायती खान, अमिताभ बच्चन की 'गुडबाय' के पंडित जी और शाहरुख खान की नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्म 'जवान' का ईरानी जैसे यादगार किरदार शामिल हैं।

### ओटीटी पर मिलीं दमदार भूमिकाएं

हालांकि, लंबे संघर्ष के बाद सुनील ग्रोवर को ओटीटी में जरूर लीड रोल भी मिले और ऐसे किरदार भी मिले, जो कहानी में अहम भूमिका निभाते हैं। फिर वो चाहें जी5 की उनकी सीरीज 'सनफ्लावर' हो या फिर प्राइम वीडियो पर आई सैफ अली खान, जीशान अय्यूब, तिग्मांशु धूलिया और डिंपल कपाड़िया की वेब सीरीज 'तांडव'। इनमें सुनील ग्रोवर प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए।

### निभाए यादगार किरदार, लेकिन....

इतनी बड़ी फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद सुनील ग्रोवर को बॉलीवुड में कभी वो पहचान नहीं मिली जिसके वो हकदार थे। यही कारण है कि इंडस्ट्री में 27 साल से संघर्ष करने के बावजूद सुनील ग्रोवर आजतक किसी फिल्म में लीड रोल में नजर नहीं आए हैं। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में सुनील ग्रोवर के किरदारों में गंभीरता जरूर देखने को मिली है और उनके अभिनय के दम पर उनके उन किरदारों को नोटिस भी किया गया है। फिर वो चाहें 'गब्बर इज बैक' का कांस्टेबल साधुराम का किरदार हो या फिर 'गुडबाय' के पंडित जी का किरदार या 'जवान' फिल्म में उनके द्वारा निभाया गया ईरानी का किरदार। सुनील ग्रोवर के इन किरदारों को काफी पसंद किया गया।

### कपिल शर्मा के शो से मिली पहचान

हालांकि, सुनील ग्रोवर को पहचान टीवी की दुनिया से ही मिली। उनमें भी खासकर कपिल शर्मा के साथ उनके शो 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल', 'द कपिल शर्मा शो' और अब 'ग्रेट इंडियन कपिल शो'। कपिल शो में पहले गुत्थी के किरदार से फेमस हुए सुनील ग्रोवर ने बाद में इन्हीं शोज में कभी रिंकू देवी, मशहूर गुलाटी, इंजीनियर साहब जैसे कई अलग-अलग तरह के किरदार निभाए, जिन्हें सुनील ग्रोवर की जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग और एक्टिंग की वजह से काफी पसंद किया गया।

## बिहार के बच्चों के भविष्य के लिए दीजिए वोट : प्रशांत किशोर

पटना (एजेंसी)। बिहार के जमालपुर में जन सुराज पार्टी के मुखिया प्रशांत किशोर ने रामपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित बदलाव सभा को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अगला वोट जाति, धर्म या चेहरों को देखकर नहीं, बल्कि अपने बच्चों की पढ़ाई और रोजगार के भविष्य को ध्यान में रखकर दें। प्रशांत किशोर ने आरजेडी प्रमुख लालू यादव पर तंज कसते हुए कहा कि उनके बेटे 9वीं पास नहीं हैं, लेकिन वे चाहते हैं कि उनका बेटा बिहार का मुख्यमंत्री बने। दूसरी ओर, आम लोगों के बच्चे एमए और बीए करने के बावजूद बेरोजगार हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या जनता को अपने बच्चों की चिंता नहीं है? उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि लोगों ने मोदी को पाकिस्तान पर बम गिराने की उम्मीद में वोट दिया, लेकिन बिहार के बच्चों का सीना भूख से 15 इंच का रह गया है। उन्होंने कहा कि मोदी, लालू और नीतीश जैसे चेहरों को देखकर वोट दिया गया, लेकिन अब वक्त है कि जनता अपने बच्चों के भविष्य के लिए फैसला करे। प्रशांत किशोर ने भरोसा जताया कि आने वाले चुनाव में जनता शिक्षा और रोजगार को प्राथमिकता देगी और जाति-धर्म की राजनीति को पीछे छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि बिहार को आगे बढ़ाने का रास्ता सिर्फ जनहित के मुद्दों से होकर गुजरता है।

## बीजापुर में मुठभेड़ में एक माओवादी ढेर– 9 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

रायपुर (एजेंसी)। नक्सली मुक्त अभियान के तहत बीजापुर में बड़ी कामयाबी मिली है। यहां 24 लाख रुपए के इनामी सहित 9 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इसके अलावा, मुठभेड़ में एक माओवादी के मारे जाने की खबर है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा की है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, हमारा छत्तीसगढ़ नक्सल उन्मूलन की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह संभव हो रहा है सुरक्षाबलों के अदम्य साहस और भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक केंद्रीय गृह मंत्री के पद पर सेवा देने वाले अमित शाह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन से। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2023 से अब तक राज्य में करीब 450 माओवादी मारे जा चुके हैं, 1,579 को गिरफ्तार किया गया है, और 1,589 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। मुख्यमंत्री साय ने इस सफलता का श्रेय सुरक्षाबलों के साहस, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व और स्थिर नीति को दिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ सरकार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मंशा के अनुरूप, 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का मानना है कि इससे आने वाले समय में छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त राज्य बन सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमित शाह के कार्यकाल को देश की आंतरिक सुरक्षा का एक नया युग कहा जा सकता है, जिसमें अनुच्छेद 370 की समाप्ति हो या नक्सलवाद और आतंकवाद पर सख्त कार्रवाई, सभी फैसले देश को सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज बस्तर की तस्वीर बदल रही है। जहां पहले बंदूकें बोला करती थीं, अब वहां विकास की आवाज सुनाई दे रही है। आत्मसमर्पण कर रहे नक्सली अब मुख्यधारा में लौटकर जीवन सुधारने की ओर अग्रसर हैं।

## पुलिस अफसर को थप्पड़ मारने के मामले में पूर्व विधायक हर्षवर्धन को एक साल की जेल

नागपुर (एजेंसी)। नागपुर की एक कोर्ट ने 2014 में एक पुलिस अधिकारी को थप्पड़ मारने के मामले में पूर्व विधायक हर्षवर्धन रायभान जाधव को एक साल जेल की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश आर जे राय ने भाजपा के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे के दामाद जाधव ने नागपुर के एक पुलिस निरीक्षक को थप्पड़ मारने के मामले में बुधवार को यह सजा सुनाई। जाधव महाराष्ट्र विधानसभा में कन्नड़ निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह शिवसेना, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना और शिव स्वराज्य पक्ष के सदस्य भी रहे हैं। सोनेगांव पुलिस थाने के अधिकारियों ने पहले बताया था कि हर्षवर्द्धन जाधव ने दिसंबर 2014 में एक होटल में तत्कालीन शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा बुलाई गई बैठक में निरीक्षक पराग जाधव को कथित तौर पर थप्पड़ मारा था। उन्हें पहले भी अस्थायी जमानत दी गई थी लेकिन वह सुनवाई में नहीं पहुंचे जिसके बाद कोर्ट ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

## भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ मामले में 11 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय

हाथरस (एजेंसी)। हाथरस जिले में जुलाई 2024 में भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मचने के मामले में सभी 11 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया और उनके खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय किए गए। मीडिया रिपोर्ट में एक वकील के हवाले से जानकारी दी। इसके साथ ही कोर्ट में मामला सबूत पेश करने के चरण में पहुंच गया है और मुकदमे की सुनवाई शुरू होना है। बचाव पक्ष के वकील ने बताया कि अगली सुनवाई 18 अगस्त को तय की गई है।

जिला कोर्ट में पहले पेश किए गए एसआईटी के आरोप-पत्र के आधार पर आरोप तय किए गए हैं। स्वयंभू संत सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग के दौरान 2 जुलाई 2024 को सिकंदराराऊ इलाके में भगदड़ मचने से 121 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस घटना के लिए भोले बाबा के करीबी सहयोगी और सेवादार देवप्रकाश मधुकर समेत 11 लोगों को आरोपी बनाया था। इस मामले में भोले बाबा का नाम आरोपियों में शामिल नहीं है। आरोपियों के वकील ने पुष्टि की कि बुधवार को औपचारिक रूप से आरोप पत्र पढ़ा गया। उन्होंने कहा कि मामला अब सबूत पेश किए जाने के चरण में है। अभियोजन पक्ष अपने गवाह पेश करेगा और जिरह होगी। सभी 11 आरोपी कोर्ट में मौजूद थे और सभी जमानत पर बाहर हैं। वकील ने बताया कि कोर्ट ने बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत आरोप तय किए हैं। उन्होंने बचाव पक्ष के इस दावे को भी दोहराया कि यह एक आकस्मिक मामला था। वकील ने आरोप लगाया कि पुलिस ने अपनी लापरवाही छिपाने के लिए मनगढ़ंत मामला दर्ज किया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लगा दी फटकार, आप सालों विचाराधीन कैदी बनाकर जेल में रखते

### विरोधी दलों का आरोप, ईडी बदले की भावना से कार्य कर रही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष लगातार कहता रहा हैं कि ईडी बदले की भावना से कार्य कर रही है। अब विरोधी दलों की इसी मंशा के अनुरुप सुप्रीम कोर्ट ने भी सुनवाई के दौरान ईडी से तीखा सवाल किया है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कार्यशैली और दोषी ठहराने को लेकर सवाल खड़ा किया है। सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के दौरान कहा, आप उन आरोपियों को भी सालों तक जेल में रखने में सफल रहे हैं, जिन्हें अदालतों ने दोषी नहीं ठहराया। यह तीखा सवाल चीफ जस्टिस बीआर गवई की विशेष पीठ ने उठाया है।

यह सुनवाई उस फैसले से जुड़ी थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने 2 मई को भूषण पावर एंड स्टील को बंद करने का आदेश दिया था और जेएसडब्ल्यू स्टील की खरीदने की योजना को खारिज किया था। इस फैसले पर




पुनर्विचार की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ईडी की भूमिका पर गंभीर सवाल उठे।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत को बताया कि ईडी ने अब तक 23,000 करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग को पकड़कर पीड़ितों में वितरित किया है। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में इतना ज्यादा कैश मिला कि ईडी की गिनती करने वाली मशीनें खराब हो गईं। लेकिन इन तथ्यों के बीच सीजेआई गवई ने सीधे सवाल दागा आपके मामलों में दोषसिद्धि दर क्या है?÷ इसपर एसजी ने कहा कि आईपीसी के तहत भी दोषसिद्धि की स्थिति निराशाजनक है, कई बार लोग आश्चर्यचकित होते हैं कि कुछ आरोपी कैसे बरी हो जाते हैं।

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ÷अगर ईडी की जांच में आरोपी दोषी नहीं ठहराए जाते, तब भी वे सालों तक विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में रहते हैं।

इस पर ईडी ने शिकायत की कि उसके खिलाफ यूट्यूब चैनलों और मीडिया इंटरव्यू के जरिए एक नकारात्मक 'नैरेटिव' गढ़ा जा रहा है। इस पर सीजेआई ने कहा, ÷जज किसी तथाकथित नैरेटिव निर्माण के प्रभाव में आकर मामलों का फैसला नहीं करते।

## कैश कांड : सुप्रीम कोर्ट ने नहीं सुनी जस्टिस वर्मा की कोई दलील, याचिका की खारिज

**-वर्मा ने महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश को दी थी चुनौती**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कैश कांड को लेकर जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका खारिज कर दी। कैश कांड में जस्टिस वर्मा सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। जस्टिस वर्मा ने कैश कांड में जांच प्रक्रिया को रोकने के लिए याचिका दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा की कोई दलील नहीं सुनी और उनकी अर्जी खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने आंतरिक तीन न्यायाधीशों की जांच समिति की रिपोर्ट और पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश को चुनौती दी थी। बता दें जस्टिस यशवंत वर्मा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 31 जुलाई को कहा था कि आपका आचरण बहुत कुछ कहता है।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आचरण आत्मविश्वास को प्रेरित नहीं करता। उन पर आरोप है कि उनके घर पर कैश मिला था। इस मामले में एक कमेटी ने जांच की थी और अपनी रिपोर्ट पेश की थी। जस्टिस वर्मा इस रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 31 जुलाई को इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच मामले में सुनवाई कर रही थी। पीठ ने जस्टिस वर्मा के वकील से पूछा कि अगर उन्हें लगता था कि कमेटी के पास जांच करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है तो वह कमेटी के सामने क्यों पेश हुए।

## अमेरिका ने दी चीन को छूट और भारत पर लगाया टैरिफ, यह दोस्ती नहीं

**–कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ट्रंप के दोहरे रवैया पर दी कड़ी प्रतिक्रिया**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका के भारत पर 25फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने के फैसले पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे दोहरा मापदंड करार देते हुए कहा कि इससे भारतीय उत्पाद अमेरिका में असहनीय रूप से महंगे हो जाएंगे और भारत-अमेरिका रिश्तों पर इसका असर पड़ेगा। थरूर ने सवाल उठाया कि चीन भारत से ज्यादा रूसी तेल आयात कर रहा है, फिर भी अमेरिका ने चीन को 90 दिन की छूट दी है, जबकि भारत पर तत्काल प्रभाव से टैरिफ लगा दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक इंटरव्यू में थरूर ने कहा कि यूरेनियम, पैलेडियम जैसे कई उत्पाद अमेरिका रूस से आयात करता है। फिर भी भारत को टारगेट किया गया। यह किसी दोस्त देश की दोस्ती नहीं लगती। थरूर ने चेताया कि इससे भारत-अमेरिका व्यापारिक संबंधों में खटास पैदा हो सकती है और भारत में अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी टैरिफ लगाने की मांग उठ सकती है। उन्होंने कहा कि अब भारत में भी दबाव होगा कि अमेरिका के निर्यात पर समान टैरिफ लगाए जाएं। हमें अब अन्य व्यापारिक साझेदारों की ओर देखना होगा।

थरूर ने कहा कि अमेरिकी बाजार में अब भारतीय वस्तुएं 50फीसदी टैरिफ के कारण महंगी बिकेंगी, जिससे पाकिस्तान (19फीसदी), बांग्लादेश (20फीसदी), वियतनाम (20फीसदी) जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा में भारत पिछड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग सबसे सस्ती चीज की ओर रुख करेंगे और यह टैरिफ हमारी कीमतों को ऊपर ले जाएगा। वहीं, गुरूवार को पीएम मोदी ने कहा कि भारत अपने किसानों, मछुआरों और डेयरी क्षेत्र से जुड़े लोगों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा और इसके लिए वह कोई भी कीमत चुकाने को तैयार है।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि मुझे व्यक्तिगत रूप से इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी और मैं इसके लिए तैयार हूं। उनका यह बयान ट्रंप के टैरिफ वार के बीच आया है।

# चुनाव आयोग के 4 अधिकारियों को हटाने के आदेश को नहीं मानेगी ममता... अब आगे क्या होगा इस विवाद में

**कोलकत्ता (एजेंसी)।** भारतीय चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच 4 अधिकारियों को हटाने के मुद्दे पर विवाद पैदा हो गया है। दरअसल चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के 4 अधिकारियों को मतदाता सूची में कथित तौर पर अनियमितताएं बरतने के आरोप में हटाने का आदेश दिया है। इन अधिकारियों पर फर्जी नाम जोड़ने, डेटा सुरक्षा का उल्लंघन करने और अनधिकृत व्यक्तियों के साथ लॉगिन क्रेडेंशियल्स साझा करने का आरोप है। आयोग ने इन अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और विभागीय कार्रवाई शुरू करने का निर्देश भी दिया है।

इस पर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग के आदेश का पालन करने से साफ इंकार कर दिया है। ममता दीदी का तर्क है कि चुनाव में अभी काफी समय है और इसतरह समय में इस तरह की कार्रवाई करने का कोई कानूनी आधार नहीं है। उन्होंने चुनाव आयोग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर काम करने का आरोप लगाकर भाजपा का बांडेड लेबर तक कह डाला। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को लागू करने की एक छिपी हुई साजिश है। ममता ने कहा है कि वह राज्य के अधिकारियों की रक्षा करेंगी और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होने देंगी।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत, चुनाव आयोग को चुनावों के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्ति प्राप्त है। इस शक्ति के तहत, आयोग को चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का अधिकार है। इसमें मतदाता सूचियों को सही और अद्यतन रखना भी शामिल है। चुनाव आयोग के पास यह अधिकार है कि वह चुनाव ड्यूटी पर तैनात किसी भी अधिकारी को हटाने या स्थानांतरित करने का आदेश दे सकता है यदि आयोग को लगता है कि वह अधिकारी अपनी ड्यूटी सही ढंग से नहीं निभा रहा है या किसी भी तरह से पक्षपात कर रहा है। यह शक्ति चुनाव आयोग को चुनाव की घोषणा के बाद ही नहीं, बल्कि चुनाव प्रक्रिया की तैयारी के दौरान भी होती है। मतदाता सूचियों की तैयारी भी इसी प्रक्रिया का




हिस्सा है। चुनाव आयोग के पास अपने नियमों और विनियमों के अनुसार काम करने की शक्ति होती है, जो निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जरुरी हैं। जब किसी अधिकारी पर मतदाता सूची में गड़बड़ी करने जैसे गंभीर आरोप लगते हैं, तो चुनाव आयोग को कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है।

## ममता बनर्जी की सरकार में कानून–व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है : नड्डा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर ''राज्य पुलिस की मौजूदगी में'' हुए हमले के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की बृहस्पतिवार को आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि यह घटना राज्य में उनकी सरकार में कानून–व्यवस्था के पूरी तरह से ध्वस्त होने को दर्शाती है। नड्डा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''अराजकता और राजनीतिक हिंसा की इस संस्कृति को बढ़ावा देने'' के लिए ममता बनर्जी को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर निकाली गई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रैली पर कुछ लोगों ने बुधवार को कथित रूप से पथराव किया और काले झंडे दिखाए। भाजपा ने इस घटना के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया है। नड्डा ने कहा, ''मैं पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर कूचबिहार में तृणमूल के गुंडों द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि यह हमला राज्य पुलिस की मौजूदगी में हुआ जो ममता बनर्जी की सरकार में कानून–व्यवस्था के पूरी तरह से ध्वस्त होने की बात को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।'' उन्होंने कहा कि यह केवल एक निर्वाचित प्रतिनिधि पर हमला नहीं बल्कि लोकतंत्र पर भी हमला है। नड्डा ने कहा कि उन्होंने अधिकारी से बात की और स्थिति का जायजा लिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ''अगर पश्चिम बंगाल में विपक्ष का नेता सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों की दुर्दशा की केवल कल्पना ही की जा सकती है।

# जम्मू-कश्मीर की 4 राज्यसभा सीटें हैं खाली, असमंजस में चुनाव आयोग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर की चार राज्यसभा सीटें फरवरी 2021 से खाली हैं। इसने एक संवैधानिक सवाल को जन्म दिया है जिसके लिए राष्ट्रपति का परामर्श मांगा जा सकता है। इसका कारण यह है कि वहां हाल के वर्षों में लगातार आपातकाल लगने के कारण उच्च सदन में प्रतिनिधित्व प्रभावित हुआ है। सभी चार राज्यसभा सांसद अपने छह वर्ष के कार्यकाल पूरा करने के बाद एक साथ रिटायर हो गए। अनुच्छेद 83 में निर्धारित रोटेशन के अनुसार हर दो वर्ष में ऐसा होना था।

पंजाब और दिल्ली की सीटों का मामला भी यही है, जहां सभी राज्यसभा सदस्य हर दो वर्ष में सेवानिवृत्त होने के बजाय एक साथ रिटायर हो रहे हैं। चुनाव आयोग भी इस मुद्दे पर दुविधा में है। रिपोर्ट के मुताबिक, जल्द ही राष्ट्रपति से इस मामले पर परामर्श मांगा जा सकता है। आपको बता दें कि अनुच्छेद 143 के तहत चुनाव आयोग के पास राष्ट्रपति से परामर्श मांगने की शक्ति है।



जम्मू-कश्मीर में यह हालात 1990 में लगाए गए आपातकाल के कारण उत्पन्न हुआ। जो कि छह वर्षों तक चला। वहां के सभी राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल एक साथ पूरा हुआ। जम्मू-कश्मीर का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी चार राज्यसभा सदस्यों ने फरवरी 2021 में अपना कार्यकाल पूरा किया। उनमें गुलाम नबी आजाद और नजीर अहमद लावे ने 15 फरवरी को अपना कार्यकाल पूरा किया, जबकि मीर मुहम्मद फैयाज और शमशेर सिंह मानहास का कार्यकाल 10 फरवरी को समाप्त हुआ। इसके कारणसे रोटेशन का सिद्धांत प्रभावित हुआ। यदि चुनाव आयोग चार रिक्त सीटों के लिए राज्यसभा चुनाव की घोषणा करता है तो उनका कार्यकाल फिर से एक साथ खत्म होगा, जो कि अनुच्छेद 83 के तहत ठीक नहीं है।

इसी तरह, 1987 तक लगातार आपातकाल लगने के कारण पंजाब की सभी सात राज्यसभा सीटें 2016 में एक साथ खाली हुईं, जिससे राज्यसभा सदस्यों के हर दो वर्ष में रिटायर होने का सूत्र बाधित हुआ। अप्रैल-जुलाई 2022 में निर्वाचित इसके सभी छह वर्तमान राज्यसभा सांसद अप्रैल-जुलाई 2028 में रिटायर होंगे। दिल्ली को भी इसी हालात का सामना करना पड़ रहा है, जहां सभी तीन राज्यसभा सीटें एक साथ भरी गई हैं। दिल्ली के सभी तीन राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल, संजय सिंह और नारायण दास गुप्ता का 28 जनवरी 2024 को चुनाव हुआ था, 27 जनवरी 2030 को रिटायर होंगे।

# अभी भी खींचे जा रहे हाथ से रिक्शे तत्काल इनकी जगह ई-रिक्शे चलाएं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को माथेरान में छह महीने के भीतर इस हाथ से खींचे जाने वाले रिक्शे बंद करने और इसकी जगह ई-रिक्शा चलाए जाने का निर्देश दिया। राज्य सरकार को निर्देश दिया गया कि वह माथेरान में स्थानीय लोगों को ई-रिक्शा किराए पर देने की संभावना तलाशे, जैसा कि गुजरात के अधिकारियों ने केवडिया में किया था।



प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा, भारत जैसे विकासशील देश में ऐसी प्रथा की अनुमति देना, जो मानव की गरिमा की मूल अवधारणा के खिलाफ है, सामाजिक और आर्थिक न्याय के संवैधानिक वादों को कमतर करता है। इसके साथ ही पीठ ने माथेरान में हाथ से खींचे जाने वाले रिक्शा पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश दिया।माथेरान एक पर्वतीय पर्यटन स्थल है जहां काफी संख्या में पर्यटक जाते हैं। गुजरात के केवडिया में सरदार पटेल की सबसे ऊंची प्रतिमा नर्मदा नदी के साधु बेट द्वीप पर स्थित है और अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को ई-रिक्शा किराये पर दिए हैं। पीठ ने आजादी के 78 साल और संविधान लागू होने के 75 साल बाद भी हाथ से खींचे जाने वाले रिक्शा के इस्तेमाल की प्रथा की निंदा की और इसे अमानवीय करार दिया।

शीर्ष अदालत ने 'आजाद रिक्शा चालक संघ बनाम पंजाब राज्य' मामले में 45 साल पुराने फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि साइकिल-रिक्शा संविधान की प्रस्तावना में सामाजिक न्याय के संकल्प के अनुरूप नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ने दुख जताते हुए कहा, 'यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजाद रिक्शा चालक संघ मामले में इस अदालत द्वारा की गई टिप्पणी के 45 साल बाद भी माथेरान में एक इंसान द्वारा दूसरे इंसान को खींचने की प्रथा अब भी जारी है।

हाथ से खींचे जाने वाले रिक्शा को छह महीने के भीतर चरणबद्ध तरीके से हटाने का निर्देश देते हुए प्रधान न्यायाधीश ने दस्तूरी नाके से शिवाजी प्रतिमा तक कंक्रीट के ब्लॉक बिछाने का आदेश दिया।

# राष्ट्रपति भवन में रक्षाबंधन की शुरुआत डॉ राजेंद्र प्रसाद के कार्यकाल से हुई शुरु



**–तब से आज तक जारी है सिलसिला, सभी राष्ट्रपतियों ने अपने तरीके से मनाया पर्व**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** राष्ट्रपति भवन में रक्षाबंधन मनाने की शुरुआत भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के दौर में शुरू हुई थी। उनके कार्यकाल (1950-1962) में रक्षाबंधन को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक रूप से आयोजित किया गया था। राष्ट्रपति भवन के काम करने वालों की बेटियां उन्हें राखी बांधती थीं। बदले में डॉ राजेंद्र प्रसाद उन सबको उपहार देते थे। डॉ. राजेंद्र प्रसाद राखी बंधवाने के बाद चले जाते पर उनकी पत्नी राजवंशी देवी बेटियों और उनके अभिभावकों के साथ बातचीत करती थीं। उन्हें सब मां जी कहते थे।

उस वक्त राष्ट्रपति भवन में रहे लोग बताते हैं कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद के परिवार की बेटियां कनॉट प्लेस के पास राजा बाजार के रघुमल कन्या विद्यालय में पढ़ती थीं। रक्षाबंधन पर उन बेटियों की कई सहेलियां भी राष्ट्रपति भवन आकर राष्ट्रपति को राखी बांधती थीं। राखी का आयोजन सादगीपूर्ण होता था, जिसमें गोल मार्केट या बंगाली मार्केट की पारंपरिक मिठाइयों का आदान-प्रदान होता था। डॉ. राजेंद्र प्रसाद के बाद जो भी राष्ट्रपति बने उन्होंने भी इस परंपरा को अपने-अपने तरीके से जारी रखा।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में बेटियों के साथ रक्षाबंधन मनाते थे। राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा रक्षाबंधन पर अपने निजी स्टाफ के साथ कुछ वक्त जरूर बिताते थे। उसके बाद वे राष्ट्रपति भवन के अंदर चलने वाले स्कूली बच्चों के साथ रक्षाबंधन मनाते थे। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम 2002 से 2007 तक राष्ट्रपति पद पर रहे। वह राष्ट्रपति भवन के स्टाफ की कन्याओं से राखी बंधवाते थे। राखी बंधवाने और उपहार देने के बाद वह उनसे उनके स्कूल और कॉलेज में कोर्स के बारे में भी सवाल पूछते थे।

राष्ट्रपति भवन में रक्षाबंधन का आयोजन अब एक स्थायी उत्सव बन गया है। इसका यहां रहने वाली बेटियों को इंतजार रहता है। इसमें स्कूली बच्चियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न समुदायों की महिलाओं को भी आमंत्रित किया जाता है। 2020 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में नर्सिंग समुदाय के सदस्यों के साथ रक्षाबंधन मनाया था। नर्सों ने राष्ट्रपति को राखी बांधी और उसके बाद कोविड-19 महामारी से निपटने के अपने अनुभव साझा किए थे।

स्वामी, प्रकाशक, अनीता शर्मा द्वारा मुद्रक, रजनी कुमारी- मैसर्स साई प्रिंटिंग प्रेस D-85 सेक्टर-6 नोएडा, गौतमबुद्धनगर से मुद्रित एवं जी-271 एचआईजी, प्रताप विहार, सेक्टर-11, गाजियाबाद (उ०प्र०) से प्रकाशित। संपादक -अतुल शर्मा *
ईमेल-rashtriyashikhar@gmail.com (समस्त विवादों का क्षेत्र गाजियाबाद न्यायालय रहेगा) (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों हेतु उत्तरदायी)
समाचार संपादक-आरव शर्मा (एडवोकेट) 9310230557, 9625163807
( PRGI No. - UPHIN/25/A0086 )